ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी 09:56 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 3 जून 2025
वर्ष 6, अंक 65, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



2026 तक मिलेंगे बाकी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम 14

कार्लसन को हराकर गुकेश ने चुकता किया बदला 13

## लॉ एंड ऑर्डर से कोई समझौता नहीं: डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 60244 सिपाहियों के प्रशिक्षण में एआई को शामिल करेंगे

**अमृत विचार :** प्रदेश के नवनियुक्त डीजीपी राजीव कृष्ण ने सोमवार को अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि पब्लिक की आवाज़ सुनी जाएगी लेकिन लॉ एंड ऑर्डर से समझौता नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस फोर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में दक्ष बनाया जाएगा। शीघ्र शुरू होने वाले 60244 सिपाहियों के प्रशिक्षण में एआई को शामिल किया जाएगा, ताकि वे नए जमाने की आपराधिक चुनौतियों से निपट सकें। पुलिस में 20 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि राज्य में हर नागरिक को सुरक्षा का अहसास कराया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री से मिली बड़ी जिम्मेदारी का हवाला देते हुए डीजीपी ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस के तहत कार्रवाई की जाएगी। संगठित अपराध को पूरी तरह से खत्म किया जाएगा।

# जेईई एडवांस्ड में रजित और देवदत्ता नेशनल टॉपर

## परीक्षा परिणाम जारी, अलग-अलग वर्ग में दस टॉपर, रजित को 332 और देवदत्ता को 312 अंक मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** जेईई एडवांस्ड का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया। परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 रजित गुप्ता ने हासिल की है। बालिका वर्ग में ऑल इंडिया टॉपर देवदत्ता माझी हैं। रजित गुप्ता ने 360 में से 332 अंक और देवदत्ता माझी ने 360 में से 312 अंक पाए हैं। परीक्षा परिणाम में अलग-अलग वर्ग में 10 टॉपर घोषित किए गए हैं।

आईआईटी कानपुर की ओर से आयोजित जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 1,80,422 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 54,378 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। जिनमें 9,404 बालिकाएं शामिल हैं। परीक्षा परिणामों में सीआरएल (कॉमन रैंक लिस्ट) 10 मेधावी घोषित किए गए हैं। इनमें रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, माजिद मुजाहिद हुसैन, पार्थ मंदर वर्तक, उज्जवल केसरी, अक्षत कुमार चौरसिया, साहिल मुकेश देओ, देवेश पंकज, अर्णव सिंह व वाडलामुदी लोकेश शामिल हैं। जेईई एडवांस्ड परीक्षा कुल 360 अंकों की हुई जिसमें पेपर-1 एवं पेपर-2 दोनों ही 180-180 अंकों के थे। जेईई एडवांस में विदेशी छात्रों ने भी परीक्षा दी थी। 129 विदेशी परीक्षार्थियों ने भी पंजीकरण कराया था। इनमें दोनों पेपर में 116 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में 13 विदेशी परीक्षार्थी क्वालीफाई हुए हैं।



रजित गुप्ता



देवदत्ता माझी

### काउंसलिंग 28 जुलाई तक

परीक्षा परिणाम आने के बाद अब युवा काउंसिलिंग में शामिल होंगे। जिसके बाद वे अपनी पसंद के इंस्टीट्यूट्स में दाखिला लेंगे। जोसा काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन 3 जून से शुरू होंगे। काउंसलिंग 28 जुलाई तक चलेगी। काउंसलिंग 6 राउंड में होगी। जेईई एडवांस्ड के कट-ऑफ अंक और मिनिमम क्वालिफाइंग प्रतिशत सभी श्रेणियों जनरल, ओबीसी-एनसीएल, ईडब्ल्यूएस, एससी और एसटी के लिए कम कर दिया गया है। अभ्यार्थियों को 10 जून तक च्वाइस फिलिंग करने का मौका मिलेगा।

### लखनऊ के श्रेयस को मिली 68वीं रैंक



**लखनऊ।** देशभर के आईआईटी संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई (ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम) एडवांस परीक्षा में लखनऊ के श्रेयस लोहिया को अखिल भारतीय स्तर पर 68वीं रैंक हासिल हुई है। श्रेयस का बेस्ट परसेंटाईल स्कोर 100 प्रतिशत रहा है। लखनऊ के ही कृष्णा को 75वीं रैंक हासिल हुई है। लखनऊ के तत्सत मिश्रा को 775 वीं रैंक जबकि अथर्व गुप्ता को 1152 वीं रैंक मिली है।

## एक नजर

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में ग्रीष्मावकाश घोषित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में 30 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित हो गया है। एक जुलाई से फिर से कोर्ट नियमित सुनवाई करेंगी। हालांकि, ग्रीष्मावकाश में जरूरी मामलों की सुनवाई के लिए सिविल और क्रिमिनल दोनों तरफ की आवश्यक पीठें काम करेंगी। उधर केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) में भी पूरे जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। 8, 14, 21 और 28 जून को पीठें आवश्यक मामलों की सुनवाई करेंगी। कैट के उप रजिस्ट्रार एसके श्रीवास्तव ने कहा कि 21 जून को वर्चुअल मोड में सुनवाई होगी।

### नीट - पीजी 2025 की परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को आयोजित होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है और संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने सोमवार को यहां जारी एक नोटिस में बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप नीट - पीजी 2025 की परीक्षा एक पाली में आयोजित की जाएगी। नोटिस के अनुसार न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप एक पाली में परीक्षा कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है और परीक्षा की संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है।

# भारत बनेगा विमान रखरखाव और मरम्मत का वैश्विक केंद्र

## आईएटीए की बैठक में मोदी ने वैश्विक कंपनियों को दिया निवेश का न्योता

- देश में 2030 तक इस क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का लक्ष्य : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वैश्विक कंपनियों को देश के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित नियामकीय ढांचे, अनुपालन में सुगमता और सरल कर ढांचे के साथ भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री ने उभरते क्षेत्र में रखरखाव और मरम्मत (एमआरओ) का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विमान रखरखाव के लिए वैश्विक केंद्र बनने के प्रयासों में तेजी ला रहा है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक और विश्व हवाई परिवहन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएटीएस) के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में भारत में 96 एमआरओ सुविधाएं थीं, जो अब बढ़कर 154 हो गई हैं। इसके अलावा स्वतः मंजूर मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कमी और कर को युक्तिसंगत बनाने के उपायों ने एमआरओ क्षेत्र को नई गति दी है।

मोदी ने यह भी कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक मरम्मत और रखरखाव क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का है। उन्होंने कहा कि नया भारतीय विमान अधिनियम वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप है। इसके साथ एक सुव्यवस्थित नियामकीय ढांचा, अनुपालन में सुगमता और सरल कर व्यवस्था है। यह सब प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश अवसर का प्रदान करता है। भारत में पिछली आईएटीए की सालाना आम बैठक 42 साल पहले 1983 में आयोजित की गई थी। इस बार की बैठक में 1,600 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए हैं जिनमें शीर्ष वैश्विक विमानन उद्योग के प्रमुख, सरकारी अधिकारी और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले चार दशक में देश में हुए परिवर्तनकारी बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि आज का भारत पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरा हुआ है।

### वैश्विक विमानन परिवेश में देश की भूमिका बढ़ी

प्रधानमंत्री ने वैश्विक विमानन परिवेश में भारत की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक विमानन परिवेश में भारत न केवल एक विशाल बाजार है, बल्कि नीति, नेतृत्व, नवोन्मेष और समावेशी विकास का प्रतीक भी हैं। मोदी ने कहा कि आज, भारत अंतरिक्ष-विमानन के क्षेत्र में एक वैश्विक अगुवा के रूप में उभर रहा है। नागर विमानन क्षेत्र ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक प्रगति देखी है, जिसे हर जगह स्वीकार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के विमानन क्षेत्र को आगे बढ़ाने वाले तीन बुनियादी स्तंभों का जिक्र किया। एक विशाल बाजार, जो केवल उपभोक्ताओं का समूह नहीं, बल्कि भारत के महत्वाकांक्षी समाज का प्रतिबिंब है, एक मजबूत जनसांख्यिकी और प्रतिभा, जहां युवा नवोन्मेषक कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी सफलताएं हासिल कर रहे हैं और एक खुला तथा सहायक नीति परिवेश, जो औद्योगिक विकास को सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है।

# सजगता और संवाद से ही बेहतर होगी कानून व्यवस्था : मुख्यमंत्री

## योगी ने की कानून-व्यवस्था, पर्व की तैयारियों की समीक्षा

- कहा-विवाद की स्थिति में तहरीर की प्रतीक्षा न करें, नई परंपरा की अनुमति नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जनहित सर्वोपरि शासन का मूल मंत्र है। छोटे विवाद ही लापरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले लेते हैं। ऐसे में सजगता, सतर्कता और संवाद के माध्यम से बड़े से बड़े विवादों का समाधान करके कानून व्यवस्था बेहतर होगी। निर्देश दिए कि क्षेत्र में विवाद की स्थिति में संबंधित थाना 'तहरीर' की प्रतीक्षा न करे, आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। प्रदेश में शांति, सुरक्षा और सौहार्द का माहौल बना रहना चाहिए।

वे सोमवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों, मंडलायुक्त, ज़ोन, पुलिस कमिश्नरेट, रेंज तथा जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश की कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई व्यवस्था और आगामी पर्व-त्योहारों के तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 जून को गंगा दशहरा, 7 जून को बकरीद और 24 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा के मद्देनज़र विशेष सतर्कता बरती जाए। जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान अपने-अपने क्षेत्रों में विगत वर्षों में हुई घटनाओं का विवरण खंगालें। प्रतिबंधित पशुओं के काटने, परंपरा से हटकर कार्य करने, अराजकता फैलाने वालों की सूची तैयार कर, संदिग्धों पर निषेधात्मक कार्रवाई की जाए। सभी थाना, तहसील, जनपद में पीस कमेटियों से संवाद सुनिश्चित किया जाए। सार्वजनिक मार्गों पर यातायात अवरुद्ध न हो। धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस बल की पैदल गश्त सतत जारी रहे।



कानून व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

### प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर सख्त रोक

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए पूर्व निर्धारित स्थल चिह्नित हों। अन्यत्र कतई न हो। प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी पूर्णतः वर्जित रहे। प्रत्येक जिले में कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट निस्तारण की सुनियोजित व्यवस्था रहे। नमाज परंपरागत स्थलों पर ही हो। सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की अनुमति न हो। आस्था का सम्मान हो किंतु नई परंपराओं को प्रोत्साहित न किया जाए। यह भी निर्देश दिए कि अवैध स्लॉटर हाउस किसी भी दशा में संचालित न हों। वैध स्लॉटर हाउस में निर्धारित क्षमता से अधिक पशु न रखे जाएं। खुले में मांस विक्रय प्रतिबंधित रहे।

# सिक्किम में भूस्खलन से 3 जवानों की मौत

- छह सुरक्षाकर्मी लापता, बचाव दल तलाश में जुटा

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम के छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आ जाने से तीन जवानों की मौत हो गई और छह सुरक्षाकर्मी लापता हो गए। एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मंगन जिले के लाचेन नगर में भारी बारिश के कारण यह भूस्खलन रविवार शाम हुआ। मृतकों की पहचान हवलदार लखविंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। चार अन्य सैनिकों को मामूली चोट आई है। लापता छह जवानों की तलाश की जा रही है।



सिक्किम के लाचेन नगर में भूस्खलन के बाद सैन्य शिविर क्षतिग्रस्त हो गया।

### लाचुंग में फंसे 100 से अधिक पर्यटकों को निकाला

गंगटोक। उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे 100 से ज्यादा सैलानियों को लेकर 18 वाहनों का पहला समूह लोअर द्ज़ोंगू के फिदांग पहुंच गया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मंगन जिला कलेक्टर अनंत जैन ने काफिले का नेतृत्व किया। फिदांग से पर्यटक गंगटोक के लिए रवाना होंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस, सेना, सीमा सड़क संगठन, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, वन विभाग के समन्वित प्रयास से आज सुबह फंसे पर्यटकों को निकालने का काम शुरू हुआ।

## छत्तीसगढ़ में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपये के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सली चिंतलनार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। इस आत्मसमर्पण के साथ ही यह गांव नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। राज्य सरकार की नई योजना के अनुसार नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपया प्रदान किया जाएगा। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि एक महिला समेत सभी 16 नक्सलियों ने माओवादियों की अमानवीय विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों से तंग आकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

- सुकमा जिले का केरलापेंदा गांव हुआ माओवाद मुक्त

## ठाणे में एटीएस का छापा, 12 संदिग्धों को हिरासत में लिया

मुंबई, एजेंसी

- सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों व सदस्यों के घरों को खंगाला

महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकवाद से संबंधित एक मामले में सोमवार को ठाणे जिले में छापेमारी के बाद 12 व्यक्तियों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के घरों पर भी की गई।

एक अधिकारी ने मामले का ब्यौरा दिए बिना बताया कि एटीएस की मुंबई इकाई ने ठाणे ग्रामीण पुलिस की सहायता से मुंबई से सटे जिले के पडघा और बोरीवली गांव में सुबह करीब चार बजे छापेमारी शुरू की। उन्होंने बताया कि दोनों गांवों में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। उन्होंने बताया कि एटीएस के अधिकारियों ने प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के लगभग दो दर्जन घरों और परिसरों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इनमें साकिब नाचन, आकिब साकिब नाचन, अब्दुल लतीफ कासकर, कैफ नाचन और शाजिल नाचन के घर एवं परिसर शामिल हैं।

## हवा में गिद्ध से टकराया विमान आपात स्थिति में रांची में उतरा



- इंडिगो के विमान में सवार थे 175 यात्री

**रांची।** इंडिगो की एक उड़ान के करीब 175 यात्री सोमवार को तब बाल-बाल बच गए जब विमान को पक्षी से टकराने के बाद आपात स्थिति में रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उतारा गया। एक अधिकारी ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं, जबकि विमान एयरबस 320 को नुकसान पहुंचा है।

बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के निदेशक आर आर मौर्य ने बताया कि रांची के पास इंडिगो की एक उड़ान से गिद्ध टकरा गया। घटना के वक्त विमान रांची से करीब 10 से 12 नौटिकल मील दूर, करीब 3,000 से 4,000 फुट की ऊंचाई पर था। विमान पटना से रांची आ रहा था और पायलट को उसे यहां आपातस्थिति में विमान उतारना पड़ा। यह घटना दोपहर 1 :14 बजे हुई। विमान का कोलकाता जाने का कार्यक्रम था।

# सहायक शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनसीटीई के नियमानुसार नियुक्ति के दो साल में करना होगा ब्रिज कोर्स

**अमृत विचार :** प्रदेश में हाल में सहायक शिक्षक बनाए गए लोगों को ब्रिज कोर्स करना अनिवार्य किया गया है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के नियमानुसार शिक्षकों को नियुक्ति के दो साल के भीतर यह कोर्स पूरा करना होगा।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के माध्यम से जुलाई-अगस्त 2025 से ऑनलाइन यह कोर्स कराने की तैयारी है। एनसीटीई के नियमों के अनुसार बीएड डिग्रीधारकों को प्राथमिक शिक्षक बनने के बाद दो वर्षों के भीतर ब्रिज कोर्स पूरा करना जरूरी है, लेकिन बड़ी संख्या में नियुक्त शिक्षक यह कोर्स नहीं कर पाए, जिससे उनकी नियुक्ति पर सवाल उठने लगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एनसीटीई ने एनआईओएस को यह जिम्मेदारी सौंपी है। एनआईओएस ने अपने पोस्ट में बताया है कि जुलाई और अगस्त 2025 से ब्रिज कोर्स के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होगी। कोर्स पूरी तरह ऑनलाइन होगा और इसकी अवधि छह माह रखी गई है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज कैबिनेट की पहली बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी।

सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बैठक में मंत्रियों को ऑपरेशन सिंदूर का ब्योरा दिए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नीत केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने के मौके पर भाजपा की ओर से अगले हफ्ते शुरू किए जाने वाले कार्यक्रमों में भी इस अभियान का जिक्र किए जाने की उम्मीद है।

# कम शुल्क पर आयात कर सकेंगे इलेक्ट्रिक कार


## दिशा-निर्देश जारी, 4,150 करोड़ निवेश वाली कंपनियों को 15% शुल्क पर आयात की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने भारत में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के तहत सोमवार को दिशानिर्देश अधिसूचित कर दिए। इसमें स्थानीय विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने पर 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली कंपनियों को महज 15 प्रतिशत आयात शुल्क पर सालाना 8,000 इलेक्ट्रिक वाहनों के आयात की अनुमति दी गई है।

इस योजना को पिछले साल 15 मार्च को अधिसूचित किया गया था, लेकिन भारी उद्योग मंत्रालय ने इस संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश सोमवार को जारी किए। इससे इलेक्ट्रिक कार विनिर्माताओं के लिए आवेदन खिड़की खुलने पर आवेदन करने का रास्ता साफ हो गया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, वैश्विक ईवी विनिर्माताओं को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्वीकृत आवेदकों को आवेदन मंजूर होने की तारीख से पांच साल के लिए 15 प्रतिशत के कम सीमा शुल्क पर न्यूनतम 35,000 अमेरिकी डॉलर मूल्य वाली पूरी तरह तैयार (सीबीयू) इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहनों के आयात की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, आयात शुल्क में राहत पाने के लिए स्वीकृत आवेदकों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा।

वहीं चार्जिंग ढांचा तैयार करने पर किए गए व्यय को प्रतिबद्ध निवेश के पांच प्रतिशत तक माना जाएगा। योजना के तहत आवेदकों को अनुमोदन पत्र जारी करने की तारीख से तीन साल के भीतर 25 प्रतिशत का न्यूनतम घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) और 50 प्रतिशत का न्यूनतम डीवीए पांच साल के भीतर हासिल किया जाना चाहिए।




### शुल्क में अधिकतम 6,484 करोड़ रुपये की छूट

प्रति आवेदक को शुल्क के रूप में अधिकतम 6,484 करोड़ रुपये की छूट देने या फिर योजना के तहत किए गए उसके निवेश तक सीमित किया गया है। भारी उद्योग मंत्रालय ने कहा कि तीन साल की अवधि में आवेदक को भारत में न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये (लगभग 50 करोड़ डॉलर) की निवेश प्रतिबद्धता जतानी होगी। आवेदक को आवेदन मंजूर होने की तारीख से तीन साल के भीतर इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के लिए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने और परिचालन शुरू करना होगा। नए संयंत्र, मशीनरी, उपकरण और संबद्ध सुविधाएं, इंजीनियरिंग शोध एवं विकास पर किया गया व्यय भी इस योजना के तहत निवेश से जुड़े लाभ पाने के लिए पात्र होगा। हालांकि, संयंत्र के लिए भूमि पर किया गया व्यय इसका हिस्सा नहीं होगा लेकिन मुख्य संयंत्र की नई इमारतों को निवेश का हिस्सा माना जाएगा, बशर्ते यह प्रतिबद्ध निवेश के 10 प्रतिशत से अधिक न हो।

## शहर में आज



☞ एमपीएस स्कूल में मिनी आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में मैच सुबह 8 :00 बजे
☞ राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा ज्येष्ठ माह के चौथे बड़ा मंगल पर हाथी वाला मंदिर के निकट रामगंगा गोशाला में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ शाम 6 .00 बजे

एक कदम सनातन की ओर

श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।
अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!
स्थान: गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001
भागवत आचार्य: श्री शिव कुमार जी
संपर्क करें: 9410478735

# गर्मी की भेंट चढ़ा विकसित कृषि संकल्प अभियान

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- विकासखंड में लगे शिविरों में कम संख्या में पहुंच रहे किसान

**अमृत विचार:** विकसित कृषि संकल्प अभियान गर्मी की भेंट चढ़ता दिख रहा है। गर्मी में किसान आने को तैयार नहीं है। ऐसे में कृषि विभाग के जिम्मेदार भी जमा हुए दो चार किसानों को जानकारी देकर खानापूर्ति कर रहे हैं।

सरकार ने किसानों की अधिक पैदावार बिना कीटनाशक दवाओं और यूरिया खाद के बिना देसी खाद से खेती के लिए कृषि विशेषज्ञों, कृषि वैज्ञानिकों और कृषि के चिकित्सकों को किसान के गांव तक भेजा है। वही सरकार का यह कदम गर्मी में पूरी तरह से दम तोड़ रहा है। इसके लिए अपर कृषि निदेशक गेहूं एवं मोटा अनाज उत्तर प्रदेश के नोडल जगदीश कुमार को मुरादाबाद और रामपुर की जिम्मेदारी दी गई है। उनके साथ उपनिदेशक कृषि संतोष कुमार को लगाया गया है। इसके लिए गांव और ब्लॉक स्तर पर शिविर लगाकर कृषि प्रयोगशाला में कृषि को लेकर नये नये शोध के बारे जानकारी देने के लिए कहा गया है। लेकिन इन शिविरों किसान ही नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। ऐसे में जिम्मेदार भी केवल दो चार किसानों को कृषि के नये लाभकारी तरीकों की जानकारी देकर औपचारिकता पूरी करने में लगे हैं। उपनिदेशक संतोष द्विवेदी ने बताया कि यह अभियान 15 तक चलाया जाएगा लेकिन किसान कम पहुंच रहे हैं।

### साइकिलिंग से पर्यावरण संरक्षण के साथ शारीरिक स्वास्थ्य भी रहता है दुरुस्त

# आओ शून्य प्रदूषण की ओर बढ़ाएं कदम, साइकिल चलाएं

विश्व साइकिल दिवस पर विशेष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वाहनों से निकलने वाले हानिकारक धुएं से बचेगा पर्यावरण
- पहले शान-स्टेटस का पर्याय होती थी साइकिल

**अमृत विचार :** भागदौड़ भरी जिंदगी में भले ही साइकिल की सवारी न के बराबर रह गई हो लेकिन पहले के दौर में यह शान व स्टेटस का पर्याय होती थी। साइकिल चलाने से न केवल हम शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं बल्कि वाहनों से निकलने वाले हानिकारक धुएं से पर्यावरण को भी संरक्षित करने में सार्थक भूमिका निभाते हैं। हर साल 3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को साइकिलिंग के फायदे जानकर कुछ समय निकाल कर साइकिल चलाने की शुरुआत करनी चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र ने 2018 में 3 जून को इस दिवस को मान्यता दी थी। जिसका उद्देश्य था कि साइकिल एक सस्ता, टिकाऊ, सुलभ और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन साधन है, जो स्वास्थ्य और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देता है। साइकिल मानव द्वारा चलाया जाने वाला एक यांत्रिक साधन है, जिसकी ऊर्जा खपत नगण्य होती है और इसके चलने से किसी भी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता। यह न केवल जलवायु परिवर्तन की चुनौती का हल प्रस्तुत करती है बल्कि स्वास्थ्य संवर्धन, आर्थिक बचत और शहरी यातायात संकट के समाधान की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार प्रतिदिन केवल 30 मिनट साइकिल चलाने से एक व्यस्क व्यक्ति बीमारियों के जोखिम को 40 प्रतिशत तक कम कर सकता है। भारत सरकार ने 2024 में 'नेशनल नॉन-मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट पॉलिसी' को मंजूरी दी थी।

## साइकिल चलाना सबसे बेहतर एक्सरसाइज: वरिष्ठ फिजीशियन



जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एनके मिश्र का कहना है कि साइकिल चलाना शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है। वाहनों के प्रयोग से मोटापा, कोलेस्ट्राल आदि की बीमारी लोगों को अधिक हो रही है। बैठे बैठे काम करना, शारीरिक व्यायाम न करने के चलते मधुमेह और उच्च रक्तचाप की बीमारी अधिकतर लोगों वह भी इस समय युवाओं में भी यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से हमारे शरीर में अधिक कैलोरी बर्न होती है। जिससे मोटापा व उच्च रक्तचाप नियंत्रित रहता है। मधुमेह को खत्म करने में साइकिलिंग बेहतर उपाय है। हमें अपनी पुरानी जीवन शैली को अपनाना होगा। तभी स्वस्थ रहने के साथ ही पर्यावरण को भी स्वच्छ व सुंदर रख सकेंगे। बताया कि प्रतिदिन कम से कम 5 किलो यदि साइकिल चलाई जाए तो शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

# नोकझोंक के बीच नाले पर अतिक्रमण को जेसीबी ने तोड़ा

### गुरहट्टी चौराहे से जीएमडी रोड तक चला अभियान, दुकानदारों व प्रतिष्ठान संचालकों ने किया विरोध, टीम ने दिखाए सख्त तेवर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने सोमवार को तय रोस्टर के अनुसार गुरहट्टी चौराहे से जीएमडी रोड तक सड़कों की पटरियों व सार्वजनिक नाले पर किया अतिक्रमण हटाया। कई जगह व्यापारियों ने टीम से नोकझोंक की। जिस पर टीम ने सख्त तेवर दिखाते हुए अतिक्रमण हटवाने में जुटी टीम ने अतिक्रमण करने वालों का चालान कर 22,900 रुपये का जुर्माना भी वसूला।

अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में प्रवर्तन दल के सदस्य मुख्य सुरक्षा अधिकारी आदि के साथ गुरहट्टी चौराहे पर पहुंची। यहां से टीम ने जैसे ही सार्वजनिक नाले व सड़क की पटरी पर किए अतिक्रमण पर जेसीबी चलवाई तो कई व्यापारी दुकानों से बाहर निकल कर टीम से भिड़ गए। जिस पर टीम में शामिल अधिकारियों ने दो टूक कहा है कि कई बार पर्याप्त समय दिया जा चुका है। दो दिन पहले इसकी सूचना देकर अतिक्रमण हटवाया जा रहा है अब किसी की नहीं सुनेंगे। इसके बाद जेसीबी से नाला, सड़क की पटरी पर किए अवैध निर्माण और अतिक्रमण को तोड़वाने में टीम जुट गई। व्यापारियों ने कुछ राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को भी फोन घुमाया, हालांकि आया कोई नहीं।

टीम ने जीएमडी रोड पर नाले पर किए चिह्नित अतिक्रमण को तुड़वाया। इसके अलावा टीम ने कुमार कुंज कॉलोनी में सड़क पर अवैध रूप से लगे गेट के भी जेसीबी से तोड़कर ध्वस्त कर दिया। टीम ने अतिक्रमण करने वालों का चालान कर 22, 900 रुपये जुर्माना वसूला।



जेसीबी से अतिक्रमण ध्वस्त कराती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

- शिकायत पर एक कॉलोनी के गेट को तोड़कर हटाया



टीम से नोकझोंक करते व्यापारी।

### आज यहां चलेगा अभियान

नगर निगम की टीम मंगलवार को गुरहट्टी चौराहा से गंज बाजार, मंगल बाजार, राजघाट, चौधरी पुल, अमरोहा गेट होकर मंडी चौक तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाएगी।

> रोस्टर के अनुसार अभियान चलाया जा रहा है। नाला-नालियों पर किए अतिक्रमण को हटाकर जलनिकासी में आ रही अड़चन को दूर कराया जा रहा है। नाले की सफाई कराई जाएगी जिससे बरसात में जलभराव की स्थिति न आए।
> **-अजीत कुमार**, अपर नगर आयुक्त

## दो स्थानों पर 10 बीघा जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण पर गरजा एमडीए का बुलडोजर

**मुरादाबाद/भोजपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने सोमवार को अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। दो स्थानों पर लगभग 10 बीघा भूमि पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के निर्देश पर हुई कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया।

एमडीए की सचिव अंजुलता ने बताया कि भोजपुर थाना क्षेत्र के गौरीपुर सुल्तानपुर में इमरान व राशिद हसन द्वारा बिना स्वीकृति के ही 5 बीघा जमीन पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। इसके अलावा इस्लाम नगर चौराहे के पास मो. आकिल व मो. इकराम द्वारा बिना स्वीकृति 5 बीघा जमीन पर अवैध निर्माण कराया जा रहा था। जानकारी मिलने पर दोनों स्थानों पर लोगों को नोटिस भेजकर निर्माण कार्य रोकने के लिए कहा गया था लेकिन निर्माण कार्य जारी रहा। जिसके बाद सोमवार को दोनों स्थानों पर प्राधिकरण की टीम भेजकर जेसीबी से अवैध निर्माण ध्वस्त करा दिया गया। उन्होंने नागरिकों को चेताया है कि किसी भी भूखंड, प्लॉट या निर्माण कार्य से पहले वैध अनुमति अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। अन्यथा ध्वस्तीकरण व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान जेई राजन सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहे।



भोजपुर में कार्रवाई के दौरान मौजूद टीम व पुलिस। ● अमृत विचार

## फिर चढ़ने लगा तापमान, राहत के लिए बारिश से उम्मीद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कुछ दिन राहत के बाद अब तापमान फिर चढ़ने लगा। सोमवार को सूरज की तपिश बढ़ने पर अधिकतम तापमान बढ़कर 38.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा। उमस भरी गर्मी से लोग बेचैन रहे।

गर्मी से राहत के लिए लोगों को बारिश का इंतजार है। दिन में हल्के बादलों की आवाजाही के बाद भी बारिश न होने से लोग उमस झेल रहे हैं। बिजली की आवाजाही उनकी मुश्किल और बढ़ा रही है। दिन में गर्म हवा से लोग बचने का उपाय करते दिखे। जहां भी छांव मिली लोग रुक कर राहत पाने में लगे रहे। गर्मी के सितम से अस्पताल में मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ आरके सिंह का कहना है कि अभी कुछ दिन मौसम ऐसे ही रहेगा। कभी हल्के बादल की आवाजाही से कहीं बूंदाबांदी या बौछार पड़ सकती है। प्री मानसून की बारिश 10 जून के आसपास हो सकती है।

## आज से लगेगा दो दिवसीय चालक भर्ती मेला

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रोडवेज में संविदा चालकों की भर्ती के लिए मंगलवार से दो दिवसीय रोजगार मेला रोडवेज परिसर में लगा है। दो दिवसीय भर्ती मेले में चालकों का ट्रायल होगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने बताया कि रोडवेज में लगभग 450 चालकों की कमी है। लेकिन अभी 300 पदों संविदा के माध्यम से चालकों की भर्ती निकाली गई। इसके लिए दो बार तीन दिन भर्ती के लिए शिविर लगाया गया था। अब मंगलवार और बुधवार को दो दिवसीय भर्ती मेला आयोजित किया गया है। सुबह नौ बजे आरएम कार्यालय परिसर में चालक भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# नाइट राइडर्स, एविएटर जोया ने दर्ज कराई धमाकेदार जीत


मिनी आईपीएल सीजन-2

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एमपीएस ग्राउंड पर चल रहे मिनी आईपीएल सीजन-2 के तहत सोमवार को हुए दो मुकाबलों में एमपीएस नाइट राइडर्स और आर्यन एविएटर जोया ने अपने मैच जीते।

पहले मैच में बल्लेबाजी करते हुए नाइट राइडर्स ने 30 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 337 रन का स्कोर खड़ा किया। हितेष ने 68 गेंदों पर नाबाद 136 रन बनाए, वहीं कुशाग्र कांगड़ा ने 66 गेंदों पर 113 रन की धमाकेदार पारी खेली। एसआरएमएस के लिए नरेंद्र ने 2 और हर्ष ने 1 विकेट झटका। एसआरएमएस स्ट्राइकर्स 27 ओवर में महज 119 रनों पर सिमट गई। टीम के लिए रिजवान ने 34 गेंदों पर 26 और हर्षित ने 19 गेंदों पर 21 रन बनाए। एमपीएस की ओर से आर्यन ने 4 विकेट और पृथ्वी राज ने 2 विकेट लिए। इस मैच में मैन ऑफ द मैच हितेष व गेम चेंजर कुशाग्र कांगड़ा बने।

दूसरे मुकाबले में आर्यन एविएटर ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 251 रन बनाए। प्रशांत राणा ने 15 गेंदों पर 48 रन बनाए जबकि गौरव ने 18 गेंदों पर 36 रन बनाए। बारु ब्लास्टर की ओर से आरव ने 4 और विवान ने 2 विकेट लिए। जवाब में बारु ब्लास्टर उत्तराखंड की टीम 30 ओवर में 138 रन ही बना सकी। आयुष्मान ने 47 गेंदों पर 35 और सिद्धांत ने 24 गेंदों पर 24 रन बनाए। एविएटर जोया के लिए मानित और शान ने 2-2 विकेट चटकाए। इस मैच में मैन ऑफ द मैच दीपांशु व गेम चेंजर प्रशांत राणा बने। विजेता टीम व खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि डॉ. अजय पाठक ने सम्मानित किया। इस दौरान मिर्जा दानिश आलम, रोहित चौधरी, श्रीकांत शर्मा, रईस मोहम्मद आदि मौजूद रहे।




खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच का खिताब देते मुख्य अतिथि डॉ. अजय पाठक।

## जीएसटीआर -1 ने बढ़ाई व्यापारियों के लिए जटिलता

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जीएसटी अधिनियम को अधिक पारदर्शी और डेटा-आधारित बनाने के लिए सरकार द्वारा जीएसटीआर -1 फॉर्म में टेबल 13 को अनिवार्य कर दिया गया है। जिससे व्यापारियों के लिए जटलता बढ़ गई है।

जीएसटी व टैक्स मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता गौरव गुप्ता ने बताया कि टेबल नंबर 13 को भरे बिना जीएसटीआर 1 फाइल नहीं होगा। जिसमें यह पूछा गया है कि किस सीरियल नंबर से किस सीरियल नंबर तक जारी गए है। साथ ही कुल कितने इंवाइस, वाउचर आदि जारी किये गए है। कितने इंवाइस, वाउचर कैंसिल किये गए है। व्यापारियों को अब बी टू बी पंजीकृत व्यापारी और बीटूसी अपंजीकृत को की गई सप्लाई के लिए एचएसएन कोड अलग अलग कर रिपोर्ट करना होगा। सप्लाई के लिए प्रत्येक एचएसएन कोड के अनुसार कितना आईजीएसटी, सीजीएसटी, एसजीएसटी वसूल किया गया है यह सब अलग अलग बताना होगा। इस नये नियम ने छोटे व्यापारियों के लिए कई व्यावहारिक समस्याएं उत्पन्न कर दी हैं। भविष्य में परेशानी होगी।

# बिना योग्य शिक्षकों, प्रयोगशालाओं के कॉलेज संचालन पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गुरु जम्भेश्वर राज्य विवि में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने सोमवार को महाराजा हरीश चंद्र महाविद्यालय में मुरादाबाद व रामपुर क्षेत्र के महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक की। इसमें राजकीय, अनुदानित और स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आने वाले आवेदनों की समीक्षा की गई। कुलपति ने कहा कि जो संस्थान बिना योग्य शिक्षकों, प्रयोगशालाओं और कक्षाओं के संचालन कर रहे हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

एमएचपीजी कॉलेज में आयोजित बैठक की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो.सचिन माहेश्वरी ने की। उन्होंने विवि को देश का श्रेष्ठ संस्थान बनाने के लिए प्राचार्यों से सहयोग मांगा। उन्होंने परीक्षा व प्रवेश संबंधी विषय पर विचार किया। बताया गया कि गुरु जम्भेश्वर विवि में छात्रों के लिए समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण 26 मई की शाम से शुरू हो गया था और 20 जून तक चलेगा। बताया कि अब तक लगभग 10 हजार छात्रों ने प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। पंजीकरण समाप्त होने के 2-3 दिनों के भीतर प्रथम मेरिट सूची विभिन्न कॉलेजों में प्रकाशित की जाएगी।अंत में कुलपति ने प्राचार्यों के प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासा का समाधान किया। बैठक में राजकीय डिग्री कॉलेज, भोजपुर (मुरादाबाद), हिन्दू कॉलेज, केजीके कॉलेज, डीएके कॉलेज, गोकुलदास गर्ल्स कॉलेज, मुस्लिम डिग्री कॉलेज, मेफेयर कॉलेज आदि के प्राचार्यों ने विचार रखे। बैठक का संचालन प्रो. मुकेश चन्द्र गुप्ता ने किया। प्राचार्य, प्रो. नरेन्द्र सिंह ने सभी का आभार जताया। बैठक में प्रो. रवीश कुमार, प्रो. प्रियंका गुप्ता, डॉ. अब्दुर्रब, प्रो. मोहम्मद अय्यूब, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंह, अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।



शिक्षकों को संबोधित करके कुलपति सचिन महेश्वरी।

- गुरु जम्भेश्वर राज्य विवि के कुलपति ने शिक्षा का स्तर उन्नत करने में सहयोग मांगा

### जल्द ही डेबिट कार्ड से भुगतान की सुविधा होगी शुरू

विवि की आगामी योजना के बारे में जानकारी देकर 17 बिंदुओं पर चर्चा करते हुए गुरु जम्भेश्वर विवि को श्रेष्ठ विवि बनाने की प्रतिबद्धता जताई गई। विवि के कुलपति ने बताया कि तीन नव स्थापित विवि में से यह पहला संस्थान है। जिसने नए सत्र के लिए समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण शुरू किया है। यह पहला विवि था जिसे यूजीसी द्वारा अनुमोदन प्राप्त हुआ। वेबसाइट पर रोज जानकारी अपडेट की जा रही है। उन्होंने कॉलेजों को समर्थ पोर्टल पर छात्रों के पंजीकरण के लिए नि:शुल्क हेल्प डेस्क स्थापित करने के लिए कहा। जल्द ही डेबिट कार्ड से भुगतान की सुविधा भी शुरू की जाएगी।



सोनकपुर स्टेडियम में अव्यवस्थित एथलेटिक ट्रैक। ● अमृत विचार

# बिना द्रोणाचार्य खुद की प्रतिभा निखार रहे एकलव्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एथलेटिक्स ट्रैक में कई जगह गड्ढे खिलाड़ियों को दौड़ने में हो रही मुश्किल
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में चार महत्वपूर्ण खेलों के कोच ही नहीं

**अमृत विचार :** एक तरफ खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने की बड़ी बातें सरकार की ओर से की जा रही हैं तो दूसरी ओर स्टेडियम में खेलों की सुविधाएं नदारद है। गर्मी की छुट्टियों में पसंदीदा खेल में पारंगत होने के लिए स्टेडियम में आने वाले खिलाड़ियों को बिना द्रोणाचार्य के ही अपनी प्रतिभा को निखारना पड़ रहा है।

यह स्थिति महानगर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर की है। स्टेडियम में चार महत्वपूर्ण खेलों के कोच ही नहीं हैं। यही नहीं ट्रैक की स्थिति भी दयनीय है। स्टेडियम में क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल, रेसलिंग, एथलेटिक्स, कुश्ती और बैडमिंटन के 250 खिलाड़ी पंजीकृत हैं। इन खेलों के खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का गौरव बढ़ाने के लिए कोच से प्रशिक्षण ले रहे हैं। जबकि बॉक्सिंग, हैंडबॉल, जूडो और कबड्डी के कोच स्टेडियम में नहीं है। जिससे खिलाड़ी बिना कोच के अभ्यास कर रहे हैं। कोई सीनियर खिलाड़ी के निर्देशन में अपने को दक्ष बना रहा है तो कोई ऑनलाइन बारीकियां सीख स्टेडियम में अभ्यास करने आ रहा है। यह स्थिति यहां के अधिकारियों से भी छिपी नहीं है। फिर भी अधिकारी चुप्पी साधे हैं। कोच न होने की टीस खिलाड़ियों को है लेकिन विभाग दूसरा विकल्प नहीं अपना रहा है। एथलेटिक्स में 20 खिलाड़ी पंजीकृत हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि ट्रैक में जगह-जगह गड्ढे होने की वजह से उन्हें दौड़ने में परेशानी होती है। बॉक्सिंग खिलाड़ी रवि ने बताया कि कुछ खिलाड़ी उनके निर्देशन में ही खेल की बारीकियां सीख रहे हैं। काफी समय से कोच न होने से खिलाड़ियों को मुश्किल हो रही है। जूडो खिलाड़ी सतीश ने बताया कि अधिकारियों से कोच के लिए कई बार कहा गया लेकिन अभी कुछ नहीं हुआ।

### आठ जून तक आवेदन कर सकते हैं प्रशिक्षक

प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि बॉक्सिंग, जूडो, कबड्डी और हैंडबाल के लिए प्रशिक्षक आठ जून तक आवेदन कर सकते हैं। इन खेलों में अभी एक-दो ही आवेदन आए हैं। साक्षात्कार होने के बाद ही खेल प्रशिक्षकों का चयन किया जाएगा।

# जेईई एडवांस्ड : मनीष को मिली 97 कैटेगरी रैंक

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जेईई एडवांस्ड 2025 का परिणाम सोमवार को घोषित हुआ। इसमें महानगर के स्कॉलर्स डेन के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की है। यहां के मनीष कुमार सिंह ने 97 केटेगरी रैंक लाकर मुरादाबाद का मान बढ़ाया। स्कॉलर्स डेन के 90 विद्यार्थियों ने जेईई(एडवांस्ड) परीक्षा में अधिक अंक हासिल कर बेहतर रैंक पाई है। संस्थान में भव्य समारोह आयोजित कर खुशी मनाई गई।

मुरादाबाद निवासी अर्जव जैन पुत्र विवेक जैन ने रैंक 209, मो. फाहद ने सीआरएल रैंक 3113, नवनीता ने एससी केटेगरी में रैंक 3292, नमन बत्रा ने ईडब्ल्यूएस रैंक 209, सुहाना गुप्ता ने सीआरएल रैंक 3966, अर्श अग्रवाल ने सीआरएल रैंक 4509, मनीष कुमार सिंह ने सीआरएल रैंक 4573 और कैटेगरी रैंक 97 हासिल की है। संस्थान के शिवम कुमार ने सीआरएल रैंक 5177 व ओबीसी-एनसीएल रैंक 1004, समीर भंडारी ने ईडब्ल्यूएस रैंक 5213, अभिनव पराशर ने सीआरएल रैंक 5247, संकल्प राज ने सीआरएल रैंक 5274, यश कश्यप ने सीआरएल रैंक 5586 एवं ओबीसी-एनसीएल रैंक 1100, रूद्र गोयल ने सीआरएल रैंक 5643 हासिल की है। जबकि सत्यम कुमार ने ईडब्ल्यूएस रैंक 5875, दृश्या भंडूला ने सीआरएल रैंक 5892, रचित कुमार ने सीआरएल रैंक 5966 एवं एससी कैटेगरी रैंक 132 पाई है। वैभव ने सीआरएल रैंक 6253 एवं ओबीसी-एनसीएल रैंक 1288, अनमोल यादव ने सीआरएल रैंक 7566, दुष्यंत कुमार बनिया ने सीआरएल रैंक 8406 एवं ओबीसी-एनसीएल रैंक 1833 हासिल की है।

वहीं लक्ष्या सिन्हा ने सीआरएल रैंक 8792 एवं ईडब्ल्यूएस रैंक1037, विदुषी सिंह ने सीआरएल 8993, अंश यादव ने ऑल इंडिया 9100 एवं ओबीसी-एनसीएल 2024 पाई है। मयूरी गुप्ता ने सीआरएल रैंक 9189, अनंत अग्रवाल ने सीआरएल रैंक 9220, समर्थ अग्रवाल ने सीआरएल रैंक 9543, हर्षवीर सिंह ने सीआरएल रैंक 9969, आदित्य देशवाल ने सीआरएल रैंक 9715 और ख्वाहिश गुप्ता ने सीआरएल रैंक 9886 हासिल कर बेहतर प्रदर्शन कर खुद को साबित किया। संस्थान की अकादमिक निदेशिका अंजलि ठाकुर ,प्रबंध निदेशक विवेक ठाकुर ने उज्जवल भविष्य की कामना की।



रिजल्ट आने के बाद डांस करखुशी मनाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### आकाश को 260वीं रैंक



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आकाश इंस्टीट्यूट के छात्र आकाश अग्रवाल ने 260 रैंक हासिल कर इतिहास बनाया है। वहीं संस्थान के अन्य छात्रों ने भी सफलता हासिल की है। प संस्था के निदेशक विवेक शर्मा ने इस सफलता पर खुशी जताकर इंस्टीट्यूट में मिठाई बंटवाई। आकाश को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। आकाश के माता पिता और रिश्तेदारों को बधाई देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। निदेशक विवेक शर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। इसका श्रेय आकाश की मेहनत, माता-पिता के सहयोग और प्रशिक्षकों को जाता है।

## योग कर खुद को रख सकते हैं स्वस्थ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुल दास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के अंतर्गत क्रीड़ा विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा ने छात्राओं को योग का महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि आज हम सभी की जीवनशैली, रहन-सहन, खान-पान सही न होने की वजह से कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें दिल की बीमारी विशेष रूप से देखने को मिल रही है। यदि हम कुछ समय योग करने में लगाएं तो खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। योग के माध्यम से व्यक्ति को आध्यात्मिकता की ओर ले जाना, आसनों द्वारा शारीरिक विकास, प्राणायाम द्वारा लोगों को प्राण शक्ति के बारे में बताना और व्यक्ति को जीवन शक्ति के बारे में बताना योग के महत्वपूर्ण उद्देश्य हैं।

**आज का मौसम**

आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे और मौसम सामान्य रहेगा।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 36.0° | 24.0° |
| सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:09 |

## एक नजर

### शराब पीने से मना करने पर युवक ने पीया कीटनाशक

**छजलैट, मृत विचार :** मामूली कहासुनी को लेकर एक व्यक्ति ने खेत में छिड़काव करने वाली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे मुरादाबाद प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम मुण्डाला निवासी इंद्रपाल( 50 ) पुत्र जसराम शराब पीने का आदि है। शराब को लेकर घर में सदैव क्लेश रहता है। पिता ने इंद्रपाल को समझाते हुए शराब पीने से मना किया था। जिसे लेकर पिता एवं पुत्र में कहासुनी हो गई। इंद्रपाल ने जंगल में खेत में छिड़कने वाली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। परिजन उसे छजलैट के निजी अस्पताल ले गए। जहां से उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे कॉसमॉस मुरादाबाद में उपचार हेतु भर्ती कराया है। इंद्रपाल की हालत चिंताजनक बताई गई है।

### किसान के सामने कुत्ते को उठा ले गया तेंदुआ

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम खलीलपुर कदीम चामुंडा स्थल पर प्रतिदिन लोग पूजा पाठ करने जाते हैं। जहां आस-पास में ही किसानों के खेत भी हैं। रविवार को ग्राम खलीलपुर कदीम निवासी किसान राजकुमार पुत्र घासीराम कटरा गाड़ी लेकर चामुंडा स्थल के समीप पशुओं के लिए चारा लेने आया था। तेंदुआ खेत में से निकलकर उसके सामने आ गया। तेंदुए को देख किसान के होश उड़ गए। तभी किसान के सामने ही अचानक पहुंचे कुत्ते को तेंदुआ अपने गिरफ्त में ले लिया। किसान द्वारा शोर मचाने पर कई किसान लाठी डंडे लेकर वहां पहुंच गए। किसान राजकुमार इतनी दहशत में था कि काफी देर बाद उसने बताया कि उसके सामने ही तेंदुआ कुत्ते को उठाकर ले गया।

# चलती ट्रेन से गिरकर बिहार के किशोर की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- साथी खोजते हुए पहुंचे तब रेलवे ट्रैक पर मिला शव
- साथियों के साथ अंबाला जा रहा था सुशील पटेल

**अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र की लखनऊ रेल लाइन पर गत्ता फैक्ट्री रेलवे फाटक के पास रविवार की रात चलती ट्रेन से गिरकर बिहार निवासी किशोर की मौत हो गई। बाद में उसके साथी उसे खोजते हुए पहुंचे तब रेलवे ट्रैक पर उसका शव मिला।

बिहार के सीतागढ़ी जिले के डुमरा थाना क्षेत्र के गांव मिझौलिया निवासी सुशील पटेल ( 15 ) पुत्र नागेश्वर राम आठवीं कक्षा पास था। रविवार को वह गांव के ही श्रीरामदास और चार अन्य लोगों के साथ मजदूरी करने के लिए ट्रेन से अंबाला जा रहा था। श्रीरामदास ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात ट्रेन मूंढापांडे क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी सुशील ने कहा कि गर्मी लग रही है। हवा लेकर आता हूं। वह गेट के पास जाकर खड़ा हो गया। उसी दौरान अचानक नीचे गिर गया। श्रीरामदास ने बताया कि उसने ट्रेन की चेन खींची पर वह नहीं रुकी। ट्रेन रुकी तो गत्ता फैक्ट्री रेलवे फाटक के पास सुशील का शव ट्रैक पर मिल गया। थाना मूंढापांडे प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराके परिजनों को सौंप दिया गया है।

## पीतलनगरी डिपो की बसों के कर्मचारियों का हाल, मिली रकम का कर लेते हैं बंदरबांट

# बसों में ढो रहे बिना बुकिंग का माल, निगम को लगा रहे चूना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हर महीने राजस्व का हो रहा नुकसान

**अमृत विचार :** पीतल नगरी डिपो पर रोडवेज की बसों के परिचालक यात्रियों को ले जाने के साथ ही अनाधिकृत तरीके से बिना बुकिंग किए माल ढो रहे हैं। बिना टिकट काटे मंजिल तक तय सामान पहुंचाकर परिचालक और चालक आपस में रकम बांट लेते हैं। इससे निगम प्रबंधन को हर महीने लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

रोडवेज की बसों में माल ले जाने के लिए चालक या परिचालक को मोबाइल नंबर देना होता है। बाकी सब काम बस में सामान कहां रखना है, कैसे पहुंचाना है यह सब तय हो जाता है। ऐसा नजारा सोमवार को पीतल नगरी डिपो पर बरेली डिपो की बस में दिखा। दोपहर एक बजे रोडवेज के एआरएम प्रेम सिंह अपने डिपो कार्यालय में नहीं थे।

बसों में चढ़ने वाले यात्री अपना सामान लेकर चढ़ रहे थे। वहीं पीतल नगरी डिपो पर खड़ी बरेली डिपो की बस खाली थी। बस के परिचालक सीट पर बैठे थे। तभी एक निजी कंपनी का कर्मचारी माल के तीन बड़े-बड़े कार्टून लेकर बस में चढ़ा और चालक के केबिन में यात्रियों की सीट के आसपास अपने हिसाब से माल को रखने लगा। परिचालक फोन पर बात करने में लगे थे। माल सेट करने के बाद वह कर्मचारी परिचालक के पास पहुंचा और परिचालक ने उसे अपना मोबाइल नंबर तो दिया लेकिन सामान का कोई टिकट नहीं काटा। परिचालक से पूछने पर उसने अपना नाम हर्षित गुप्ता बताया। उसने बताया कि कर्मचारी को उसने अपना मोबाइल नंबर दे दिया है। बरेली में सामान पहुंचने पर उसका भुगतान हो जाएगा। परिचालक ने बताया कि इसमें चालक का भी हिस्सा भी होता है।

रोडवेज की क्षेत्रीय प्रबंधक मुरादाबाद ममता रानी ने कहा कि जिस डिपो पर यह सब हुआ है। वहां के एआरएम से मामले की जानकारी करेंगी।



बस में माल रखता निजी फर्म का कर्मचारी। ● अमृत विचार

# दुर्घटना में आईएफटीएम के छात्र की मौत

## लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, दूसरा घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पाकबड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार आइएफटीएम के छात्रों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों छात्र हवा में उछलकर पुल से सर्विस रोड पर जा गिरे। हादसे को अंजाम देने वाला चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आनन-फानन में दोनों को निजी अस्पताल में लेकर पहुंची, जहां रामपुर निवासी छात्र विपिन को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि बरेली निवासी घायल करन को उपचार के लिए भर्ती कर लिया। दोनों छात्र आइएफटीएम विश्वविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष में थे।

जनपद बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गुरगांव मुस्तकिल निवासी करन और रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र के नईमगंज निवासी विपिन आइएफटीएम विश्व विद्यालय में बीएससी फाइनल इयर के छात्र हैं।



सड़क हादसे में घायल छात्र को अस्पताल ले जाते लोग। ● अमृत विचार

- दोनों छात्र हवा में उछलकर पुल से सर्विस रोड पर जा गिरे

बताया गया कि सोमवार की दोपहर संस्थान से करन और विपिन बाइक से घर जाने के लिए निकले थे। जैसे ही बाइक सवार छात्र पाकबड़ा में टेम्पो स्टैंड ब्रिज के पास पहुंचे तभी दिल्ली की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि विपिन और करन हवा में उछलने के बाद ब्रिज से नीचे सर्विस रोड पर आकर गिरे। मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने दोनों घायल को दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने विपिन को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल करन का इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को थाने भिजवाया। जानकारी के बाद दोनों के परिजन पहुंच गए। पुलिस ने मृतक छात्र के भाई सुमित यादव की शिकायती पत्र के आधार अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पाकबड़ा थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कार चालक का पता लगाया जा रहा है।

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**अगवानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कांठ रोड मधुबनी पर हुए बाइक हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। नगर पंचायत अगवानपुर के मोहल्ला पझाया निवासी शाबान उर्फ बब्बू पुत्र इमरान सऊदी अरब में काम करता था। दो माह पूर्व ही वह घर आया था। रविवार रात्रि करीब ग्यारह बजे शाबान मुरादाबाद गया था। मधुबनी के पास बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेज परिजनों को सूचना दी। परिजन रोते हुए जिला अस्पताल पहुंच गए। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने शाबान को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर कॉसमॉस अस्पताल पहुंचे जहां युवक की मौत हो गई। परिजन सदमे में हैं। उन्होंने कार्रवाई से इनकार किया है।



### घर में घुसकर युवती को उठाने का प्रयास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भगतपुर थाना क्षेत्र में घर में सो रही युवती को पड़ोस में रहने वाले युवक ने जबदरस्ती उठाकर साथ ले जाने का प्रयास किया। युवती का भाई आया तो आरोपी ने चाकू से वार कर दिया।

भगतपुर क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 30 मई की रात लगभग 11 बजे वह अपने घर में सो रही थी। इसी बीच गांव में रहने वाला राहुल उसके घर में घुस आया। आरोपी ने जबरदस्ती युवती को उठाकर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। मना करने पर युवती के फोटो सोशल साइट पर वायरल करने की धमकी दी। शोर सुनकर युवती का भाई जाग गया और उसने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी राहुल ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और तमंचा लहराते हुए भाग गया। आरोप है कि बाद में युवती के परिजन शिकायत करने के लिए आरोपी के घर पहुंचे तो वहां उसने लाठी-डंडों से मारपीट की। जिसके बाद युवती ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। उससे पहले ही आरोपी युवक भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# शूटिंग रेंज से चली गोली किसान को लगी, घायल

संवाददाता, कांठ

- मुजफ्फरनगर पुलिस चांदवारी शूटिंग रेंज पर हुई घटना

**अमृत विचार :** मुजफ्फरनगर पुलिस चांदवारी शूटिंग रेंज पर हुई फायरिंग में एक गोली रेंज से लगभग 3 किलोमीटर खेतों में कार्य कर रहे किसान को गोली लग गई। जिससे किसान घायल हो गया। रेंज से कई बार दुर्घटनाएं होने से किसान व नागरिक दहशत में है।



घायल ओमराज।

खलीलपुर निवासी किसान ओमराज सिंह( 65 ) पुत्र डूंगर सिंह पुत्र शनि के साथ सोमवार सुबह खेत पर गए थे। ट्यूबवेल से पानी देने के लिए आज उनका नंबर लगा हुआ था। लगभग 3 किलोमीटर दूर बडौदा-फतेलापुर स्थिल अपने जंगल में खेतों की सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान चांदमारी रेंज स्थल से आई गोली ओमराज के बाएं हाथ में लग गई। घायल किसान को बेटा रेंज स्थल ले गया। जहां मौजूद अधिकारी ने उनके साथ सिपाहियों को थाना कांठ भेजा। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ से उन्हें मुरादाबाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। इंस्पेक्टर क्राइम रामनरेश यादव ने बताया कि शामली से पुलिस बल फायरिंग के लिए आया था।

### थ्री नॉट थ्री राइफल से दिया जाता है प्रशिक्षण

कांठ से लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित चांदवारी नाम से प्रसिद्ध शूटिंग रेंज स्थल है। जहां पीएसी, अर्द्धसैनिक बल, एनसीसी के छात्रों को थ्री नॉट थ्री राइफल से निशानेबाजी का प्रशिक्षण वर्षों से दिया जा रहा है। शूटिंग के लिए सोमवार, मंगलवार व बुधवार के दिन निर्धारित हैं। रेंज स्थल से चार किमी दूर पश्चिम की ओर कई बार गोली आने की घटनाएं प्रकाश में आ चुकी हैं। खलीलपुर के लोगों ने बताया कि वर्षों पूर्व देवराज की पत्नी भी गोली लगने से घायल हो गई थी। बहरहाल इस घटना से आसपास कार्य कर रहे किसानों में दहशत का वातावरण है।

# श्रुति बनी सायमीन ने रूपेंद्र संग लिए सात फेरे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- लखनऊ के आर्य समाज मंदिर में शादी कर सोशल साइट पर वायरल किए फोटो
- दिल्ली में रहकर नौकरी करते हैं दोनों, परिजनों ने वहीं दर्ज करवाई गुमशुदगी

**अमृत विचार:** जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव गोलापांडेय उर्फ सुंदलीपुर निवासी युवती सायमीन ने रूपेंद्र के प्रेम में सनातन धर्म अपना लिया। उसने अपना नाम श्रुति रखकर लखनऊ के आर्य समाज मंदिर में पहुंचकर प्रेमी संग सात फेरे लिए। दोनों एक गांव के निवासी और घर बराबर-बराबर में है। मामले की जानकारी के बाद से पुलिस अलर्ट हैं।

थाना छजलैट के गोलापांडेय उर्फ सुंदलीपुर निवासी सायमीन और पड़ोसी रूपेंद्र के बीच तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था लेकिन शादी के आड़े दोनों का धर्म आ रहा था। दोनों ने घर से भागकर शादी करने का मन बना लिया। पिछले कुछ माह से प्रेमी युगल दिल्ली में नौकरी कर रहे थे। तीन से चार दिन पहले दोनों लखनऊ पहुंच गए। जहां आर्य समाज मंदिर में सायमीन ने सनातन धर्म अपना लिया। उसे श्रुति नाम दिया गया। दोनों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए।

सोमवार की शाम शादी के फोटो सोशल साइट पर वायरल कर दिए। युवती बोली कि सनातन धर्म में महिलाओं का सम्मान है इसलिए सनातन धर्म को स्वीकार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल ने बताया कि दोनों दिल्ली में रह रहे थे इसलिए परिजनों की तरफ से वहीं पर गुमशुदगी दर्ज कराई है। यहां पर कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है।

### पुलिस अकादमी के नवागत डीआईजी से मिले व्यापारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने सोमवार को अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी के नेतृत्व में पुलिस उप महानिरीक्षक( पुलिस अकादमी) विकास कुमार वैद्य का कार्यभार संभालने पर पटका पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का हमेशा व्यापारियों के साथ जुड़ाव रहा है और आगे भी रहेगा। व्यापारियों को पुलिस की ओर से सहयोग और सम्मान मिलता रहेगा। स्वागत करने वालों में प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष रिजवान कामिल भी उपस्थित रहे।



पुलिस अकादमी के नवागत डीआईजी को बुके देते व्यापारी।

# बकरीद पर बिजली, पानी व सफाई का हो समुचित प्रबंध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ईद उल जुहा के मद्देनजर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष मोहिद फरगानी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उनको संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को दिया।

महानगर अध्यक्ष वकी रशीद एडवोकेट ने कहा कि आगामी दिनों में बकरीद का त्योहार है। इसमें कुर्बानी के लिए लोग पशु खरीदते हैं। बाजार में 95% पशु बेचने वाले हिन्दू भाई होते हैं और खरीदने वाले मुसलमान। जहां भी यह बाजार लगे वहां पर सफाई, पानी का समुचित प्रबंध हो। कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों ने जिस तरह नाम पूछ कर हिन्दू भाइयों को मारा है उसी सोच के तहत अलीगढ़ में मीट व्यापारियों को मारा गया। यह पाकिस्तानी सोच है इसका हमें विरोध करना चाहिए।

ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से अपील की कि बकरीद के दौरान बिजली-पानी बिना किसी रुकावट के मिले जिससे लोगों को परेशानी न हो। नगर निगम प्रशासन से सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने, नालों की सफाई कराने और सड़कों के गड्ढों को भरवाने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष मोहिद फ़रगानी एडवोकेट ने प्रशासन से ईद उल अजहा को देखते हुए सभी जरूरी प्रबंध सुनिश्चित कराने की मांग की। इस दौरान पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष युवा अहताशाम मंसूरी, जिपं सदस्य रईसुद्दीन, पूर्व जिलाध्यक्ष सलीम अहमद, आमिल एडवोकेट, तारिक अनवर, तालिब मालिक, जुल्फ़िकार ठेकेदार, आलमगीर, इंजीनियर आदिल, अशफ़ाक चौधरी, अतीकुर्रहमान, अबू बकर अंसारी, समीर, मुहम्मद फहीम, मुजीबुर्रहमान आदि मौजूद रहे।

- एआईएमआईएम के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को सौंपा



जिला प्रशासन की अधिकारी को ज्ञापन सौंपते एआईएमआईएम के पदाधिकारी।



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते विहिप व बजरंग दल के सदस्य। ● अमृत विचार

### बकरीद पर कुर्बानी के नाम पर न हो गोवंश का कटान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के प्रतिनिधियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर डीएम को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को दिया। इसके माध्यम से मांग उठाई कि बकरीद पर कुर्बानी के नाम पर गोवंश कटान नहीं होना चाहिए। कहा कि मुस्लिम समाज के लोग बकरीद पर कुर्बानी में करोड़ों पशुओं का कटान कर देते हैं। इसमें कई बाद हिंदू समाज के आस्था की प्रतीक गोमाता ( गोवंश) का भी कटान कर दिया जाता है। इसे रोका जाना चाहिए। क्योंकि इससे हिंदू समाज की आस्था को ठेस पहुंचता है साथ ही धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। यह कानून का भी उल्लंघन है। जिससे शांति व्यवस्था के भंग होने का खतरा भी रहता है। मांग उठाई कि सार्वजनिक स्थानों, सड़क, चौराहा आदि खुले स्थानों पर पशु कटान प्रतिबंधित किया जाए। गोवंश का कटान कतई नहीं होना चाहिए। कुर्बानी के बाद बचे हुए पशु अवशेषों का तुरंत गड्ढा खोदकर या अन्य किसी तरीके से निस्तारण कराया जाए। कोई नई परंपरा शुरू नहीं की जानी चाहिए। अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात किया जाए। ज्ञापन देने वालों में महानगर प्रमुख अभिनव भटनागर, रजत ठाकुर, रोहित वाल्मीकि, लक्ष्य कश्यप, सुधांशु मौर्य आदि शामिल रहे।

# पुस्तक तंज़ो-मिज़ाह का विमोचन

कार्यालय संवाददाता, मुरादबाद

- सोशल ऑर्गनाइजेशन व यूनानी तिब्बी संगठन का आयोजन
- नि:शुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर में लोगों को मिला उपचार

**अमृत चिचार:** गुजराती स्ट्रीट स्थित एक शादी हॉल में नेशनल सोशल ऑर्गनाइजेशन (एनएसओ) और ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी संगठन की ओर से सोमवार को निःशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।कार्यक्रम में उर्दू साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लेखक निहाल नाजिम की हास्य-व्यंग्य पर आधारित पुस्तक तंज़ो-मिज़ाह का विमोचन प्रसिद्ध पत्रकार, लेखक और इतिहासकार मासूम मुरादाबादी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान शरीफ से हुई, जिसे अब्दुल अहद ने प्रस्तुत किया।

एनएसओ के संस्थापक मिर्ज़ा अरशद बेग ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन लेखक निहाल नाजिम ने किया। उन्होंने मासूम मुरादाबादी द्वारा लिखित पुस्तकों पर प्रकाश डाला। लेखक फिरोज ख़ान ने कहा कि निहाल नाजिम एक नेक, संवेदनशील और शिक्षाविद लेखक हैं। मिर्ज़ा अरशद बेग ने कहा कि आज के समय में हास्य-व्यंग्य लेखन बहुत कम हो गया है, ऐसे में निहाल का यह शोध कार्य सराहनीय है।

मासूम मुरादाबादी ने कहा कि तंज़ो-मिज़ाह जैसे विषय पर इतनी गहराई से काम करना विशिष्ट उपलब्धि है। इसलाम अरशी, सैय्यद मोहम्मद हाशिम, अधिवक्ता सैय्यद ज़ुबैर ने विचार रखे। नई दिल्ली से आई यूनानी चिकित्सकों की टीम ने 300 रोगियों का परीक्षण कर निःशुल्क औषधियां वितरित की। इस अवसर पर मुफ़्ती आज़म, शफाअत खान, ज़ाहिद परवेज़, मास्टर कासिम, मुसर्रत हफीज अधिवक्ता, मूर्तज़ा इक़बाल, वसीम ख़ान और नौमान मिर्ज़ा आदि मौजूद रहे।




पुस्तक तंज़ो-मिज़ाह का विमोचन करते अतिथि। ● अमृत विचार

# छेड़छाड़ पीड़िता जूडो खिलाड़ी ने थाने पहुंच दर्ज कराया बयान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंगलवार को मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराएगी महिला खिलाड़ी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के जूडो फेडरेशन के सेक्रेटरी व जूडो कोच सतीश शर्मा के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला खिलाड़ी ने भोजपुर थाने में पहुंचकर बयान दर्ज कराया। खिलाड़ी का मेडिकल कराया गया। पुलिस महिला खिलाड़ी को उस फार्म हाउस पर भी लेकर पहुंची जो घटना स्थल है। जूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया ने कमेटी गठित कर दी है।

उत्तराखंड के देहरादून निवासी जूडो की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के अनुसार वह बीते साल वह पीआरडी ग्राउंड में प्रैक्टिस कर रही थी। 2024 में उनका सलेक्शन भोपाल साई (एनसीओइ) के लिए हो गया था, लेकिन महिला कोच ने वहां जाने से मना कर दिया। मुरादाबाद में प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुरादाबाद आकर कोच सतीश शर्मा की देखरेख में प्रैक्टिस शुरू कर दी। कोच ने अपने घर की तीसरी मंजिल पर रहने के लिए कमरा दे दिया। कुछ दिन तो ठीकठाक चलता रहा, लेकिन बाद में कोच सतीश शर्मा 12 मार्च को प्रैक्टिस करने की बात कहते हुए भोजपुर के गांव इस्लामनगर स्थित फार्महाउस पर ले गए। वहां जबरन छेड़छाड़ की। शिकायत करने पर धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि इस घटना से उसे गहरा झटका लगा। देहरादून के राजपुर थाने में जीरो रिपोर्ट दर्ज कराई। जो 29 मई को भोजपुर थाने पहुंची। सोमवार को पीड़िता मां के साथ दोपहर 12 बजे थाने पहुंची। वहां पर विवेचक ने बयान दर्ज किए। मंगलवार को मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराएगी। जूडो फेडरेशन आफ इंडिया ने शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी है। थाना भोजपुर प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि खिलाड़ी ने बयान दर्ज कराए है।

# दो प्रस्तावों में फिर फंसा बीकनपुर पुल

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बीकनपुर पुल का निर्माण अब स्थाई और अस्थाई निर्माण के दो प्रस्ताव की बीच झूल रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा आईआईटी रुड़की से सर्वे करा पुल का पक्का निर्माण कराने की पहल चल रही थी। डीएम अनुज सिंह ने ग्रामीणों की परेशानी देखते हुए एडीएम को लोक निर्माण विभाग और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम को सर्वे लिए भेजा था। जिसमें अस्थाई निर्माण के लिए मिट्टी डालकर जीयो बैग के सहारे तुरंत रास्ता खोलने की बात कही गई। हालांकि लोक निर्माण विभाग ने इसका 90 लाख का प्रस्ताव बनाया है। लेकिन अभी दोनों प्रस्तावों में से कौन से प्रस्ताव कार्य किया जाएगा ये तय नहीं हुआ है। इसके लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोक निर्माण विभाग से कई बार पत्राचार किया है।

सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की ओर कार्य में देरी हो रही है। लोक निर्माण विभाग ने पहले आईआईटी रुड़की से सर्वे कराया। जिसके लिए पत्राचार में लगभग 3 करोड़ 50 लाख का प्रस्ताव बनाया है। डीएम के निर्देश के बाद 3 मई को पुल का सर्वे किया गया था। जिसमें आपदा प्रबंधन और लोक निर्माण दोनों टीमें थी। वहां रहने वाले ग्रामीणों की परेशानी देखते हुए मिट्टी और जीयो बैग डालकर रास्ता बनाने की बात तय हुई ।जिसके लिए लोक निर्माण विभाग ने 90 लाख रुपये का प्रस्ताव बनाकर दिया है। अब सवाल है कि दोनों में कौन से प्रस्ताव पर मंजूरी कराई जाए। उधर पक्के निर्माण के लिए आईआईटी रुड़की का सर्वे भी जारी है। ऐसे में अस्थाई प्रस्ताव कार्य कैसे किया जाए इसके लिए लोक निर्माण विभाग के सीडी वन को पत्र लिख कर जानकारी मांगी गई है।



निमार्णाधीन बीकन पुल। (फाइल फोटो)

- लोक निर्माण विभाग ने पहले स्थाई और अब अस्थाई निर्माण का बनाया प्रस्ताव

## एक नजर

### शराब पिलाने से मना करने पर मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शराब पिलाने से मना करने पर दबंग युवकों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र की ग्राम कमालपुरी निवासी शाकिर पुत्र इबने हसन ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका भाई नासिर मजदूरी कर घर आ रहा था। कमालपुरी नहर के पास पीछे से गांव के ही सन्देश पुत्र हरकेश, भास्कर पुत्र सन्देश व भास्कर की मौसी का बेटा नासिर से शराब पिलाने की मांग करने लगे। नासिर के मना करने पर आरोपियों ने नासिर के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित किसी तरह घर पहुंचा तो आरोपी लाठी-डंडे लेकर वहां भी पहुंच गए और हमलावर हो गए। जिससे नासिर के सिर में गंभीर चोट आई हैं। चीख पुकार सुनकर आस पास के लोगों के आने पर आरोपी भाग निकले।

### किशोर लापता

**भोजपुर, अमृत विचार :** भोजपुर में कबाड़ी के गोदाम पर नौकरी कर रहा 17 वर्षीय किशोर अमित पटेल शुक्रवार की सुबह को 7 बजे कस्बे में स्थित कमरे से निकाला था जो वापस नही लौटा। परिजन परेशान हो गए। पुलिस ने किशोर के भाई अजय कुमार पटेल की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। अमित पटेल देवीगढ बैंती कुंडा प्रतापगढ का रहने वाला है।

### आज गुल रहेगी बिजली

**डिलारी, अमृत विचार :** डिलारी स्थित विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले गांव में जर्जर तार बदलने का काम चल रहा है। जिसे लेकर मंगलवार को काजीपुरा, गुतावाली,सिहाली खददर,मझौली सलेम सराय मुस्तफापुर, बढेरा, चटकाली आदि गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अवर अभियंता प्रेम प्रकाश ने दी।

# युवती का हत्यारोपी जेल भेजा

**मैनाठेर, अमृत विचार:** मैनाठेर थाना क्षेत्र में एक तरफा प्यार में युवक ने शनिवार की देर शाम खेत पर घास लेने गई युवती की चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई थी। रविवार सुबह शव मक्के के खेत में मिला। एसएसपी और एसपी देहात ने मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी। सोमवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

थाना मैनाठेर पुलिस व एसएसपी सतपाल अंतिल फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची थी।


हत्यारोपी रफी।

एसएसपी ने तीन टीमें गठित की थीं। पुलिस ने आरोपी रफी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। सोमवार को उसे मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। आरोपी के पास से आला कत्ल पेचकस और चाकु बरामद किया गया है।

### ठाकुरद्वारा के गोपी वाला में पाइप लाइन डालने के बाद भी आपूर्ति शुरू नहीं

# टंकी बनी शोपीस, 6 महीने से पानी का इंतजार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** हर घर जल योजना के अंतर्गत नगर से लेकर देहात क्षेत्र में कार्यदायी संस्था द्वारा बनाई गई पानी की टंकी शोपीस बनकर रह गई है। रास्तें खोदकर पाइप लाइन डालने के बाद भी पानी की आपूर्ति शुरू नहीं की गई है । जिससे ग्रामीणों में कार्यकारी संस्था के प्रति आक्रोश व्याप्त है ।

क्षेत्र के गांव गोपीवाला के करीब 2 वर्षों से पानी की टंकी के निर्माण के दौरान गांव के रास्तों में गड्ढे खोदकर आपूर्ति के लिए पाइपलाइन डाली गई। जिसके चलते रास्तों पर चलना भी मुश्किल हो गया। धर्मेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, जय प्रकाश सिंह ने बताया कि टंकी का निर्माण दिसंबर 2024 में पूर्ण हो चुका है। कार्यदायी संस्था के इंजीनियर ने बताया था कि जनवरी 2025 में ग्रामीणों को स्वच्छ जल की आपूर्ति कर दी जाएगी । लेकिन अभी तक लाभ नहीं मिल पाया और टंकी शोपीस बनकर रह गई।

#### बंजर पट्टी क्षेत्र में आता है गांव, पानी की किल्लत

ग्राम प्रधान ने बताया कि कई बार अधिकारियों को जानकारी दी जा चुकी है। टंकी व पाइपलाइन लगे करीब 4 महीने बीत चुके हैं। इसके बावजूद ग्रामीणों को स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। यह गांव बंजर पट्टी क्षेत्र में आता है। गर्मी पड़ते ही हैंड पंप पानी देना बंद कर देते हैं । जिससे लोग परेशान रहते हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी अधिकारियों के संज्ञान न लेने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। प्रधान ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर स्वच्छ पानी उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।


गांव गोपीवाला में बनी टंकी।

# सार्वजनिक जगह पर न दें पशुओं की कुर्बानी

### ईद उल अजहा को लेकर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** ईद-उल-अजहा को लेकर सोमवार को कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें त्योहार को एकता और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई।

सोमवार की शाम कोतवाली में आयोजित अमन कमेटी की बैठक में ईद उल अजहा को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। बैठक में सभी से उनकी समस्याएं भी पूछी गई। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर जयदेव सिंह यादव ने सभी को सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के बारे में बताया । उन्होंने कहा कि ईद उल अजहा पर कुर्बानियों को कुर्बानगाह में ही करें। सार्वजनिक स्थल पर उनके अवशेष नहीं डालें। किसी भी तरह की अफवाह ना फैलाएं और कहीं भी समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। बैठक में ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी रफी राजू ने बताया कि कुर्बानी के लिए कुर्बानगाह पूरी तरह से तैयार है। साथ ही अवशेष को दबाने के लिए भी पूरी व्यवस्था है। उन्होंने सभी से कहा कि गोश्त को ढककर निर्धारित मार्ग से ही अपने घर लेकर जाएंगे साथ ही ईदगाह में ईद की नमाज 7:30 बजे अदा की जाएगी। कपड़ा मंत्रालय के पूर्व सदस्य हाजी वाजिद हुसैन अंसारी ने कहा कि ईद के त्योहार पर साफ सफाई पानी और विद्युत आपूर्ति की पूरी तरह से सप्लाई दी जानी चाहिए। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने कहा कि विवाद नहीं होना चाहिए। बैठक का संचालन व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने किया। बैठक में पूर्व सभासद मोहम्मद कासिम ,ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी रफी राजू, मौलाना हसन रज़ा ,ग्राम प्रधान सलीम अहमद, मोहम्मद इकरार ,मोहम्मद आकिल ,रविंद्र चौधरी, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, सभासद आमिल सिद्दीकी, जरीफ अहमद समेत मस्जिदों के मौलाना ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।


अमन कमेटी की बैठक में मौजूद क्षेत्र के सम्मानित लोग।


अमन कमेटी की बैठक में बोलते क्राइम इंस्पेक्टर जयदेव सिंह यादव। ● अमृत विचार

#### त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील

**डिलारी, अमृत विचार :** सोमवार को थाना डिलारी परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी डिलारी मनोज कुमार ने की। बैठक में आने वाले पर्व ईद उल अजहा को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि कुर्बानी के जानवरों का खून नालियों में न बहाए, अवशेषों को गड्ढा खोदकर दबा दें। दूसरे समुदाय के लोगों से कुर्बानी छुपा कर करें। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी ना की जाए। त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। ईद उल अजहा के मौके पर आपसी सौहार्द भाईचारा गंगा जमुनी तहजीब कायम करने की अपील की गई। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर मोहम्मद अयूब, नगर पंचायत अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन,रईस अहमद, गब्बर, अफजाल हुसैन, राकेश फौजी, बलराम सिंह,हरपाल सिंह,फारूक आदि मौजूद रहे।

# बस ने साइकिल सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर, गंभीर घायल

संवाददाता, बिलारी

- बस ड्राइवर को पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पीछा कर कुंदरकी में पकड़ा, सीज की बस

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार लगातार डग्गामार वाहनों के संचालन बंद करने को लेकर लगातार प्रयासरत है वहीं मुरादाबाद के एसएसपी भी जनपद में लगातार बढ़ रहे सड़क दुर्घटनाओं को लेकर लगातार अभियान चला रहे हैं। इसके बावजूद डग्गामार वाहनों के चालक तेज रफ्तार से चल रहे हैं। बिलारी क्षेत्र में पिछले दो हफ्तों में सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की जान जा चुकी है।

सोमवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र के हाथीपुर गांव के पास साइकिल से जा रहे बुजुर्ग को डग्गामार बस ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से बिलारी क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी भी मुरादाबाद की तरफ जा रहे थे। उन्होंने तुरंत घायल को सीएचसी भिजवाया और खुद बस का पीछा कर कुंदरकी में पकड़ा लिया। हालांकि चालक फरार हो गया। बस को सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के खाबरी अव्वल गांव निवासी बुजुर्ग शाहिद पुत्र मल्लू साइकिल से बेटे की शादी के कार्ड बांटने जा रहे थे, जैसे ही वह हाथीपुर गांव के पास पहुंचे तभी बस ने उन्हें टक्कर मार दी थी। उन्हें सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।

**बाइक सवार को पिकअप ने मारी टक्कर:** कांठ में सोमवार को ग्राम रुस्तमपुर के पास हेम सिंह पुत्र तेजपाल निवासी शेरपुर थाना कांठ बाइक से मुरादाबाद की तरफ जा रहे थे। कांठ की ओर आ रहे पिकअप ने हेम सिंह की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसे गंभीर चोट आई, जिसे सीएससी कांठ रवाना किया गया। बाद में डॉक्टर द्वारा जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर किया गया है।

### कलियर शरीफ गए बालक की नदी में डूबकर मौत

**कांठ, अमृत विचार :** परिजनों के साथ कलियर शरीफ गया 11 वर्षीय बालक नदी में डूब गया। 4 दिन बाद गोताखोरों की सहायता से शव बरामद हुआ है। नगर के मोहल्ला घोसीपुरा निवासी तरवीर( 11) पुत्र तस्लीम अहमद माता आमना, दादा, चाची आदि कुल 10 परिजनों के साथ 29 मई को कलियर शरीफ गया था। वहां चार दिन पूर्व तनवीर चचेरे भाइयों के साथ एक नदी में नहा रहा था। नहाते हुए डूब गया। सुराग नहीं मिलने पर रुड़की पुलिस को घटना से अवगत कराया गया। गोताखोरों की सहायता से उसका शव नदी से बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सोमवार को शव कांठ लाया गया। लोगों की भीड़ मृतक के आवास पर एकत्र हो गई। भाकियू अराजनैतिक मंडल महासचिव जितेंद्र उर्फ जीतू बिश्नोई, जुल्फिकार ठेकेदार समेत कई लोगों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। मृतक के दफन संस्कार कर दिया गया है। दफन में सैकड़ों लोग शामिल रहे।



### न्यायालय के आदेश पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने न्यायालय में को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के जगजीत सिंह, जयवीर सिंह, महावीर सिंह व प्रदीप सिंह और विरेन्द्र सिंह उससे रंजिश रखते हैं। 23 मई की सुबह 8 :30 बजे आरोपियों ने उसके आने जाने वाले रास्ते को खोद कर अपनी पैड़ी बनाना शुरू कर दिया। मना करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। वह किसी तरह उनके चुंगल से छुट कर अपने घर आ गई तो आरोपी भी उसके घर में घुस आए और मारपीट करते हुए उसके साथ अश्लील हरकतें की जब महिला के पति ने विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर महिला ने कार्रवाई की मांग की लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर उसने न्यायालय की शरण ली । न्यायालय ने सुनवाई के बाद पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी ।

### लेखपाल से मारपीट के आरोपी खनन माफिया गिरफ्तार

**डिलारी, अमृत विचार :** थाना डिलारी पुलिस ने खनन माफिया को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। गांव काजीपुरा निवासी तीन भाई असिम, आरिफ और मुकीम अवैध खनन कर मिट्टी बेचने का काम काफी दिनों से कर रहे थे। तीन दिन पहले तीनों भाई रामगंगा नदी से अवैध खनन कर रेत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर बेचने के लिए ले जा रहे थे। हल्का लेखपाल रिजवान ने ट्रैक्टर रोकने का प्रयास किया। जिस पर तीनों भाइयों ने लेखपाल को पीट दिया। पीड़ित ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने सोमवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से आरोपी जेल भेज दिए गए।

### ई कचरा जलाने पर दो लोग गिरफ्तार

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने ई कचरा जलाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है । जिनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। उप निरीक्षक सुनील कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि सोमवार दोपहर नगर में शांति व्यवस्था को लेकर गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि शाहाबाद रोड पर सरिया फैक्ट्री के निकट खंडहर में दो लोग ई कचरा जला रहे हैं। मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम शालिब पुत्र शहजाद निवासी मोहल्ला नुरुल्ला गंज सहसवान जिला बदायूं और नदीम पुत्र बुंददू निवासी मोहल्ला अंसारियान बताया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भैंस सहित तीन पशु चोरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना तिलरी क्षेत्र के गांव आलमपुर चौहान निवासी अशरफ हुसैन पुत्र अहमद हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि रविवार में सोमवार की रात उसके तीन पशु घर के निकट पशुशाला में बंधे थे। रात्रि में किसी समय अज्ञात पशु चोरों ने पशु साल का ताला तोड़कर तीन पशु चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने पशु बरामद किये जाने की मांग की ।

### संसार सागर से पार होने के लिए मजबूत नौका है कथा

**बिलारी, अमृत विचार :** गांव पालनपुर में चल रही श्री राम कथा में कथा व्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने सोमवार को श्री राम की कथा सुनाई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने उमड़े। कथा व्या ने कहा कि कथा संसार सागर से पार होने के लिए मजबूत नौका के समान है। भगवान शिव पत्नी सती सहित कैलाश से तमिलनाडु में कथा सुनने गए, वापस आते समय देखा श्री राम पत्नी सीता के हरण के बाद जंगल में सीता की खोज में रोते हुए भ्रमण कर रहे थे। शिव ने राम को सच्चिदानंद कहकर प्रणाम किया। सती को संशय हुआ कि सांसारिक पुरुष की भांति रोने वाला व्यक्ति सच्चिदानंद कैसे हो सकता है। शिव के समझाने पर सती का संशय नहीं गया, तब शिव ने कहा कि सती तुम परीक्षा लेकर देख लो सती राम की परीक्षा लेने सीता बनकर गई। राम ने सीता को प्रणाम किया और पूछा धर्म की ध्वज धारण करने वाले शिव कहां हैं। उनकी पत्नी को अकेले जंगल में ऐसे नहीं घूमना चाहिए। इस मौके पर कथा में बृजपाल सिंह पाल,छत्रपाल सिंह, हरपाल सिंह,राजेंद्र सिंह,लवलेश, सर्वेंद्र सिंह आदि ने सहयोग दिया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन


तहसीलदार अंजली सिंह ज्ञापन देते भाकियू टिकैत पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

- भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक

**अमृत विचार:** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक मंडी समिति परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक के बाद पश्चिमी प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी संत दास पवार की गैरमौजूदगी में तहसीलदार अंजली सिंह को समस्याओं को लेकर 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन द्वारा अवगत कराया गया कि कांठ टाउन में नाले का बहने वाला पानी खादर क्षेत्र में खुला बह रहा है। जिससे किसानों की हजारों एकड़ जमीन बर्बाद हो रही है। क्षेत्र में तेंदुओं एवं बंदरों के बढ़ रहे आतंक को देखते हुए वन विभाग द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर समस्या को दूर करने की मांग की, आगामी गन्ना पेराई सत्र 2025-26 में अवध शुगर मिल स्योहारा एवं अन्य मिलों के केंद्रों पर गन्ना पर्ची 25 क्विंटल तक बनाए जाने की मांग की है। साथ ही किसानों के गन्ने में बढ़ रही बीमारियों को देखते हुए मिल एवं गन्ना विभाग द्वारा गन्ना संबंधित दवाइयों को अनुदान के रूप में किसानों तक पहुंचाया जाए, कांठ क्षेत्र में मृदा परीक्षण केंद्र खुलवाने, कृषि फीडर पर विद्युत आपूर्ति नियमित रूप से सुचारू कराए जाने, उपभोक्ताओं के खराब मीटरों को बदलवाने,नहरों में टेल तक पानी पहुचाने, आदि समस्याओं के बारे में अवगत कराया। शीघ्र ही समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस अवसर पर पश्चिमी प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरदीप बिश्नोई, तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह, अरविंद बिश्नोई, भविष्य बिश्नोई, विशाल, ओमराज सिंह, रामकला सिंह गुर्जर, विजेंद्र सिंह, राहुल चौधरी, सियाराम बिश्नोई,संदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

# अमन कमेटी की बैठक में उठा बिजली-पानी का मुद्दा

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** आगामी ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में सोमवार को अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वक्ताओं ने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के साथ पर्याप्त मात्रा में बिजली पूर्ति व पीने के पानी की आपूर्ति सुचारू ढंग से कराए जाने की मांग की।

सोमवार को कोतवाली परिसर में आयोजित अमन कमेटी की बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रीति सिंह व सीओ रुद्र कुमार ने ईद पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।


ठाकुरद्वारा कोतवाली परिसर में बैठक को संबोधित करतीं एसडीएम प्रीति सिंह।

- पुलिस-प्रशासन ने की ईद पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

नगर के लघु उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान, हाजी मुख्तियार सैफी, पूर्व प्रधान इलियास, अबरार सैफी आदि ने कहा कि विभाग की मनमानी से दिनभर विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे गर्मी में रहना दुश्वार हो गया है ।

नगर पालिका द्वारा पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। सभी ने एक स्वर में बिजली व पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। हाजी याकूब कुरैशी ने कहा कि नगर में कब्रिस्तान की भूमि में कुर्बानी की जाती है जो गैरकानूनी है। एसओ रुद्र कुमार ने इसका निस्तारण शीघ्र करने के निर्देश दिए। बैठक में मुफ्ती मोहम्मद अजीम, शहनवाज, सादिक सिद्दीकी, मुफ्ती खालिद, सादिक अली, अकिल मलिक, रामकिशोर, धर्मेंद्र, निर्मल, अयूब अहमद, मुस्तकीम, आदि मौजूद रहे ।

#### खुले में कुर्बानी न करने के निर्देश

अराजक तत्वों से सावधान रहकर संदिग्ध लोगों की सूचना पुलिस प्रशासन को दें। शहर इमाम ने नई परंपरा शुरू न करने और क्षेत्र में भाईचारे का माहौल बनाए रखने की अपील की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल ने खुले में कुर्बानी नहीं करने के निर्देश दिए।

## सपा विधायक ने सड़क परिवहन मंत्री को लिखा पत्र, हाईवे चौड़ीकरण की मांग

**बिलारी, अमृत विचार:** सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर मुरादाबाद-आगरा हाईवे 509 पर बढ़ रहे हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए पत्र लिखा है। जिसमें मुरादाबाद से चंदौसी तक हाईवे का चौड़ीकरण कराए जाने और डिवाइडर बनवाने की मांग रखी। इसके अलावा बिलारी में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए ओवरब्रिज अथवा बाईपास बनाए जाने की मांग उठाई। बताया कि हाईवे पर बिलारी की सीमा में तहसील, कोतवाली, रोडवेज, राष्ट्रीय एवं प्राइवेट बैंक के होने ओर नगर के मुख्य बाजार के पास होने के चलते अत्यधिक आवागमन रहता है जिस कारण नगर में जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम की समस्या से निजात दिलाए जाने के लिए ओवर ब्रिज अथवा बाईपास बनाने जाने की अति आवश्यकता है।

# सईद ने किया कन्यादान, एकता की मिसाल बना प्रेम विवाह


शिव मंदिर में कन्या दान करते मोहम्मद सईद लाला। ● अमृत विचार

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार:** प्रेम विवाह की रस्मों के बीच में युवती के पिता के चले जाने के बाद कुछ देर के लिए विवाह की रस्में रुक गईं। इस पर कस्बे के मोहम्मद सईद उर्फ लाला ने कन्यादान कर विवाह की औपचारिकताएं पूरी कीं। विवाह के बाद घर पर ताला लगा होने की वजह सेयुवक पत्नी को लेकर रिश्तेदारी में चला गया।

कस्बे के युवक और निकटवर्ती गांव की युवती में तीन सालों से प्रेम प्रसंग था। युवक के इंकार करने पर तीन दिन पहले युवती ने प्रेमी के घर डेरा डाल दिया था। रविवार को प्रेमी युगल में सहमति बन गई। सोमवार को प्राचीन शिव मंदिर में विवाह की तैयारियां चल रहीं थी। कन्यादान की बारी आई तो युवती का पिता और उनके साथ आए प्रधान मंडप छोड़कर चले गए। रस्में रुक गईं तो कस्बे के मोहल्ला फतेहपुरी निवासी मोहम्मद सईद की ससुराल युवती के गांव की है। ससुराल के गांव की बेटी होने के नाते मोहम्मद सईद ने कन्यादान समेत विवाह की सारी औपचारिकताएं पूरी कीं। घर पर ताला लगा होने की वजह से युवक पत्नी को लेकर रिश्तेदार के घर चला गया। विवाह हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल बन गया।

**कार्यक्रम** नगर पालिका की बोर्ड बैठक में वार्डों में विकास न होने का आरोप लगा सभासद का हंगामा

# नगर से अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पारित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** सोमवार को नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक अध्यक्ष इरफान सैफी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन लिपिक दीपक कुमार ने किया। नगर के अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गया।

बैठक में सभासद हनीफ अल्वी ने अपने व अन्य वार्डों में विकास कार्य न करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा शुरू कर अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर दिया। जिस पर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी व अन्य सभासदों ने उनसे भाषा शैली को लेकर कड़ी नाराजगी जताते हुए सदन में इस तरह की बात न करने की चेतावनी दी। साथ ही नगर के अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि वंदन योजना के तहत नगर की प्राचीन शिव मढ़ि मंदिर परिसर में विश्रामालय ( हॉल ) का निर्माण, परिक्रमा पथ, छादक का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, मरम्मत कार्य एवं बैंच और प्याऊ की स्थापना का कार्य व अन्य कार्य कराए जाएंगे। नगर पेयजल योजना को मजबूत करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। राज्य सेक्टर द्वारा संचालित नगरी पेयजल योजना के अंतर्गत नगर की जल निकासी की व्यवस्था सुदृढ करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही 5 करोड रुपये से जल निकासी की व्यवस्था सुधारी जाएगी। बकरीद पर सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए अलग से 26 सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इस दौरान पालिका बोर्ड की बैठक में भारी संख्या में सभासद मौजूद रहे।



नगर पालिका की बोर्ड की बैठक में सभासद हंगामा करता सभासद। ● अमृत विचार

- पालिका अध्यक्ष व अन्य सभासदों ने भाषा शैली को लेकर कड़ी नाराजगी जता दी चेतावनी

**नीलामी सूचना**

**किसान इण्टर कालिज असमोली (सम्भल)** की कृषि योग्य भूमि पर खेती करने हेतु नीलामी एक वर्ष के लिए दिनांक 10.06.2025 को प्रात: 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अपना प्रार्थना पत्र दिनांक 09.06.2025 तक सायं 3:00 बजे तक कार्यालय किसान इण्टर कालिज असमोली (सम्भल) में जमा करें।

**साधिकार नियंत्रक**
**किसान इण्टर कालिज असमोली (सम्भल)**

## एक नजर

### ओ-लेवल का प्रशिक्षण कराने के लिए चार संस्थाओं ने किया आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जीशान मलिक ने बताया कि पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राएं ओ लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 15 जून के बाद आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कराने के लिए चार संस्थाओं द्वारा चार संस्थाओं द्वारा आवेदन किया गया है। प्रशिक्षण कराने के लिए संस्थाओं द्वारा आवेदन किए जाने की 2 जून आखिरी तिथि थी। जिले की चार संस्थाओं की ओर से आवेदन किए गए हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि जहां से आवेदन आए हैं उन संस्थाओं की जांच की जाएगी। इसके बाद किन संस्थाओं को चयनित किया जाना यह तय होगा। उन्होंने बताया कि संस्थाओं का चयन होने के बाद 15 जून से पिछड़ा वर्ग के 18 वर्ष से अधिक के बेरोजगार छात्र-छात्राओं से आवेदन लिए जाएंगे और मेरिट के आधार पर उनका चयन किया जाएगा। बताया गया कि ओ लेवल का प्रशिक्षण पूरा होने के पश्चात प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

### प्राइवेट वाहन में मिलीं सवारियां, सीज

**रामपुर, अमृत विचार :** एआरटीओ ने अभियान चलाकर दो प्राइवेट वाहनों को सीज कर दिया। दोनों पर 50 हजार का जुर्माना डाला गया है। क्षेत्र में प्राइवेट वाहनों का उपयोग सवारियों को ढोने में किया जा रहा है। जिससे हादसे होने का खतरा बना रहता है। शासन से आदेश मिलने के बाद ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव ने अजीतपुर और रोडवेज बस अड्डे के पास चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें दो प्राइवेट वाहन सवारियां ढोते मिले। दोनों वाहनों को सीज करते हुए 50 हजार का जुर्माना लगाया है।

# शाहबाद में बस की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

## गुस्साए परिजनों ने चालक को पकड़ने को लेकर किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/ शाहबाद



**अमृत विचार:** भतीजे की शादी से वापिस आ रहे ग्रामीण की प्राईवेट बस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जहां दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। जहां सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

शाहबाद थाना क्षेत्र के भीतर गांव निवासी 55 वर्षीय भूरी सिंह रविवार को पास में स्थित गांव में अपने भतीजे की शादी में शामिल होने गए थे। रविवार रात को 10:31 पर शाहबाद में वेलकम मैरिज हाल के निकट प्राइवेट बस की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। आनन-फानन में घायल को सीएचसी लेकर भागे। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। जहां सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों ने बस चालक को पकड़ने के लिए हंगामा किया। किसी तरह से पुलिस ने मामले को शांत कराया।



अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन। अमृत विचार

### बाइकों की टक्कर में पांच लोग घायल

**पटवाई, अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र के रजोड़ा गांव के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पटवाई थाना क्षेत्र के डोहरिया गांव निवासी सूरज अपने भाई अर्जुन और बहन शिवानी के साथ पटवाई से अपने गांव डोहरिया जा रहा था। इसी दौरान मिलक की ओर से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल पर सवार वीरेंद्र अपने भाई के साथ पटवाई थाना क्षेत्र के सूपा गांव जा रहा था। रजोड़ा गांव के पास अचानक दोनों मोटरसाइकिलों की टक्कर हो गई। दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग सड़क पर गिर पड़े। गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत दुर्घटना की सूचना पटवाई पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पटवाई पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस की मदद से सभी घायल सूरज, अर्जुन, शिवानी और वीरेंद्र व उनके भाई को जिला अस्पताल भेजा। जहां उनका इलाज चल रहा है।

### जिला परिषद में मास्टर योग ट्रेनर ने लोगों को कराया योग

**रामपुर, अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय जिला परिषद में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल की तैयारी को लेकर मास्टर योग ट्रेनर प्रतीक्षा सक्सेना द्वारा जनपद के योग प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरिओम ने बताया कि 10, 11 और 12 जून को तीन दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रोशन बाग पार्क लोहिया पार्क आंबेडकर पार्क, गुरु गोविंद सिंह पार्क एवं किला मैदान में सभी योग प्रशिक्षकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के तहत प्रातः 7 :30 से 8 :30 बजे तक योगाभ्यास कराया जाएगा।

## घर में घुसकर महिला से की अश्लील हरकत

**रामपुर, अमृत विचार :** घर में घुसकर एक युवक ने महिला से अश्लील हरकतें की। जबरन युवक महिला को अपने साथ ले जाने लगा। विरोध करने पर उसको जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि अटरिया का मझरा निवासी सुल्तान उसको आए दिन परेशान करता है। उससे अश्लील बातें किया करता है।फोन करके भी उसको लगातार धमकाता है।

27 मई को रात करीब 12 बजे सुल्तान महिला के घर में घुस गया। उसके बाद महिला से अश्लील हरकतें करना शुरू कर दी। उसके बाद महिला को जबरन अपने साथ ले जाने लगा। विरोध करने पर उसको जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित उसके बाद थाने चली गई। जहां उसने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी को तलाश कर रही है।



ज्ञापन दिखाते सफाई कर्मचारी। अमृत विचार

### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियम विरुद्ध नहीं हटाया जाए

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष अनिल राज के नेतृत्व में काफी लोग एकत्र होकर नगर पालिका पहुंचे। जहां उन्होने ईओ को ज्ञापन देकर आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के बकाया वेतन एवं एरियर का भुगतान किया जाए। इसके अलावा अन्य समस्याओं के बारे में बताया।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष अनिल राज के नेतृत्व में काफी लोग एकत्र होकर नगर पालिका पहुंचे। उसके बाद ईओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियम विरुद्ध तरीके से नहीं हटाया जाए। आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के बकाया वेतन एवं एरियर का भुगतान किया जाए। आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान किया जाए। सभी कर्मचारियों की सूची यूनियन को उपलब्ध कराई जाए। जिसके बाद ईओ ने समस्याएं सुनने के बाद निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला महासचिव नवीन कुमार, गुड्डू वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।



कोर्ट जाते अब्दुल्ला आजम खां। अमृत विचार

### पूर्व विधायक की बहन की कोर्ट में गवाही पूरी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर, अमृत विचार :** पैन कार्ड और पासपोर्ट से जुड़े मामले में सोमवार को पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की मौसी ने गवाही दी जो कि पूरी हो गई। अब इस मामले में 6 जून को सुनवाई होगी। सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। इस दौरान अब्दुल्ला आजम खां भी कोर्ट पहुंचे। जहां उनके समर्थकों ने उनसे मुलाकात की। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां के ऊपर दो पैन कार्ड और दो पासपोर्ट मामले में मामले दर्ज हुए थे। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि सोमवार को पैन कार्ड और पासपोर्ट में बचाव पक्ष की ओर से चार गवाह आने थे। बचाव पक्ष की तरफ से तजीन फातिमा की बहन तनवीर फातिमा आई थी। जिनकी गवाही पूरी हो गई। एक गवाह ने डिस्चार्ज कर लिया। अब इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख छह जून लगाई है।

## दिव्यांग दुकानदार के घर की तोड़फोड़ और मारपीट

**संवाददाता पटवाई, अमृत विचार:** मथुरापुर कला गांव में एक दिव्यांग परचून दुकानदार के घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट की। पीड़ित ने पटवाई थाने में तहरीर देकर गांव के ही पांच युवकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मथुरापुर कला निवासी दिनेश जो कि स्वयं दिव्यांग हैं। अपनी परचून की दुकान बंद करके घर में खाना खा रहे था। गांव के ही कुछ लोगों ने उसका दरवाजा खटखटाने लगे। जब दिनेश ने पूछा कि कौन है, तो उन्होंने सिगरेट मांगने की बात कही। दिनेश ने उनसे थोड़ी देर रुकने को कहा क्योंकि वह खाना खा रहे थे। इतना सुनते ही सभी युवक आग बबूला हो गए। दिनेश के घर का दरवाजा तोड़ते हुए अंदर घुस आए। उन्होंने दिनेश और उनके परिवार को गालियां देना शुरू कर दिया। दिनेश और उनके पिता ने इसका विरोध किया, तो हमलावरों ने उनके साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गए। मारपीट के बाद, आरोपी युवक अपनी छत पर चढ़ गए। इस दौरान मुख्य आरोपी अपने साथियों को दिनेश और उनके परिवार को जान से मारने के लिए उकसाता रहा।

## एससी-एसटी कोर्ट ने दर्ज कराए केस को किया खारिज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक पर लगाए गए मुकदमे के एससी एसटी कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अब प्रबंधन शिक्षक और प्रधानाचार्य के ऊपर मानहानि का दावा करेगा। सिविल लाइन के ज्वालानगर निवासी महावीर सिंह विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षक है। उन्होंने 12 अक्टूबर 2023 को सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया था कि स्कूल के प्रबंधक विपुलआनंद ने उनके साथ जातिसूंचक शब्दों का प्रयोग किया था। जिसमें गवाह कॉलेज के प्रधानाचार्य आरटी शर्मा को गवाह बनाया था। उसके बाद मामले की जांच करते हुए सीओ सिटी ने झूठा मानते हुए उसमे एफआर लगा दी थी। वादी के खिलाफ धारा 182 की कार्रवाई के लिए किया था। जिससे शिक्षक परेशान हो गया। फिर शिक्षक महावीर सिंह इस मामले में पुन एससी एसटी कोर्ट में वाद दायर किया। जिसके बाद कोर्ट में लगातार तारीखे चल रही थी। उसके बाद दोनों ओर से गवाह पेश किए गए। उसके बाद 26 मई को कोर्ट ने केस को खारिज कर दिया। कॉलेज के प्रबंधक कहा कि अब शिक्षक महावीर सिंह व प्रधानाचार्य रामतीर्थ पर मानहानि का दावा होगा।

## कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं सरकार के कार्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीब कल्याण को समर्पित है। सरकार के कामकाज की वजह से देश में विकास की बहार है। अब तक सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में हुए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी।

राम विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में आने के बाद भी जनता के बीच रहती है। अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखती है। पिछले 11 वर्षों की बात की जाए तो भाजपा सरकार ने गरीबों को ध्यान में रखकर अपनी योजनाएं बनाई हैं। फिर चाहें हर गरीब को अन्न की बात हो या फिर प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड जारी करना हो। अब गरीबों को भी अपने इलाज के चिंता करने की जरूरत नहीं है, बल्कि उनका इलाज भी सुपर स्पेशिलिटी अस्पतालों में हो सकेगा। युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए विभिन्न योजनाओं में ऋण दिया जा रहा है। आठ जून को प्रेसवार्ता से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। 10 से 11 जून के बीच जिला स्तर पर प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रबुद्ध समागम होंगे। बदलता भारत मेरा अनुभव विषय पर नौ जून तक नौ जुलाई तक प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें प्रतिभागी अपनी वीडियो बनाकर एमजीओवी पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त 12 से 14 जून के बीच मंडल स्तर कार्यक्रम होंगे। 21 जून को सभी मंडल स्तर पर योग शिविरों का आयोजन होगा। 15 से 17 जून के बीच शक्ति केंद्रों पर चौपालों का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, जगपाल यादव, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, आकाश सक्सेना, अजीत गौतम, विकास पांडे आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यकर्ताओं का संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

## युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** एक युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जिससे वह 8 माह की गर्भवती हो गई। पंचायत में युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया।पीड़िता ने एसपी को शिकायत करके कार्रवाई की मांग की है। खजुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती का कहना है उसका दो साल से मिलक के गांव रठौंडा निवासी एक युवक से दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जहां युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दो साल तक संबंध बनाए। इस दौरान युवती आठ माह की गर्भवती भी हो गई। युवती के शादी करने की बात को कहकर वह टालता रहा। जब युवती के परिजनों का उसके गर्भवती होने की जानकारी मिली,तो युवती के परिजनों ने युवक पक्ष के लोगों से वार्तालाप की। जहां युवक पक्ष के लोगों ने शादी करने से इंकार कर दिया। उसके बाद युवक के मामा के घर पर 25 मई को पंचायत हुई,तो युवती ने सारा मामला पंचायत में रखा। युवक पक्ष के लोग शादी करने से इंकार किया। उसके बाद वहां से चले गए। पीड़िता ने खजुरिया थाने में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। पीड़िता ने एसपी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## बिजली विभाग के पांच अवर अभियंताओं को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों की संस्तुति के आधार पर पांच अलग-अलग क्षेत्र के अवर अभियंताओं को निलंबित किया। चार को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व की प्राप्ति में कमी, बल्कि एक को ट्रांसफार्मर की देखरेख नहीं करने के मामले में निलंबित किया गया है। अधीक्षण अभियंता अभियंता महफूज आलम ने बताया कि नवाब गेट बिजली घर में तैनात मोहम्मद इकरार, मिलक क्षेत्र के बिजली घर पीपला शिवनगर में तैनात राम भवन चौहान, बिलासपुर बिजली घर के गोदी में तैनात विनीत कुमार, मसवासी बिजली घर से सत्येंद्र पाल को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व की प्राप्ति नहीं होने के मामले में निलंबित किया। जबकि खौद बिजली घर में तैनात जयदीप मौर्य को ट्रांसफार्मर की देखरेख नहीं करने के मामले में विभागीय कार्रवाई की गई है। उधर एक्सईएन प्रथम पीके शर्मा ने बताया कि नवाब गेट बिजली घर में तैनात जेई मोहम्मद इकरार के सस्पेंड को लेकर अभी तक आदेश नहीं आया हैं। हां अगर ऐसा हैं तो फिर हटाया जाएगा। ऐसे मे शहर के अधिकतर बिजली घरों पर जेई के पद रिक्त हैं। एक एक के पास दो बिजलीघरों के चार्ज हैं।

### बिजली की कटौती से लोगों का बुरा हाल

शहर में बिजली कटौती से लोगों का बुरा हाल है। ऐसे में उपभोक्ताओं को न तो दिन में चैन, रात में सुकून नहीं मिल रहा है। ऐसे में शहर के अधिकतर मोहल्लों की आपूर्ति घंटो घंटो ठप रही है। जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। सोमवार को भी शाहबाद गेट, पहाड़ी गेट, बाजार अब्दुल्लागंज, जेल रोड और पुराने गंज क्षेत्र में बिजली की आवाजाही की स्थिति लगातार दिन भर जारी रही।

## बैठक में समस्याओं पर किया विचार

**रामपुर, अमृत विचार:** राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज के सभागार में दीनानाथ की अध्यक्षता में यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन की जनपदीय बैठक हुई। जिसमें जनपदीय कार्यकारिणी का विस्तार किया। एक वर्षीय प्रांतीय अधिवेशन मिर्जापुर में प्रतिभाग किए जाने के लिए विचार विमर्श किया। जिला मंत्री अक्षय भटनागर एवं जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार यादव ने जिले की समस्याओं व सुझावों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में मुजाहिद यार खां, जतिन कश्यप, सोमेन्द्र बहादुर सक्सेना, जितेंद्र सक्सेना, मुकेश श्रीवास्तव, मोहन सिंह, सुधीर सक्सेना, विष्णु शर्मा, महेन्द्र, श्याम कुमार रहे।

## घर में घुसकर फायरिंग करने का वीडियो वायरल

संवाददाता, पटवाई

**अमृत विचार:** क्षेत्र के लालपुर पट्टी खुर्द गांव में रविवार रात लोगों ने एक घर में घुसकर फायरिंग कर दी। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। आरोपियों ने लाठी-डंडे और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीण यादराम ने शिकायत में कहा रविवार रात रंजिश के चलते कुछ लोग घर में घुस आए। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट शुरू कर दी।हमलावरों ने जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर भी किया। जिसके बाद वे मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पटवाई थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा से मामले की जानकारी ली गई तो उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है।घटना का वायरल वीडियो भी प्रभारी निरीक्षक पटवाई संदीप मिश्रा के पास पहुंची है। उनका कहना है वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान कर रही है। अभी तक घटना के पीछे का सही कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप

### अपर पुलिस अधीक्षक ने लिया तैयारियों का जायजा



तैयारियों का जायजा लेते अपर पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**रामपुर,अमृत विचार :** पुलिस लाइन में जल्द ही आरक्षी की ट्रेनिंग शुरू होने वाली है। जिसको देखते हुए एएसपी ने पुलिस लाइन में तैयारियों का जायजा लिया। उसके बाद सभी को सही से तैयारियां करने के दिशा निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार ने पुलिस लाइन में भ्रमण कर आगामी आरक्षी प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण के लिए आरटीसी की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान निर्माणाधीन आवासीय भवनों,बैरकों, मैस क्लासरूम आदि का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की। संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### भाजपा नगर मंडल कोषाध्यक्ष का निधन



**टांडा, अमृत विचार :** भाजपा नगर मंडल टांडा के कोषाध्यक्ष तथा मरघटी वार्ड से पूर्व सभासद तरुण कुमार सैनी का सोमवार को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वे लंबे समय से किडनी की बीमारी से पीड़ित थे। उनके असमय निधन से भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में गहरा शोक व्याप्त है। निधन की खबर मिलते ही उनके निवास पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लग गया। भाजपा के नगर स्तरीय नेताओं सहित पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज व सरफराज आलम, मकसूद लाला समेत कई सामाजिक संगठनों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संवेदना जताई।

### प्रेम प्रकाश बने प्रांतीय उपाध्यक्ष



**रामपुर, अमृत विचार :** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की बैठक लखनऊ में आयोजित हुई। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र कुमार पांडे ने प्रेम प्रकाश को जिला संरक्षक के साथ-साथ प्रांतीय उपाध्यक्ष की भी जिम्मेदारी सौंपी है। उनसे आशा की है कि पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ पालन करेंगे। जिले की कार्यकारिणी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कर्मचारियों के हित में कार्य करेंगे।

### आरटीआई के तहत पीड़ित ने मांगीं सूचनाएं

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अजीतपुर निवासी सुंदर लाल आयुष विभाग में कर्मचारी थी। जोकि अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनकी बीमारी का पैसा अभी तक नहीं मिला है। इसके साथ ही उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटकाया था। चार अधिकारियों को नोटिस जारी किया था। उसके बाद पीड़ित ने अब वरिष्ठ कोषाधिकारी से आरटीआई के तहत सूचनाएं मांगी है। जिसमें कहा कि क्या मेडिकल ऑथरिटी शासन द्वारा आपको दी गई है। किस आधार पर बिल पर आपत्ति लगाई, सहित कई बिंदुओं पर जवाब मांगा है।

## खाद्यान्न की कालाबाजारी करने वाले डीलर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार:** नपं केमरी में उचित दर राशन विक्रेता निसार अहमद को खाद्यान्न की कालाबाजारी का दोषी पाए जाने पर पूर्ति विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। पांच मई को शिकायत मिलने का संज्ञान लेते हुए डीएम जोगिंदर सिंह ने प्रकरण की जांच कराने के लिए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व तहसीलदार की टीम गठित की थी। डीएसओ पूरन सिंह चौहान ने बताया कि टीम द्वारा उचित दर विक्रेता निसार अहमद की उचित दर दुकान का 21 मई 2025 को औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान दुकान के अग्रभाग पर अन्य आवश्यक सूचनाओं जैसे अंत्योदय कार्ड धारकों की सूची, नोटिस बोर्ड, रेट बोर्ड और विभागीय टोल फ्री नंबर नहीं पाया। भौतिक सत्यापन करने पर दुकान में गेहूं के 108 कट्टे (प्रत्येक 50 किग्रा.) व चावल के 157 कट्टे तथा चीनी 18 किलोग्राम पाई गई। दुकान में उपलब्ध खाद्यान्न के स्टॉक का मिलान विभागीय ऑनलाइन वेबसाइट से किए जाने पर खाद्यान्न सत्यापन में 46.686 कुंतल गेहूं, 71.954 कुंतल चावल और 0.09 कुंतल कम चीनी पाई गई। स्टॉक कम पाए जाने के कारणों के बारे में पूछने पर उचित दर विक्रेता द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

## यतीमखाना मामले में गवाही हुई पूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** यतीमखाने से जुड़े मामले में सोमवार को अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी हो गई। जिसके बाद पत्रावलियां 313 में लग गई है। अब 6 जून को सुनवाई होगी।

समाजवादी पार्टी के शासन काल में यतीमखाने में बने मकानों पर बुलडोजर चलवा दिया था। जिसमें सपा नेता आजम खां सहित कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी हो गई है। अब इस मामले में 6 जून को सुनवाई होगी।

## बॉडी बिल्डिंग में मिनहाल ने जीता मिस्टर इंडिया का खिताब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन बरेली के तत्वावधान में हुई मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में मिनहाल अकबर ने मिस्टर इंडिया का खिताब जीता। जबकि इस प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर डॉ. अली फैज जैदी रहे। बरेली में रविवार की रात हुई एडवांस बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन के फहीम रजा द्वारा कराई गई मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में पहली बार प्रतिभाग करने वाले मिनहाल अकबर ने मिस्टर इंडिया का खिताब जीत लिया। उन्होंने अपने कोच दानिश एजाज का आभार जताया है। आल इंडिया बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में काफी संख्या में बॉडी बिल्डर पहुंचे थे। जिसके कारण मुकाबला काफी कड़ा हो गया था। इस प्रतियोगिता में डॉ अली फैज जैदी ने भी भाग लिया और उन्होंने भी पहली बार ही प्रतियोगिता खेला और दूसरा स्थान हासिल किया। रामपुर के दोनों खिलाड़ी ऑल इंडिया में पहला और दूसरा स्थान पाकर खुश हैं। उनको बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



मिनहाल अकबर। अमृत विचार



डॉ. अली फैज जैदी। अमृत विचार

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


# लगातार साइकिलिंग से हृदय रोग जोखिम होता है कम

**साइकिल दिवस पर खास**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रोजाना साइकिल चलाना एक बेहतरीन एक्सरसाइज है। वजन कम करने में उपयोगी है। इसके अलावा हार्ट हेल्थ को मजबूत बनाने, मसल्स की मजबूती, इम्यूनिटी बूस्ट, तनाव कम करने, डाइजेशन सुधारने, एनर्जी लेवल बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण में मदद करता है। इसलिए हर व्यक्ति को साइकिल जरुर चलाना चाहिए।

तीन जून आज विश्व साइकिल दिवस है। व्यस्त जीवन में लोग साइकिल को एक तरह से भूल चुके हैं दिन भर बाइक या फिर कार पर चलने से जहां लोगों को मोटापा आता है। वहीं शरीर भी बीमारियों से ग्रस्त जाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को साइकिल अवश्य चलाना चाहिए। ताकि बीमारियों से बचा जा सके। आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप चौहान बताते हैं कि साइकिल चलाना हृदय रोग के जोखिम को कम कर सकता है। रक्त परिसंचरण में सुधार करता है। साइकिल चलाने से वजन कम करने में मदद मिलती है। पेट और कमर का मोटापा कम होता है।साइकिल चलाने से पैरों और कूल्हों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। साइकिल चलाना चिंता और अवसाद को कम करने में मदद कर सकता है। नियमित साइकिल चलाने से प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत हो सकती है।






चिरंजीव गुड्डू। अमृत विचार

सुनील यादव। अमृत विचार

## तैयारियां पूरी, आज होगा साइकिलिंग का आयोजन

**रामपुर, अमृत विचार :** उप क्रीड़ाधिकारी संतोष कुमार ने बताया विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में तीन जून को साइकिलिंग का आयोजन होगा। तैयारी पूरी कर ली गई है। फिट इंडिया मिशन के तहत परिवहन के एक साधन के रूप में साइकिल की विशिष्टता व बहुमुखी प्रतिभा तथा उनकी विश्वसनीयता और स्थायित्व को मान्यता देना। साइकिलिंग का आयोजन आंबेडकर पार्क से प्रात: 6:30 बजे प्रारम्भ होकर रोडवेज तिराहे से पहाड़ी गेट होते हुए शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी पर समाप्त किया जाएगा।

## साइकिल से ही स्कूल जाकर करते हैं पेड़-पौधों की देखभाल

शिक्षक चिरंजीव गुड्डू ने बताया गर्मियों की छुट्टी एवं समर कैंप में साइकिल से ही स्कूल जाकर पेड़-पौधों की देखभाल करते हैं। साइकिल चलाना अपने आप में ही एक संपूर्ण व्यायाम है जो कि व्यक्ति को सभी प्रकार की बीमारियों से दूर रखने में सहायक होता है। पहले उनका विद्यालय सैदनगर ब्लॉक में पूर्व मावि अहमदनगर कलां था। जो घर से 12 किलोमीटर दूर था, तो वह साइकिल से ही जाया करते थे। लगभग 12 वर्ष पहले कोसी नदी की बाढ़ में प्रानपुर के पुल का संपर्क मार्ग बह गया था, तब वह कोसी नदी में नाव पर साइकिल रखकर नदी पार कर विद्यालय जाया करते थे। साइकिल चलाने की प्रेरणा उन्हें अपने पिताजी से मिली थी जिन्होंने पूरे जीवन सिर्फ साइकिल ही चलाई।

**साइकिल की धीमी रफ्तार सेहत में मददगार:** कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने बताया कि आज की दुनिया बहुत तेजी से भाग रही है, लेकिन सेहत के रख रखाव के लिए साइकिल की धीमी रफ्तार मददगार बन रही है। जहां दुनिया में हर तरफ डेडलाइन प्रेशर, ध्यान में भटकाव और डिजिटल थकान हावी है वहीं सरल सी साइकिल एक शक्तिशाली स्वास्थ्य क्रांति के रूप में उभर रही है। उन्होंने बताया कि छह सालों से साइकिल का सहारा लेकर 15 हजार किमी भ्रमण कर चुका हूं। इस दौरान दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश की यात्राएं चर्चित रही हैं।

# नई पीढ़ी निडर होकर रखे अपनी बात: गिरीश बंसल

## यूपी बोर्ड व सीबीएसई के 50 मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मंत्री गिरीश बंसल ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं। मुखर व निडर होकर समाज के समक्ष अपनी बात को रखना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से सवाल-जवाब किए तो बच्चों ने रोचक तरीके से उनके उत्तर दिए।

अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वाधान में रविवार रात कोसी मंदिर स्थित उत्सव पैलेस में भजन संध्या एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ महासम्मेलन के राष्ट्रीय मंत्री गिरीश बंसल और अन्य पदाधिकारियों ने दीप जलाकर किया। उसके बाद कार्यक्रम में मन्नू एंड पार्टी द्वारा सुंदर एवं धार्मिक भजनों का गायकों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया। श्री वृन्दावन धाम एंव श्री राम के नगर तुम जाना जैसे भजन लय एवं ताल में प्रस्तुत किए। जिनको सुनकर भक्त झूमने पर मजबूर हो गए। उसके बाद मनोज अग्रवाल की देख- रेख में मेधावी छात्र-छात्राओं के अभिनंदन समारोह में टैन टापर्स में सीबीएसई व यूपी बोर्ड के हाईस्कूल तथा इंटर के कुल पचास छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया। जिसमें सीबीएसई हाईस्कूल की दयावती मोदी एकेडमी की छात्रा जस्मीन कौर को 99.20 प्रतिशत अंक तथा इंटर सीबीएसई आर एएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर के कार्तिक अग्रवाल को 98.60 अंक तथा यूपी बोर्ड के श्रीहरि इंटर कॉलेज की छात्रा कशिश गुप्ता को 90.80 प्रतिशत, इंटर में प्रिंस कश्यप जैन इंटर कॉलेज को 81.60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में डॉ. आलोक सिंघल ने मुख्य अतिथि का शाल ओढ़ाकर एवं मूवमेंट प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सभी सम्मानित छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मुख्य वक्ता भारत भूषण गुप्ता ने छात्रों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन कुमार जैन द्वारा की। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष दीपक गुप्ता एडवोकेट ने किया। विवेक गुप्ता, मुकुल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल द्वारा सभी कार्यों में सहयोग प्रदान किया गया। अध्यक्ष हरीश अग्रवाल द्वारा सभी का धन्यवाद एंव आभार व्यक्त किया।




स्टेज पर पुरस्कार के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं एवं पदाधिकारी। अमृत विचार

### ये लोग रहे मौजूद

वैद्य गुंजन अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, डीजीसी सिविल, डॉक्टर प्रखर अग्रवाल, शिवांग अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, एसके गुप्ता, रमेश अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, पारूल अग्रवाल एंव सीए पलक अग्रवाल,वेदप्रकाश वर्मा,शरद गुप्ता,राजीव अग्रवाल, रवीन्द्र गुप्ता,अभय कुमार, अजय अग्रवाल, उमेश सिंघल, राजकुमार अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, विनोद कुमार, एंव अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पीआरडी के ब्लॉक कमांडर 5 पांच घायल

**शाहबाद, अमृत विचार :** सोमवार की सुबह पीआरडी के ब्लॉक कमांडर श्रीपाल सिंह अपने दो होमगार्ड साथियों राजीव कुमार व कुंवर पाल के साथ थाना सैफनी से ड्यूटी करके वापस लौट रहे थे। लौटते समय शाहाबाद बिलारी मार्ग पर उनकी बाइक ढकिया चौकी क्षेत्र के ग्राम गहनी निवासी दीपक की बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर में दीपक की बाइक पर सवार विपिन शर्मा भी घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### नोटिस तामील कराने के लिए मांगी गई परमीशन

**रामपुर, अमृत विचार :** स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे द्वारा सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। सोमवार को भी सुनवाई हुई। विवेचना अधिकारी कोर्ट में पेश हुए और साक्ष्य दिखाए। विवेचना अधिकारी ने कहा कि एसपी के माध्यम से कर्नाटक जाने की परमिशन मांगी है। ताकि नोटिस तामील कराए जा सके। स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे द्वारा सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी कर दी थी। इस मामले में अधिवक्ता राम सिंह लोधी ने सिविल लाइन थाने में एक साल पहले मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। वकील राम सिंह लोधी ने बताया सोमवार को विवेचना अधिकारी कोर्ट पहुंचे।

## शहर में भारी वाहनों की इंट्री होगी प्रतिबंधित: डीएम

**रामपुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सिविल लाइन क्षेत्र में भारी वाहनों के आवागमन के कारण उत्पन्न होने वाली जाम की समस्या के समाधान के लिए रिवर साइड इन होटल के पास से शहर के अंदर होकर गुजरने वाले वाहनों को प्रतिबंधित किया जाएगा। नैनीताल, कैंची धाम और बिलासपुर को जाने वाले वाहनों को रिवरसाइड जीरो पॉइंट बाईपास से सीधे मोदी जिरॉक्स स्थित चौराहे होते हुए नवीन बिलासपुर बाईपास से जाने की अनुमति रहेगी। वाहन चालकों की सुविधा के लिए निर्धारित रूट पर जगह-जगह संकेतक लगवाए जाएंगे। वाहनों द्वारा निर्धारित रूट से गुजरने पर शहर में जाम की समस्या का समाधान हो सकेगा। जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को पांच दिवस में निर्धारित रूट पर सभी जरूरी कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

## त्योहार के दृष्टिगत जनपद में तैनात किए गए मजिस्ट्रेट

**रामपुर, अमृत विचार:** डीएम जोगिंदर सिंह ने बताया कि बकरीद स्थानीय चांद दर्शन के अनुसार सात जून को मनाया जाएगा। इसके तहत ईदगाह चौराहे पर तहसीलदार सदर कृष्ण कुमार चौरसिया, जामा मस्जिद पर नायब तहसीलदार सदर मानवेंद्र सिंह, थाना कोतवाली पर नायब तहसीलदार सदर देवेश पांडेय को तैनात किया है। थाना गंज पर अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंकित मित्तल, थाना सिविल लाइन पर जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, थाना टांडा पर तहसीलदार टांडा निश्चय कुमार को तैनात किया है। थाना स्वार पर तहसीलदार स्वार आकाश संत, थाना अजीमनगर पर खंड विकास अधिकारी स्वार ऋषि पाल, थाना मिलक खानम पर नायब तहसीलदार स्वार लोकेश कुमार तैनात रहेंगे। थाना बिलासपुर पर तहसीलदार बिलासपुर शिव कुमार वर्मा, थाना खजुरिया पर नायब तहसीलदार बिलासपुर राजेश कुमार, थाना केमरी पर नायब तहसीलदार बिलासपुर हरीश चंद्र सागर तैनात रहेंगे। थाना भोट पर खंड विकास अधिकारी बिलासपुर राजेश कुमार सिंह, थाना मिलक पर नायब तहसीलदार मिलक अंकित अवस्थी, थाना शहजादनगर पर खंड विकास अधिकारी मिलक धीरेंद्र पाल सिंह चौहान को तैनात किया। सैफनी पर खंड विकास अधिकारी शाहबाद प्रमोद सिंह, थाना शाहबाद पर तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चंद्रा तैनात रहेंगे। थाना पटवाई पर नायब तहसीलदार शाहबाद हरीश चंद्र जोशी एवं महिला थाना पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी की ड्यूटी लगाई गई है।

# शौर्य और अमन ने उत्तीर्ण की जेईई एडवांस परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/ मिलक

**अमृत विचार :** जेईई एडवांस्ड में जिले के दो छात्रों ने सफलता हासिल कर स्कूल और परिजनों का नाम रोशन किया है। शहर के व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल के छात्र शौर्य अग्रवाल ने जेईई एडवांस्ड में 99.61722293 परसेंटाइल के साथ 5186 रैंक प्राप्त की है। जबकि मिलक के अमन वाल्मीकि ने 825वीं रैंक पाई है। शौर्य अग्रवाल ने इसी वर्ष 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है और उसने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर ली। उनकी इस सफलता पर परिजनों और शिक्षकों ने प्रसन्नता जताई है। विद्यालय के निदेशक कुणाल नंदा, प्रधानाचार्य डॉ. वसंत गुप्ता ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मिलक प्रतिनिधि के मुताबिक नगर के मोहल्ला रौरा कलां निवासी विनोद कुमार वाल्मीकि के पुत्र अमन वाल्मीकि ने जेईई एडवांस परीक्षा परिणाम में 825 वी रैंक हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में नगर स्थित एसआरएम इंटर कॉलेज से कक्षा 12 में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। जिसके बाद उन्होंने कोटा मोशन एजुकेशन कोचिंग सेंटर से परीक्षा की तैयारी की। जिसमें उनके परिजनों का भी सहयोग रहा है। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद परिजनों में खुशी का माहौल है। परिजनो ने मिठाई खिलाकर छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**डीएमए के अध्ययन अरोड़ा ने पास की परीक्षा: रामपुर:** सोमवार को जेई एडवांस का परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें दयावती मोदी एकेडमी में पढ़ने वाले अध्ययन ने भी परीक्षा पास कर ली है। जानकारी मिलने के बाद अध्ययन के परिवार में खुशी की लहर छा गई। माता पिता ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं मित्रों ने फोन के माध्यम से बधाई दी।



बेटे को मिठाई खिलाते परिजन।



शौर्य अग्रवाल।



अध्ययन अरोड़ा।

## सार-संक्षेप

### बीएसए से मिले संघ के पदाधिकारी



बीएसए के साथ मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने बीएसए कल्पना देवी, स्वार बीईओ सुनील कुमार सक्सेना और पन्ना लाल सैनी को बाबा केदारनाथ के अंग वस्त्र पहनाए। इसके साथ ही कई बिंदुओं पर लेकर चर्चा की गई। इस दौरान अंजुम स्नेही सक्सेना भी मौजूद रहे।

### डॉ. चंद्रप्रकाश को साहित्य क्षेत्र में मिला भारत श्री सम्मान

**मिलक, अमृत विचार :** जयपुर की सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में नगर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.चन्द्र प्रकाश शर्मा को साहित्य के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के दृष्टिगत भारत श्री सम्मान से सम्मानित किया। इस मौके पर जयपुर के उद्योगपति व समाजसेवी अतुल कुमार शर्मा व कार्यक्रम की संयोजिका व भव्या फाउंडेशन की संस्थापिका डॉ. निशा माथुर ने राजस्थानी पगड़ी पहनाकर, कलश और अशोक स्तम्भ से सम्पृक्त रेड गोल्डन ट्रॉफी के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे साहित्य, कला, संगीत, समाजसेवा आदि विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय सेवाओं को समर्पित भारत सहित विश्व की लगभग 200 विभूतियों को सम्मानित किया।

### दबंगों ने ढोहरिया गांव में 200 पेड़ जलाए

**पटवाई, अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र के ढोहरिया गांव में दबंगों द्वारा एक दलित व्यक्ति के खेत में लगे करीब 200 पेड़ों को आग के हवाले करने का मामला सामने आया है। पीड़ित जयवीर पुत्र रामचंद्र ने पटवाई थाने में शिकायत की है। जयवीर के अनुसार जब उन्होंने अपनी आंखों के सामने अपने खेत के पेड़ों को जलते देखा। विरोध जताने पर आरोपियों ने गाली देते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उसे जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल भी किया। इस घटना के बाद जयवीर ने तत्काल पटवाई थाने में लिखित शिकायत दी है। पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों में सैदनगर को 5वां स्थान

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले की आकांक्षात्मक विकासखंड सैदनगर में निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप विकास कार्यों को प्रभावी बनाने के लिए शासन द्वारा प्रदेश में पांचवां स्थान तथा मंडल में प्रथम स्थान प्रदान किया है। आकांक्षात्मक विकास खंड में मुख्य आधार स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक विकास एवं आधारभूत ढांचे के 50 इंडिकेटर्स के अनुसार कार्य कराया जा रहा है। विकासखंड सैदनगर को वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कराए गए कार्यों में प्रदेश के 108 विकास खंडों में पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल के नेतृत्व में सैदनगर को 50 इंडिकेटर्स के सापेक्ष 12 इंडिकेटर्स के तहत संतृप्त कर लिया। एवं 36 इंडिकेटर ऐसे हैं जिनमें विकासखंड में बेहतरीन कार्य कराए गए हैं।टीबी मरीजों को चिन्हित करने और उन्हें इलाज प्रदान करने में विकास खंड को शत प्रतिशत सफलता प्राप्त हुई है।

### भाजपा नगर अध्यक्ष के पिता को पीटा

**स्वार, अमृत विचार :** रंजिश के चलते भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष के घर पर धावा बोलकर उसके पिता को ग्राम प्रधान के देवर और साथियों ने मारपीट करने के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष ने तीन लोगों को नामजद कर तहरीर पुलिस को दी है। क्षेत्र के गांव लखीमपुर निवासी देवेंद्र कुमार दिवाकर स्वार भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष है। नगर मंडल अध्यक्ष के पिता मुंशीलाल दिवाकर और गांव की ही महिला प्रधान के देवर रामवीर के बीच काफी समय से रंजिश चली आ रही है। सोमवार को रंजिश के चलते प्रधान के देवर ने अपने साथियों के साथ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष के घर पर लाठी डंडे लेकर धावा बोल दिया। घर में मौजूद नगर अध्यक्ष के पिता से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दबंगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनके पिता से मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग आ गए। दबंग जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### जौहर विश्वविद्यालय में कल होगी प्रिंसिपल मीट

**रामपुर, अमृत विचार :** मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में 4 जून को प्रिंसिपल मीट होगी। कार्यक्रम की संयोजक उज्मा ने बताया कि प्रिंसिपल मीट में आसपास के जिलों के माध्यमिक स्कूलों को प्रधानाचार्य शामिल होंगे। प्रधानाचार्यों को विश्वविद्यालय में संचालित संकायों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 4 जून को विश्वविद्यालय स्थित रवींद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम में बैठक होगी।

### निर्माण पर चली आरडीए की जेसीबी

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन क्षेत्र में बिना नक्शे के निर्माण कराया जा रहा था। जिसके बाद कुछ दिनों पहले आरडीए की टीम ने जाकर लोगों को चेतावनी दी थी,लेकिन उसके बाद भी लोगों ने नक्शा पास नहीं कराया। जिसके बाद सोमवार को टीम ने मालवती देवी,शकुंतला देवी,उमेश गौतम, सुरेंद्र सिंह यादव के निर्माण पर बुलडोजर चलाया।

### निविदा कर्मियों से शौचालय साफ कराने का आरोप

**रामपुर, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र पर तैनात निविदा कर्मियों ने अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र सौंपकर जांच करके दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग है। विद्युत विभाग के सिविल लाइंस स्थित उपकेंद्र पर तैनात निविदा कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार और मानसिक शोषण का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने अधिशासी अभियंता प्रथम खंड को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। उपकेंद्र पर कार्यरत निविदा कर्मी विजय रावत और अब्दुल फरीद ने कहा कि अवर अभियंता द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। आरोप है कि उनसे तय समय से अधिक कार्य लिया जा रहा है और काम न मानने पर नौकरी से निकाले जाने की धमकी दी जाती है। आरोप है कि अवर अभियंता, उपखंड अधिकारी का नाम लेकर निविदा कर्मियों पर दबाव बनाते हैं और अपने चहेते कर्मियों से ही लाभकारी कार्य कराते हैं। जिससे उनकी मानसिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। कहा कि वाल्मीकि समाज से आने वाले विजय रावत एवं उनके साथी के साथ अमानवीय व्यवहार हुआ है।

### डीसी डीएफ भवन परिसर में भंडारा आज

**रामपुर, अमृत विचार :** विकास भवन के सामने डीसी डीएफ भवन के प्रांगण में 3 जून अपराह्न 12 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त डॉ. गणेश गुप्ता ने कहा कि डीसीडीएफ भवन के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया जा जाएगा।

## एक नजर

### नींद आने पर वृद्धा बाइक से गिरकर गंभीर घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** बुलंदशहर के रामघाट थाना क्षेत्र के गांव कनी का नगला निवासी वृद्धा रामश्री पत्नी छोटे लाल साकार हरि की शिष्या है। वह अपने सत्संगी गुरु भाइयों से मिलने रजपुरा क्षेत्र के गांव सेतुआ आई थी। सोमवार को गुरु भाई सुनील की बाइक से गांव लौट रही थी। दोपहर करीब 12 बजे आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव इटउआ के पास झपकी आने पर बाइक से गिर गई और सिर में काफी चोट आ गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर किया गया है।

### शिविर में बच्चों को कराया योगाभ्यास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद नव उदय शाखा की ओर से पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन पंडित गोविंद वल्लभ पंत जूनियर हाईस्कूल में किया गया। सोमवार को पहले दिन पराग बंसल द्वारा बालकों को योग प्रशिक्षण दिया गया। मोहित गोयल ने संस्कार पर व्याख्यान दिया। पूजा रानी द्वारा बच्चों को नृत्य प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान विकास गोयल, अतुल शंकर चौधरी, शहनाज, शिखा सक्सेना, अजय शर्मा, नव्या गोयल आदि मौजूद रहे।

### शादी समारोह में मारपीट, पांच गिरफ्तार

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गुन्नौर क्षेत्र के गांव रायपुर में रविवार शाम को एक विवाह समारोह में शामिल होने आए एक व्यक्ति की बाइक से किसी को हल्की सी टक्कर लग गई। इसी बात पर आपस में कहा सुनी शुरू हो गई। बात बढ़ी तो दो पक्ष लाठी डंडे लेकर आपस में भिड़ गए। किसी ने पुलिस को फोन कर दिया तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके से दोनों पक्षों के कैलाश, अर्जुन सिंह, सुघड़ पाल, बिजेन्द्र और रामखिलाडी को हिरासत में ले लिया।

### पुलिस ने दबोचा पॉक्सो एक्ट का आरोपी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एक ग्रामीण ने 26 मई को कोतवाली में दी तहरीर में कहा था कि उनकी नाबालिग पुत्री को बड़ा महादेव निवासी राहुल शर्मा बहला-फुसला कर ले गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस ने आरोपी को सोमवार की सुबह 10 .50 बजे बहजोई रोड स्थित संभल तिराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया ।

# खुले में व प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न की जाए

## ईद उल अजहा पर पीस कमेटी की बैठक में डीएम,एसपी ने दिया सख्त संदेश, भाईचारे से त्योहार मनाने की अपील

संवाददाता,बहजोई

- डीएम ने लोगों से की त्योहार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील
- पशुओं की कुर्बानी का सोशल मीडिया पर न करें वीडियो वायरल: एसपी

**अमृत विचार:** ईद उल अजहा को लेकर बैठक में धर्म गुरुओं व नागरिकों से डीएम एसपी ने सीधा संवाद किया। डीएम ने खुले में कुर्बानी न करने की हिदायत दी। साफ कहा कि प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी पर सख्त कार्रवाई होगी। एसपी ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि त्योहार पर सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सभी सहयोग करें। नई परंपरा न डाली जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं न दी जाए। कोई कुर्बानी खुले में नहीं होगी। डीएम ने धर्म गुरुओं से कहा कि कुर्बानी का कार्य 7 जून एवं 8 जून 9 जून को दोपहर 3 बजे तक निपटा लें। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि त्योहार के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमण शील रहते हुए शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखें। धार्मिक संवेदनशील मामलों में माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोई भी व्यक्ति कुर्बानी से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करे, न ही शेयर करें। बैठक में सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक भाटी, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, एसडीएम संभल वंदना मिश्रा, गुन्नौर दीपक चौधरी, चंदौसी निधि पटेल, डिप्टी कलेक्टर विकास चंद्र सहित जनपद के सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे।



धर्मगुरुओं के साथ बैठक करते डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया, एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई।

## दूसरों की भावनाओं का सम्मान कर मनाएं त्योहार

**गुन्नौर, अमृत विचार :** ईद- उल-अजहा सहित आगामी त्योहारों को लेकर कोतवाली में शांति समिति की बैठक में एसडीएम दीपक चौधरी और सीओ दीपक तिवारी ने पशुओं की कुर्बानी के लिए सरकारी गाइडलाइन का हवाला देते हुए दिशा निर्देश दिए। कहा कि खुले में और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी हालत में नहीं हो। अवशेष नगर पंचायत द्वारा खुदवाए गड्ढों में दफन करें। धार्मिक भावनाएं आहत होने वाले कृत्य न करें। कुर्बानी के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल न करें। पर्व शांति और सहयोग के साथ मिल-जुलकर मनाएं। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने कहा कि माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पूर्व चेयरमैन हाजी आरिफ अली, सरदार प्रताप सिंह, अकील खान उर्फ गुड्डू, हाफिज अब्दुल मुजीब, मौलाना सलीम नदवी, मौलाना उवैस नदवी, मौलाना बिलाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



अमन कमेटी की बैठक में लोगों से संवाद करते एसडीएम व सीओ।

# डीआईजी ने एसपी दफ्तर का किया निरीक्षण

संवाददाता बहजोई

- कर्मचारियों को निष्ठा, मेहनत व समर्पण से दायित्व निर्वहन के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** जनपद दौरे पर पहुंचे डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी ने एसपी दफ्तर का वार्षिक निरीक्षण किया। वहीं विभिन्न शाखाओं में पहुंचकर निरीक्षण कर अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्हें व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। कर्मचारियों को निष्ठा, मेहनत, लगन व समर्पण की भावना से अपने दायित्व निर्वहन करने के निर्देश दिए।

एसपी दफ्तर में डीआईजी मुनिराज जी को सर्वप्रथम गार्द ने सलामी दी। इसके बाद डीआईजी ने वाचन कार्यालय, पत्र व्यवहार शाखा, अंकित शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ, विशेष जांच प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न रजिस्टर अभिलेखों का अवलोकन करते हुए सही से रखरखाव रखने के निर्देश दिए। कर्मचारियों से कहा कि कोई भी फाइल किसी भी कार्यालय में लंबित न रहे।

इसका विशेष ध्यान रखा जाए। रजिस्टर में अभिलेख पूरे हों। उन्हें व्यवस्थित तरीके से रखा जाए। जिससे किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई, एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा, सीओ संभल आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।



एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई को निर्देश देते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

### नखासा थाने पहुंचे डीआईजी, बोले- बेहतर रहे अभिलेखों का रखरखाव

**संभल, अमृत विचार :** डीआईजी मुनिराज जी ने नखासा थाने में कार्यालय, हवालात, बैरक, मालखाना, भोजनालय व शस्त्र आदि को देखा। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। महिला हेल्प डेस्क अभिलेख, महिला बीट अभिलेख, अपराध रजिस्टर आदि को भी चेक किया। कहा कि ड्यूटी के दौरान बाजार, सर्राफा दुकान, चौराहों, गली, नुक्कड़ों आदि पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। नियमित रूप से बैंक व एटीएम चेकिंग, मुख्य चौराहों, सड़कों, ढाबों, होटलों, बस स्टैंड, पेट्रोल पंपों आदि संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग की जाए। रात्रि गश्त करने के साथ ही आमजन से अच्छा व्यवहार करते हुए सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को कायम रखने को कहा। चौकीदारों से वार्ता कर ड्यूटी बताकर निर्देश दिए। इस दौरान एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई, एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा और सीओ मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** संभल मार्ग पर कार चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दो युवक घायल हो गए जिन्हें कार चालक ने स्वयं के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सनी व आनंद पुत्रगण इंदपाल, आशीष निवासी दूनपुर थाना फैजगंज बेहटा जनपद बदायूं व मोहन निवासी नीवरी फतेहपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद दो बाइकों से सोमवार की सुबह 10 बजे संभल रोड स्थित ग्राम जनेटा के पास स्विमिंग पूल में नहाकर अपराह्न 3 बजे अपने घर लौट रहे थे। संभल मार्ग स्थित रेलवे फाटक के पास सामने से आ रही बाइक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार प्रदीप व सनी गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक ने खुद घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# आवास योजना में लापरवाही में ग्राम विकास अधिकारी निलंबित

संवाददाता, बहजोई

- सीडीओ ने आवास संबंधी समीक्षा बैठक में वीडीओ की लापरवाही पकड़ी
- अन्य लापरवाह ग्राम विकास अधिकारी को भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री आवास योजना में लापरवाही को लेकर सीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। अन्य लापरवाह सचिवों को भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने मुख्यमंत्री आवास योजना को लेकर विकासखंड बनिया खेड़ा की समीक्षा की तो पाया कि दिसंबर और जनवरी महीने से ग्राम विकास अधिकारी सत्येंद्र सिंह के 12 आवास अधूरे पड़े हैं। मार्च में पहली किश्त दिए जाने के बाद भी उन्होंने आवास बनवाने में रुचि नहीं दिखाई। जबकि दूसरी किश्त भी मई में दे दी गई थी। वह अपने कार्य स्थल से लगातार अनुपस्थित रहे । सीडीओ ने जिला विकास अधिकारी रामाशीष को निर्देश देते हुए कहाकि ग्राम विकास अधिकारी सत्येंद्र सिंह को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित किया जाए। सीडीओ ने कहा कि जो ग्राम विकास अधिकारी समय पर आवास पूरे नहीं करेंगे या इसमें लापरवाही उजागर होगी तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसलिए सभी ग्राम विकास अधिकारी समय से मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवासों को पूरा करे। नहीं तो कार्रवाई को तैयार रहें।

## 15 ई-रिक्शा किए सीज, 2.25 लाख जुर्माना वसूला

**संभल,अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर संभल में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने दूसरे दिन सोमवार को भी अवैध ई रिक्शों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की।

एआरटीओ प्रशासन एवं प्रवर्तन डॉ.पीके सरोज, सीओ यातायात डॉ.प्रदीप कुमार सिंह और पीटीओ योगेंद्र यादव ने चौधरी सराय चौराहा समेत कई क्षेत्रों में चेकिंग की। 14 अपंजीकृत और 1 पंजीकृत ई रिक्शा को सीज करते हुए मंडी समिति में खड़ा कराया। 2 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। निजी वाहनों का व्यावसायिक प्रयोग करने और ओवरलोडिंग को लेकर दो वाहनों को सीज किया। एआरटीओ ने बताया कि दो दिन में 24 अपंजीकृत ई रिक्शों को बंद कराने के साथ ही 10 ई रिक्शों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।

# अवैध कब्रिस्तान पर चला बुलडोजर

- एसडीएम के निर्देश पर शहर से सटे आलम सराय में की गई कार्रवाई
- तहसीलदार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कब्जा मुक्त कराई बंजर भूमि
- प्राचीन चतुर्मुख कूप से सटी है बंजर भूमि, कूप का चल रहा जीर्णोद्धार कार्य

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शहर से सटे गांव आलम सराय में प्राचीन चतुर्मुख कूप के पास बंजर भूमि पर अवैध कब्रिस्तान पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर कब्जा मुक्त कराया।

गांव आलम सराय में प्रशासन द्वारा चतुर्मुख कूप का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। इसी कूप के बराबर में लगभग एक बीघा बंजर भूमि पर कब्जा कर कब्रिस्तान में शामिल कर लिया था। लोगों की शिकायत पर एसडीएम ने कार्रवाई के निर्देश दिए। सोमवार को तहसीलदार धीरेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर पुलिस बल के साथ पहुंचे। जमीन की नाप जोख कराई तो साफ हुआ कि एक बीघा सरकारी भूमि राजस्व रिकार्ड में बंजर भूमि के रूप में दर्ज है। निशान लगवाने के बाद प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर भूमि को कब्जा मुक्त कर दिया। तहसीलदार धीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस भूमि पर लगभग 15 वर्ष से कब्जा था। इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। उनकी तरफ से आगे की कार्रवाई के निर्देश मिलेंगे।



आलम सराय में सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराते तहसीलदार व राजस्व टीम।

# प्रवेश प्रक्रिया संबंधी समस्याओं का होगा समाधान

कार्यालय संवाददाता, संभल

- गुरु जंभेश्वर विवि के कुलपति ने संभल जिले के डिग्री कॉलेजों के प्राचार्यों संग की बैठक

**अमृत विचार :** एमजीएम कॉलेज संभल में नवगठित गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी ने संभल जिले के अनुदानित, राजकीय एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक कर समस्याओं को जाना। कुलपति ने नए सत्र में होने वाली प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया और महत्वपूर्ण जानकारी दी।

बैठक में कुलपति ने कहा कि इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इसमें जो भी समस्याएं आ रही हैं उनके लिए महाविद्यालय एक हेल्प डेस्क बनाकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को सरल करें। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट जीजेयूएम डॉट एसी डॉट इन पर प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। यूपीआई क्यू आर कोड के साथ नकद भुगतान का विकल्प भी है। कहा कि विश्वविद्यालय का कुल गीत, लोगो और ध्येय वाक्य भी तैयार है, जिसे जल्द ही लोकार्पित किया जाएगा। जल्द ही कुछ परास्नातक पाठ्यक्रम की पढ़ाई विश्वविद्यालय कैंपस में शुरू की जाएगी। उन्होंने शिक्षकों और छात्र-छात्राओं से नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया से जुड़ने का आह्वान करते हुए एनडीएलआई क्लब का सदस्य बनने का आग्रह किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र सिंह ने कुलपति और प्राचार्यों का धन्यवाद किया। बैठक में एसएम कॉलेज चंदौसी के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. दानवीर सिंह यादव, प्रभारी प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार, प्राचार्य डॉ. राष्ट्रवर्धन, प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.अलका रानी अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार आदि रहे।



एमजीएम कॉलेज में प्राचार्यों के साथ बैठक करते कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी। ● अमृत विचार

# दो गांवों में आठ नलकूपों से हजारों का सामान चोरी

संवाददाता, संभल/असमोली

**अमृत विचार :** संभल जिले में चोर लगातार नलकूपों को निशाना बना रहे हैं। अब असमोली थाना क्षेत्र के दो गांवों में 8 नलकूपों से स्टार्टर, आपरेटर आदि सामान चोरी कर ले गए। किसानों ने पुलिस को तहरीर दी है।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर जसकोली के कपिल के नलकूप की कोठरी का ताला तोड़कर चोर स्टार्टर, ऑपरेटर और केबल चोरी कर ले गए। इसी तरह विजयपाल के नलकूप से भी स्टार्टर, ऑपरेटर और केबल चोरी किया। खेमपाल और पुष्पेंद्र के नलकूपों से भी सामान चोरी किया। वहीं गांव गरवारा के हामिद, कैलाश, इतवारी और जियाउल के नलकूपों से चोरों ने सामान समेट लिया। सोमवार को सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो चोरी का पता लगा। किसानों ने असमोली थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। दो दिन पहले चोर ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव पेली में तीन नलकूपों से सामान चोरी कर ले गए थे। इससे पहले नखासा और कैला देवी थाना क्षेत्र में भी नलकूपों पर चोरी की वारदातें सामने आ चुकी हैं।



चोरी के बारे में बताता किसान।

## सार-संक्षेप

### कार्यशाला में प्रतिभागियों को किया सम्मानित



**चन्दौसी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन वृंदावन के केशव धाम में किया गया। मुख्य अतिथि ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव सीएल रोज व शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह रहे। कार्यशाला में विभिन्न प्रदेशों से आए प्रतिभागियों ने अपने-अपने नवाचारों का प्रस्तुतिकरण किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में संभल की अंजू शर्मा, कविता शर्मा, तृप्ति शर्मा, प्रियंका सिंह, बरखा, करिश्मा, प्रीति मिश्रा, नीरू रानी, सुनीता शर्मा, विजयलक्ष्मी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बकरीद पर बेहतर सफाई व्यवस्था की मांग



**संभल, अमृत विचार :** एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने बकरीद को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। कहा कि बकरीद पर नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों द्वारा सफाई व्यवस्था का ध्यान रखना आवश्यक है। कुर्बानी से संबंधित कोई भी वस्तु सड़क पर एकत्र न हो। दूसरे समुदाय को परेशानी न हो। इसके अलावा सुरक्षा के इंतजाम किए जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष असद अब्दुल्ला, शाने आलम, फरहत अली खां, तारिक, नासिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

### पिकअप व टाटा 407 टकराने से चालक गंभीर घायल

**बहजोई,अमृत विचार :** टाटा 407 व पिकअप गाड़ी आमने-सामने से टकरा गई। जिसमें टाटा 407 का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बदायूं के थाना बिसौली के गांव बंजरिया निवासी राजपाल अपनी टाटा 407 से बहजोई की तरफ से जा रहा था। बहजोई इस्लामनगर मार्ग स्थित एक फैक्ट्री के निकट इस्लामनगर की ओर से आ रही पिकअप गाड़ी से आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिसमें टाटा 407 का चालक राजपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस ने चालक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दुष्कर्म की नीयत से दबोचा, किशोरी ने मारा डंडा

**गुन्नौर,अमृत विचार :** युवक ने अकेली किशोरी को दबोच कर दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी ने युवक के सिर पर डंडा मारकर खुद को बचाया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। एक गांव निवासी किसान का पशुबाड़ा गांव से बाहर है। पशुओं की रखवाली के लिए उसका परिवार भी रहता है। रविवार को गांव में एक महिला की मृत्यु होने पर किसान और उसकी पत्नी गांव चले गए। पशुबाड़े में 14 वर्षीय पुत्री अकेली थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे बाइक से एक युवक पहुंचा और किशोरी को अकेला देख दबोचकर नहर किनारे ले गया। किशोरी ने विरोध किया तो उसने दांत गड़ा दिए। किशोरी ने युवक के सिर में डंडा मार दिया। इसी दौरान पीड़िता की मां पहुंच गई। आरोपी ने मां के साथ भी मारपीट की। मां-बेटी के शोर मचाने पर आरोपी बाइक से भाग गया। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस टीम को घटना का खुलासा करने में लगाया गया है।

### शिकायतों के फर्जी निस्तारण मामले में कार्रवाई की मांग




**संभल, अमृत विचार :** समाज हित संरक्षण समिति के अध्यक्ष महंत भगवानदास शर्मा के नेतृत्व में लोगों ने एसडीएम कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। महंत भगवानदास शर्मा ने कहा कि संस्था ने 23 मई को एसडीएम को ज्ञापन दिया था कि संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्रों का फर्जी निस्तारण हुआ है। संस्था की मांग थी कि जिन लोगों ने फर्जी निस्तारण किया है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए लेकिन इस बारे में कोई सूचना नहीं दी गई।

### गौ आश्रय स्थलों पर व्यवस्थाएं की जाएं दुरुस्त : डीएम

**बहजोई, अमृत विचार :** डीएम ने अधिकारियों के बैठक में गो आश्रय स्थलों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। तारबंदी के साथ गौशालाओं पर पौधारोपण एवं रिचार्ज ट्रेंच बनवाने की बात कही।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया ने गौ आश्रय स्थलों पर गोवंश पशुओं की बीमारियों को लेकर जानकारी की। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्राची सिंह ने बर्ड फ्लू, ऐवियन सहित वायरल रोग के लक्षण उपचार के बारे में बताया। डीएम ने घासीपुर के गौ आश्रय स्थल को लेकर कहा कि खड़ंजा बनाते समय ढलान पर ध्यान दिया जाए। गौ आश्रय स्थल पर तारबंदी की जाए। सभी गौशालाओं पर पौधारोपण एवं रिचार्ज ट्रेंच बनवाए जाएं। आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे चेक करने के भी निर्देश दिए। प्रतिदिन दोनों समय हरा चारा दिए जाने की बात कही।

### विपक्ष को संसद पर भरोसा न कोर्ट पर: प्रमोद कृष्णम

**संभल, अमृत विचार :** श्रीकल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने कहा है कि विपक्षी नेताओं को पाकिस्तान या तालिबान जाना चाहिए। इन लोगों को संसद, संविधान और सुप्रीम कोर्ट पर भी भरोसा नहीं है। संभल के गांव ऐंचौड़ा कम्बोह स्थित कल्कि धाम पर पत्रकार वार्ता के दौरान संभल की जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर विवाद में हाईकोर्ट के फैसले पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि अदालत सत्य के आधार पर चलती है और सत्य के आधार पर ही फैसला देती है। सच जानने का हक सभी को है। इतिहास साक्षी है कि वर्ष 1526 एवं 1529 में बाबर ने भारत में मंदिरों को तोड़ा। सनातन धर्म किसी के भी धर्मस्थल को तोड़ने की शिक्षा नहीं देता। लेकिन जहां मंदिर था उसका पता तो लगना ही चाहिए। संभल के मामले में हाईकोर्ट ने सच पर मुहर लगाई है।

### सफाई कर्मियों ने डीपीआरओ को दिया ज्ञापन



**बहजोई, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की बैठक में सफाई कर्मियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद ज्ञापन सौंपा। बैठक में सफाई कर्मियों ने कहा कि कई बार ज्ञापन देने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। जिसके कारण आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद सफाई कर्मचारी जिला पंचायत राज अधिकारी दफ्तर पहुंचे जहां उन्होंने डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों को पॉलिथीन कलेक्शन और गौ संरक्षण जैसे कार्यों से मुक्त किया जाए। कार्यालय और निजी सेवा में अनावश्यक रूप से लगाए गए सफाई कर्मियों की अटैचमेंट हटाई जाए। महिला सफाई कर्मचारियों से ई रिक्शा नहीं चलवाए जाएं। जिला अध्यक्ष धीरज पाल सिंह, जिला मंत्री रनजीत सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सुदेश कुमार, सुभाष जेनवाल केसरी सिंह आदि सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंशयते जीवितादपि ॥

जो मोह –माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है, वह अपने जीवन को नरक–तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# बड़ा विमानन बाजार

चार दशकों में भारत में बहुत कुछ बदल चुका है और आज का भारत पहले से कहीं ज्यादा आत्मविश्वास से भरा हुआ है। भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है। सोमवार को इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा कि देश 2030 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनने की राह पर है। देश में निवेश का यही है सही समय है और यहां भरपूर संभावनाएं हैं। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। वास्तव में भारत एक ऐसे बदलाव के दौर से गुजर रहा है जो अभूतपूर्व आर्थिक चुनौती और अवसर प्रस्तुत करता है। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए, भारत सरकार मेक इन इंडिया पहल के तहत कई प्रयास कर रही है। यह पहल निवेश, नवाचार, बौद्धिक संपदा की रक्षा और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देती है। सरकार हवाई अड्डों और बंदरगाहों जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश कर रही है, जिससे विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है।

सरकार, निवेशक और उद्यमी, भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के विकास के लिए आशावादी हैं। हालांकि चीन वैश्विक विनिर्माण और ऊर्जा संक्रमण पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख शक्ति है क्योंकि इसने अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और आर्थिक नीति का लाभ उठाकर रणनीतिक लाभ प्राप्त किया है। इसके बावजूद भारत एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और इस प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण बदलाव आ रहे हैं। अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और वित्तीय हितधारकों के समन्वित प्रयास महत्वपूर्ण हैं। सरकार भारत की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। अभियान के तहत, भारत को आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी निर्भरता को कम करने के लिए विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर विमान घटक विनिर्माण के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी वैश्विक विमानन केंद्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है। अपेक्षाकृत प्रतिकूल वैश्विक परिवेश में, भारत को एक विनिर्माण महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए सरकार को इस क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन देने चाहिए।

# बढ़ता तापमान जीवन के लिए संकट का सबब बना



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लेशियर अब किताबों का ही हिस्सा बनकर रह जाएंगे। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण दुनिया के कई तटीय शहर डूब जाएंगे। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो भारत में मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टम जैसे कई तटीय शहरों का बड़ा इलाका क़रीब दो फुट तक पानी में डूब जाएगा।

वास्तव में धरती का तापमान का लगातार बढ़ना कहीं न कहीं गंभीर खतरों का संकेत दे रहा है। आज मानव की जीवनशैली लगातार बदलती चली जा रही है और मानवीय गतिविधियों के कारण, अंधाधुंध विकास, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औधोगिकीकरण के कारण ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को लगातार बढ़ावा मिल रहा है, जिससे नीले ग्रह पर खतरा मंडराने लगा है। एक जानकारी के अनुसार मानवीय जीवनशैली के कारण इस सदी के अंत तक धरती का औसत तापमान 2.7 सेंटीग्रेट बढ़ जाएगा। वास्तव में धरती के तापमान के इतना बढ़ने का सीधा सा मतलब यह है कि इस सदी के अंत तक धरती के ग्लेशियरों की बस एक चौथाई बर्फ़ ही बची रहेगी तथा बाकी तीन चौथाई बर्फ़ ख़त्म हो जाएगी। ग्लेशियर बर्फ पृथ्वी पर ताजे पानी का सबसे बड़ा भंडार है, जो बर्फ की चादरों के साथ दुनिया के ताजे पानी का लगभग 69 प्रतिशत रखता है। पृथ्वी के कुल जल का लगभग दो प्रतिशत भाग ग्लेशियरों में संग्रहीत है। इतना ही नहीं, ग्लेशियर अतीत की जलवायु के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं। ये ग्लेशियर ही हैं, जिनसे कृषि, जल विद्युत एवं पेयजल हेतु जल मिलता है। समुद्र जल स्तर में ग्लेशियरों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लेशियर अब किताबों का ही हिस्सा बनकर रह जाएंगे। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण दुनिया के कई तटीय शहर डूब जाएंगे। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो भारत में मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टम जैसे कई तटीय शहरों का बड़ा इलाका क़रीब दो फुट तक पानी में डूब जाएगा। दरअसल यह खुलासा किसी और ने नहीं बल्कि दुनिया की प्रतिष्ठित पत्रिका साइंस में छपी एक ताज़ा रिसर्च में किया गया है। इस संदर्भ में ताज़ा उदाहरण स्विट्जरलैंड का है, जहां ऊंचे पहाड़ों से टूटे एक ग्लेशियर ने निचले इलाके में तबाही मचा घाटी में बसे ब्लैटन गांव (नब्बे फीसदी गांव को) बर्च नाम के ग्लेशियर ने बर्बाद कर दिया। दरअसल,ग्लेशियरों के इस तरह टूटने के पीछे सबसे बड़ी वजह है धरती के औसत तापमान का बढ़ना। कहना ग़लत नहीं होगा कि तापमान में बढ़ोत्तरी भारी बारिश (अतिवृष्टि), तो कहीं सूखा (अनावृष्टि), कभी ग्लेशियरों की झीलों के फटने तो कभी बड़े तूफ़ानों जैसे अतिमौसमी बदलावों की शक्ल में हमारे सामने आ रहा है। प्रतिष्ठित पत्रिका साइंस में छपी रिसर्च के मुताबिक दुनिया के ग्लेशियर मौजूदा अनुमान से कहीं ज्यादा तेज़ी से पिघल रहे हैं और इस सदी के अंत तक अगर धरती का औसत तापमान अगर 2.7 सेंटीग्रेट और बढ़ा तो दुनिया में मौजूद ग्लेशियरों में सिर्फ़ 24 प्रतिशत बर्फ़ ही बची रह जाएगी, जो कि एक बड़ा और गंभीर खतरा है। जानकारी के अनुसार ग्लेशियरों की 76 प्रतिशत बर्फ़ पिघल चुकी होगी।

> हिंदू कुश हिमालय का ग्लेशियर दो अरब लोगों का भरण–पोषण करने वाली नदियों को पानी देता है, लेकिन सदी के अंत तक ये अपनी 75 प्रतिशत बर्फ खो सकता है, जिससे नदियों का पानी भी सूख सकता है। यहां कहना ग़लत नहीं होगा कि अगर दुनिया के देश तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक पाते हैं (जैसा कि पेरिस समझौते में तय हुआ था), तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40–45 प्रतिशत बर्फ बचाई जा सकती है। यानी अब भी कुछ किया जाए, तो हालात बहुत हद तक सुधर सकते हैं। वाकई यह बहुत ही चिंताजनक बात है कि साल 2020 के मुक़ाबले हिंदूकुश हिमालय के ग्लेशियरों में महज़ 25 प्रतिशत बर्फ़ ही रह जाएगी।

पेरिस समझौते में ये तय हुआ था, कि दुनिया के तापमान को पूर्व औद्योगिक तापमान से 1.5 सेंटीग्रेट से ज़्यादा नहीं बढ़ने देना है, लेकिन आज विकसित देश ही कार्बन उत्सर्जन के अधिक जिम्मेदार हैं और कोई भी ग्लोबल वार्मिंग को कम करने को लेकर जिम्मेदार नजर नहीं आते। साइंस पत्रिका में छपी रिसर्च के मुताबिक अगर दुनिया का औसत तापमान 1.5 सेंटीग्रेट तक ही बढ़ा तो भी ग्लेशियरों की 46 प्रतिशत बर्फ़ पिघल जाएगी, सिर्फ़ 54 प्रतिशत बर्फ़ ही बची रहेगी, यह बहुत ही चिंताजनक है, क्यों कि ग्लेशियर पानी के बड़े स्त्रोत होते हैं और जल ही जीवन है। शोध में सामने आया है कि अगर औसत तापमान बढ़ना बंद हो जाए और उतना ही रहे, जितना कि आज है, तो भी दुनिया के ग्लेशियरों की बर्फ़ 2020 के स्तर से 39 सेंटीग्रेट कम हो जाएगी। मतलब यह है कि आज भी तापमान कुछ कम नहीं है और यह नीले ग्रह को काफी नुकसान पहुंचा रहा है। शोध में पाया गया है कि यदि दुनिया का औसत तापमान 2 सेंटीग्रेट बढ़ा तो स्कैंडिनेवियन देशों यानी नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क के ग्लेशियरों की सारी बर्फ़ पिघल जाएगी। इतना ही नहीं, उत्तर अमेरिका की रॉकी पहाड़ियों, यूरोप के आल्प्स और आइसलैंड के ग्लेशियरों की क़रीब 90 प्रतिशत बर्फ़ पिघल जाएगी।औसत तापमान में 2 सेंटीग्रेट की बढ़ोतरी का भारी असर दक्षिण एशिया में हिंदूकुश हिमालय पर भी पड़ने की संभावनाएं जताई गईं हैं।

हिंदू कुश हिमालय का ग्लेशियर दो अरब लोगों का भरण-पोषण करने वाली नदियों को पानी देता है, लेकिन सदी के अंत तक ये अपनी 75 प्रतिशत बर्फ खो सकता है, जिससे नदियों का पानी भी सूख सकता है। यहां कहना ग़लत नहीं होगा कि अगर दुनिया के देश तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक पाते हैं (जैसा कि पेरिस समझौते में तय हुआ था), तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40-45 प्रतिशत बर्फ बचाई जा सकती है। यानी अब भी कुछ किया जाए, तो हालात बहुत हद तक सुधर सकते हैं। वाकई यह बहुत ही चिंताजनक बात है कि साल 2020 के मुक़ाबले हिंदूकुश हिमालय के ग्लेशियरों में महज़ 25 प्रतिशत बर्फ़ ही रह जाएगी। वास्तव में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हिंदूकुश हिमालय से निकलने वाली नदियां जो गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र की घाटियों में बहती हैं वो क़रीब दो अरब आबादी के लिए अनाज, मनुष्य की आजीविका और पानी की गारंटी हैं। वास्तव में आज धरती का लगातार बढ़ता हुआ तापमान न केवल मनुष्य के लिए अपितु धरती के सभी जीवों, वनस्पतियों, हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए संकट का सबब बनता चला जा रहा है।

अंत में यही कहूंगा कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए हमें सामूहिक रूप से कदम उठाने होंगे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमें अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझना होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे नीले ग्रह को गर्म करने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना ही ग्लेशियरों के पिघलने की गति को धीमा करने का सबसे प्रभावी तरीका है। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि धरती के तापमान में मामूली वृद्धि भी कहीं न कहीं मायने रखती है। मानव को समझने की जरूरत है कि विकास के नाम पर हमें प्रकृति से छेड़छाड़ और खिलवाड़ को बंद करना होगा। पर्यावरण के साथ संबंध स्थापित करते हुए भी विकास किया ही जा सकता है। एक जानकारी के अनुसार दुनिया में क़रीब पौने तीन लाख ग्लेशियर हैं।

पृथ्वी पर, 99 प्रतिशत ग्लेशियर बर्फ ध्रुवीय क्षेत्रों में विशाल बर्फ की चादरों (जिन्हें "महाद्वीपीय ग्लेशियर" भी कहा जाता है) के भीतर समाहित है। हमें ग्लेशियरों को संरक्षित करना होगा और जल प्रबंधन को बढ़ावा देना होगा, ताकि भविष्य में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## प्रसंगवश

# आम आदमी की सवारी

**विश्व साइकिल दिवस पर**

साइकिल मानव ऊर्जा को गतिशीलता में बदलने के लिए अब तक का सबसे कुशल साधन है। साइकिल का व्यापक रूप से परिवहन, मनोरंजन और खेल के लिए उपयोग किया जाता है। साइकिलें उन क्षेत्रों में लोगों और सामान को ले जाने के लिए आवश्यक हैं जहां कम वाहन उपलब्ध हैं। साइकिल से वायु प्रदूषण को कम करने के साथ पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। ऐसे में विश्व साइकिल दिवस का महत्व समाज के सभी लोगों के बीच साइकिल के इस्तेमाल को बढ़ावा देना और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य कल्याण को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर साइकिल सवारी को प्रोत्साहित करना है।



रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

3 जून 2018 को पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बनी थी और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था।

भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजर अंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिए बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरुआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।

बढ़ते प्रदूषण की वजह से दुनिया के बहुत से देशों में साइकिल चलाने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में सिर्फ साइकिल चलाने की ही अनुमति है। भारत में भी दिल्ली, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और चंडीगढ़ में सुरक्षित साइकिल लेन का निर्माण किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी 200 किलोमीटर लम्बा एशिया का सबसे लंबा साइकिल हाई वे बना है। अभी देश में साइकिल चालकों के अनुपात में साइकिल रोड़ विकसित किए जाने की प्रबल आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से देखा जाए तो दुनिया के देशों में साइकिल की वापसी पर्यावरण की दृष्टि से एक शुभ संकेत माना जा सकता है। भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है।

# मौजूदा समय में बांग्लादेश नाजुक मोड़ पर



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> अब बड़ा सवाल जो उठ रहा है, वह है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात–ए–इस्लामी का पंजीकरण बहाल कर दिया है।

बांग्लादेश एक बड़े राजनीतिक संकट के दौर से गुजर रहा है। 8 अगस्त 2024 को 'छात्र आंदोलनों' की आड़ में प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से अपदस्थ किए जाने और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार और प्रमुख के रूप में नियुक्त किए जाने के बाद से बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल का माहौल बना हुआ है। कट्टरपंथी तेजी से मजबूत होकर उभरे हैं। सैन्य जुंटा का दबदबा बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के संरक्षण से आतंकियों के चुनावों में भाग लेने का रास्ता साफ हुआ है तो दूसरी ओर बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध तय करने में गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। बात यहीं तक आकर खत्म नहीं होती। मोहम्मद यूनूस ने चीनी निवेशकों को यह कहते हुए आमंत्रित किया है कि वे बांग्लादेश को अपना घर और उत्पादन केंद्र बनाएं। उदारवादी और लोकतंत्र समर्थक हैरान हैं कि बांग्लादेश किस ओर जा रहा है और दुनिया को इस बदलाव को कैसे समझना चाहिए।

भारत के संदर्भ में बात की जाए तो भारत पश्चिम मोर्चे पर युद्ध जैसे हालात का सामना कर रहा है। इस राजनीतिक तनाव के कोलाहल से दूर, ड्रैगन चुपचाप लेकिन निश्चित रूप से भारत के पूर्वी क्षेत्र में अपनी पैठ बना रहा है। कुछ दिन पहले ही मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि चीनी अधिकारियों ने बांग्लादेश के रंगपुर में लालमोनिरहाट एयरबेस का निरीक्षण किया है जिसे सरकार फिर से बनाने की योजना बना रही है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की अंतरराष्ट्रीय सीमा से बमुश्किल 20 किमी दक्षिण में स्थित ऐसा एयरबेस भारत में चिंता का विषय है, खासकर तब जब भू-राजनीतिक परिदृश्य गंभीरता का विषय बना हो। सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे चिकन नेक के रूप में भी जाना जाता है, नेपाल और बांग्लादेश दोनों की सीमाओं के पास स्थित है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दो राष्ट्रीय राजमार्ग और दो ब्रॉड-गेज रेलवे लाइनें यहां से गुजरती हैं, कई सड़क और रेलवे पुल हैं, और लाखों टन माल पूर्वोत्तर में आता-जाता है और भूटान से भी इसकी कनेक्टिविटी है। यह तथ्य भी जगजाहिर है कि 1967 में सिक्किम के नाथू ला इलाके में चीन की कई आक्रामक कार्रवाइयों के कारण सशस्त्र झड़पें हुईं, जिसका भारतीय सेना ने बहुत ही जोरदार तरीके से जवाब दिया। नाथू ला में चीन की कार्रवाइयां क्षेत्र में क्षेत्रीय दावों और प्रभाव को स्थापित करने की उसकी रणनीति का हिस्सा रही हैं। ऐसे में मोहम्मद यूनूस का यह कहना कि अंतरिम सरकार सुधारों को लागू करने, निवेश के माहौल को बढ़ाने, नियामक ढांचे को सुव्यवस्थित करने और व्यापार संचालन के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने में दृढ़ रही है, कई बड़े निहितार्थ लिए है जिस पर भारत को सतर्कता से नजर रखनी होगी।

कूटनीतिक फेरबदल और विवादास्पद नीतिगत निर्णयों से सरकार और शीर्ष अधिकारियों तथा विदेश सेवा के बीच गहरी दरारें उजागर हुई हैं। व्यापक विरोध प्रदर्शनों से नौकरशाही के कामकाज में रुकावट का खतरा उत्पन्न हो रहा है। जनता का विश्वास भी डगमगा रहा है। अनेक नागरिक, जो कभी यूनुस के सुधारवादी रुख का समर्थन करते थे, अब उम्मीद और हताशा के बीच फंस गए हैं। बांग्लादेश के नागरिक प्रशासन पर सेना का मौन प्रभाव हमेशा से ही रहा है। सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने यूनूस से दिसंबर 2025 तक चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कहा है जबकि यूनूस जून 2026 तक चुनाव कराने की बात कहते रहे हैं। अब बड़ा सवाल जो उठ रहा है, वह है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी का पंजीकरण बहाल कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी को चुनाव में भाग लेने की अनुमति भी मिल गई है। जमात-ए-इस्लामी पर 1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान की सेना के साथ मिलकर हत्याएं करने जैसे आरोप भी हैं। इसके पहले जमात के इस्लामी नेता अजहरुल इस्लाम को कोर्ट ने बरी कर दिया है। उस पर कई लोगों की हत्या, अपहरण जैसे संगीन आरोप थे। अंदाज लगाया जा सकता है कि जब ऐसे लोग चुनाव लड़कर वहां की संसद में पहुंचेंगे तो पड़ोसी देशों के साथ सरकार के रिश्ते कैसे होंगे? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार बांग्लादेश मौजूदा समय में एक नाजुक मोड़ पर है। बांग्लादेश की राजनीति गहरे मतभेदों से अटी पड़ी है। अंतरिम सरकार नई चुनौतियों का सामना करने के लिए उभरते हुए सत्ता केंद्रों के साथ जुड़ सकती है। आगे का रास्ता आदर्शवाद पर कम और व्यावहारिक राजनीतिक बातचीत पर अधिक निर्भर करेगा। भारत को बांग्लादेश के साथ अपने विकल्पों पर पुनर्विचार करना होगा।

## सोशल फोरम

# पहली बार पता चला

हमें अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र से बाहर और विशेषज्ञों के दायरे में जाकर कोई विश्लेषण नहीं करना चाहिए, न उन्हें यह बताना चाहिए कि उनका कोई काम कितना सही है या गलत है। यदि जल सेनाध्यक्ष ने किसी से प्रकाश्य ढंग से कोई बात की है तो जो कुछ कहा है उसका मतलब वही नहीं होता। जो संदेश देना है और जिस दबाव में रखना है, वही ध्यान देने योग्य है, जिसको हम जान नहीं सकते। परंतु घटित होने के बाद जान भी जाएंगे।



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

राजनीतिक किसी भी घटना या कार्य का लाभ उठाने से बाज आए, ऐसा हो नहीं सकता। धर्म पूछ कर किए गए नरसंहार के बाद जो करना था, वह पहले तय था। विपक्षी दलों का समर्थन लेना भी उसी का हिस्सा था। दूसरे दल कठोर कार्रवाई करने की मांग के लिए नैतिक और राजनीतिक दोनों कारणों से बाध्य थे। आपरेशन सिंदूर दूसरे देशों के आकलन में और हमारे लिए भी अविश्वसनीय रूप से सफल रहा। पहली बार हमें अपने निजी आयुध विकसित करने की सफलता का पता चला, सामरिक शक्ति का पता चला। सैन्य विज्ञान के विशेषज्ञों ने यह स्वीकार किया कि यह सैन्यविज्ञान में यह एक नया और बहुत आगे बढ़ा हुआ प्रयोग है। हमारे लिए यह दूसरी सफलता गर्व की बात है।

जहां तक राजनीतिक लाभ उठाने की बात है यदि मोदी बिल्कुल चुप रहते तो इसका बहुत अधिक लाभ मिलता। ललकार भरे स्वर में और बार-बार उसको दोहराते नहीं तो उन्हें इसका अधिक लाभ मिलता। कोई इतना मूढ नहीं हो सकता कि यह न समझ सके कि उनका लक्ष्य राजनीतिक लाभ उठाना भी है। परंतु इस गलती को खरगे ने अपनी गलती से दूर कर दिया और कांग्रेस को जितनी अधिक क्षति पहुंचाई है, वह मोदी उन पर प्रहार करके भी नहीं कर सकते थे। उत्साह में कोई कुछ भी बोल जाए परंतु न तो देश की अर्थव्यवस्था बिना किसी नए उकसावे के युद्ध को जारी रखना चाहती है, न मोदी इसे चाहते हैं। दूसरे कुछ देश हमारी आर्थिक प्रगति को रोकने के लिए देश को युद्ध में अवश्य उलझाए रखना चाहते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# फल का नहीं कोई फ़ल



रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

> साल 2016 से अब तक उत्तराखंड में फलों के लिए आरक्षित भूमि में 54 फीसदी की कमी आई है और इसी के चलते फलों का उत्पादन भी 60 फीसदी घट गया है।

काफी दिनों बाद एक बार फिर देवभूमि उत्तराखंड जाना हुआ। हालांकि इन दिनों मेरे मनपसंद फलों का मौसम है और अपने शहर के बाजार उनसे भरे भी पड़े हैं मगर न जाने क्या सोच कर तय किया कि इस बार जितने दिन भी पहाड़ पर रहूंगा, स्थानीय फलों का ही सेवन करूंगा। मेरी जानकारी में था ही कि इन दिनों पहाड़ के पेड़ भी फलों से लद जाते हैं और काफल, किरमोड़, घिंगारू, पांगर तथा बेडू जैसे न जाने कितने किस्म के ऐसे फलों की बहार होती है जिन्हें हम समतल जगह वाले लोगों ने आमतौर पर देखा भी नहीं होता। ये फल न केवल स्वाद में लाजवाब होते हैं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं। काफल तो उत्तराखंड का राजकीय फल ही है, जो मीठा, खट्टा और रसीला होता है और उसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और अनेक विटामिन भी होते हैं।

देवभूमि के पहाड़ों पर तिमला, मेलू, अमेज, दाडिम़, करौंदा, तूंग, जंगली आंवला, खुबानी, हिसर, किनगोड़ जैसे अनेक अन्य जंगली फल भी पाए जाते हैं, जो इंसानी सेहत के लिए बेहद मुफीद होते हैं। मगर यह क्या? चंबा, टिहरी और काना ताल के बाजारों में कहीं भी कोई स्थानीय फल ढूंढे से भी नहीं मिला। वहां के बाजार भी उन्हीं आमों, लीची, आड़ू और सेब से भरे पड़े थे जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश अथवा दिल्ली की आजाद पुर सब्जी मंडी से वहां पहुंचे थे। बेशक सवाल छोटा सा था मगर मैं उसमें अटक गया कि पहाड़ का फल जब पहाड़ पर ही नहीं मिलता तो बाकी देश के बाशिंदे उनका सेवन कैसे करेंगे? ऐसे में इन नायाब फलों के निर्यात की बात तो सोची भी कैसे जा सकती है?

स्थानीय लोगों से जब इस विषय में बात की तो पता चला कि सेब, माल्टा, आड़ू और खुबानी जैसे पारंपरिक फलों को छोड़ कर अन्य स्थानीय फलों की वहां खेती ही नहीं की जाती और प्राकृतिक रूप से जो फल जितना भी उपलब्ध होता है, उसे ही स्थानीय लोग इस्तेमाल कर लेते हैं। इन बेहतरीन फलों को बाज़ार तक पहुंचाने के लिए आज तक कोई प्रयास न तो सरकार ने किया है और न ही काश्तकारों ने। ले देकर बुरांश के फूल का रस जरूर बोतलों में बंद कर पर्यटकों को बेचा जाने लगा है। मगर बुरांश का फल तो अभी भी बाजार तक नहीं पहुंचा। जबकि यह फल भी स्वादिष्ट होने के साथ साथ अनेक बीमारियों के इलाज में भी उपयोगी होता है। दुनिया जानती है कि उत्तराखंड के अधिकांश फल जैविक रूप से उगाए जाते हैं और इन फलों के पेड़ मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव-विविधता को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। काफल, हिसालू, और बेड़ू जैसे फल तो स्थानीन संस्कृति, लोकगीतों और लोककथाओं का भी महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

पहाड़ से लौट कर पड़ताल की तो पता चला कि साल 2016 से अब तक उत्तराखंड में फलों के लिए आरक्षित भूमि में 54 फीसदी की कमी आई है और इसी के चलते फलों का उत्पादन भी 60 फीसदी घट गया है। वर्ष 2016 में 4551 मीट्रिक टन फलों का यहां से निर्यात होता था जो अब घटते घटते मात्र 1192 मीट्रिक टन ही रह गया है। हैरानी की बात नहीं है कि उत्तम क्वालिटी के फलों का उत्पादन करने के बावजूद राज्य से अब मात्र 4 करोड़ 68 लाख का ही निर्यात होता है? इन फलों में भी केवल वही फल हैं जो हमें आमतौर पर अपने गली मोहल्ले में भी मिल जाते हैं। केवल पहाड़ पर ही मिलने वाले फल सिरे से गायब हैं। जाहिर है कि राज्य सरकार का इस ओर कतई ध्यान नहीं है और यही कारण है कि किसान फलों की बागवानी को लेकर उदासीन हो रहे हैं। कई बार घोषणा के बावजूद राज्य में काश्तकारों को ओला वृष्टि जैसी आपदाओं से निपटने को सब्सिडी नहीं दी जा रही और किसानों को मंडियों से जोड़ने को कोई महत्वपूर्ण पहल भी अब तक नहीं की गई। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर भी राज्य सरकार का ध्यान नहीं है तो फिर उसका ध्यान कहां है? इसका सीधा सा जवाब है- धार्मिक पर्यटन और केवल धार्मिक पर्यटन। आंकड़े बताते हैं कि 66 हजार करोड़ के सालाना बजट वाली राज्य सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपए तो केवल चार धाम यात्रा पर ही खर्च कर दिए हैं। बेशक चार धाम यात्रा से राज्य को अच्छे खासे राजस्व की प्राप्ति होती है और स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलता है मगर राजस्व और रोजगार तो फलों का उत्पादन भी दे सकता है, उस बारे में क्यों नहीं कोई सोचता?

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## चेयरमैन ने सभासदों के साथ किया ईदगाह का निरीक्षण

**हसनपुर, अमृत विचार :** ईद उल अजहा के करीब आते ही ईदगाह पर नमाज पढ़ने आने वाले लोगों को कोई दिक्कत न हो इसके चलते नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा सभासदों के साथ ईदगाह का निरीक्षण कर पालिका स्टाफ को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। 7 जून को ईद उल अजहा का त्योहार है। पालिका द्वारा प्रतिवर्ष ईदगाह पर साफ सफाई, चुना एवं पानी का इंतजाम किया जाता है। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने सभी सभासदों के साथ ईदगाह पर पहुंचकर निरीक्षण किया। ईद उल अजहा पर होने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ईदगाह से साथ नगर पालिका स्टाफ को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस वर्ष ईद उल अजहा की नवाज ईदगाह पर प्रातः 6:45 पर अदा की जाएगी। सभासद शाहनवाज अंसारी, जावेद जरताब एडवोकेट, रवि शंकर शर्मा, श्याम आर्य, हम्ज़ा अली, मोहम्मद नौशाद, मोनिस अंसारी, हाजी वसीम एडवोकेट, जुनैद खान, तालिब खान, हाजी मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद नईम सलमानी आदि मौजूद रहे।

# पाइप लाइन डालकर सड़कों की नहीं की मरम्मत

## हर घर जल योजना के तहत खोदी गई सड़कों पर जलभराव और गंदगी से परेशान हैं ग्रामीण

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के तहत हर-घर-नल योजना के तहत हर घर में नल पहुंचाने की मुहिम के अंतर्गत पंचायतों में जेसीबी से खुदाई की गई। अधिकतर ग्राम पंचायतों में इंटरलॉकिंग सड़क़ और खड़ंजा मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया। लोग परेशानी झेल रहे हैं।

ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत भूवरा में काफी पिछले समय से कई समस्याएं बनी हुई हैं। सड़क टूटने के चलते मुख्य मार्ग पर जलभराव होता है तो गंदगी पसरी रहती है। हर घर जल योजना में खोदी गई सड़क में पाइप लाइन डालकर छोड़ दिया। इससे लोगों को मुसीबत हो रही है। ठेकेदारों द्वारा ब्लॉक क्षेत्र के तमाम गांव में पाइप लाइन डालने के लिए खुदाई कराई गई है और पाइप डालने के बाद सड़कों को दुरुस्त नहीं कराया गया है। न ही क्षतिग्रस्त हुई इंटरलाकिंग सड़क़ और खड़ंजा मार्ग का ही दुरुस्तीकरण कराया जा रहा है। इससे ग्रामीण तथा लोगों के पालतु पशु गड्ढे में गिर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत जल निगम के अधिकारियों से की गई है। समस्या का समाधान न होने पर वह आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करेंगे।



गांव में टूटी सड़क पर भरी गंदगी। ● अमृत विचार



गांव के चारों तरफ बरसात के दौर में गंदगी के अंबार लगे रहते हैं। जिससे गंदा पानी रुकने के कारण बीमारियां भी पैर पसार रही हैं। ऊपर से सड़कें खोद कर दुरुस्त नहीं की गईं।
**– अतुल शर्मा**



गांव के लोगों की समस्या बरकरार हैं। बार-बार अधिकारियों को मामले से शिकायत भी की जा रही है। फिर भी हमारी समस्या को अनसुना कर दिया जाता है।
**– राहुल शर्मा**



पाइप लाइन डालने के बाद छोड़ी सड़क बनी नाली। ● अमृत विचार



इस समस्या से परेशान होकर कई बार आला अधिकारियों को प्रार्थना पत्र के माध्यम से सूचना भी दी गई लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। समस्या ज्यों की त्यों है।
**– मनोज, ग्रामीण**



हर घर जल योजना में खोदी गई सड़क से समस्या और बढ़ गई। सड़कों का दुरुस्तीकरण नहीं हुआ जिससे स्कूली बच्चे समेत आम लोगों को आवागमन में परेशानियां हो रहीं हैं।
**– हरिओम शर्मा, ग्रामीण**

# आधार कार्ड केंद्र को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



आधार कार्ड संशोधन केंद्र को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम शेखुपुर झकड़ी में राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं की बैठक उमेश सेन के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं व ग्राम वासियों ने हसनपुर क्षेत्र में आधार कार्ड निर्माण व संशोधन न होने की समस्या को उठाया।

कहा कि आधार कार्ड निर्माण केंद्र बंद होने की वजह से जरूरत मंद लोगों को दूर के स्थानों जोया, अमरोहा जाना पड़ता है। जहां पर निर्धारित शुल्क के स्थान पर लगभग 500 रुपए प्रति आधार कार्ड वसूले जाते हैं।

बैठक में संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। कहा कि आवश्यकता पड़ने पर धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। महिपाल सिंह भारतीय किसान संघ, उमेश सेन, विजेंद्र सिंह, राजीव कुमार, विपिन, कुनिपाल, विशेष, संजीव, जवर सिंह, संजय, सुमन देवी, दयावती, सीमा, मुन्नी, शीतल, मंजू, कांता, मित्लेश, प्रमोद आदि उपस्थित रहे।

## बरात में कार निकालने को लेकर विवाद, 10 बराती घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** बरात चढ़ के दौरान रास्ते से कार निकालने को लेकर ग्रामीणों व बारातियों के बीच झगड़ा हो गया। विवाद बढ़ने पर जमकर मारपीट हुई। पथराव भी किया जिसमें 10 बराती घायल हो गए। फायरिंग करने का भी आरोप है।

मुरादाबाद के भोपुर मिठोनी गांव से गजरौला के रहदरा गांव निवासी रामगोपाल की दो बेटियों की बरात सोमवार को आई थी। देर शाम बारात चढ़त हो रही थी। रहदरा गांव निवासी यादव समाज के चार युवक कार से आए और बारात हटाने की बात कहने लगे। जिसे लेकर झगड़ा होने लगा। पथराव हुआ तो भगदड़ मच गई। मारपीट में बारात में शामिल सनी, कन्हैया, रोहित, अभिषेक, दीपक, गुड्डु समेत दस लोग घायल हो गए। पुलिस से भी आरोपियों ने अभद्रता की। घायलों को सीएचसी ले जाया गया। तीन घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सैदनगली महोत्सव में 21 छात्राओं को दिया अहिल्याबाई सम्मान



सैदनगली महोत्सव में अहिल्याबाई सम्मान से सम्मानित की गईं छात्राएं। ● अमृत विचार

**संवाददाता सैदनगली**

**अमृत विचार :** सैदनगली महोत्सव में अहिल्याबाई होलक़र के रूप में बनी 21 छात्राओं को सम्मानित किया गया। पत्रकारों को भी सम्मानित किया। इस दौरान मुज्जफरनगर से आए प्रवेश शर्मा एंड पार्टी ने भजन प्रस्तुति की।

नगर पंचायत सैदनगली में अध्यक्षा डॉ. अनुकृति चौधरी के दो वर्षीय कार्यकाल की सफलता पर विकसित भारत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रविवार

**● भजनों ने लोगों को किया मुग्ध 22 जून तक होगा कार्यक्रम**

की देर रात महोत्सव में भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ भाजपा युवा मोर्चा के पश्चिम क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंदर सोम, अमरोहा नगर पालिका अध्यक्षा शशि जैन और गजरौला ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने किया। इस दौरान 21 छात्राओं को महारानी अहिल्याबाई होल्कर के रूप में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुज्जफरनगर की प्रवेश शर्मा एंड पार्टी ने भजन प्रस्तुति दी। जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने बताया कि महोत्सव 22 जून तक चलेगा। इस आयोजन में कई और हस्तियां भी हिस्सा लेंगी। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शुभम चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय संघ कृष्ण कुमार शर्मा, सभासद रविंद्र सिंह, निकेश कुमार राघव, अमित प्रजापति, वागेश चौधरी, अमित गुर्जर, भगवत खड़कवंशी, नीरज कुमार कश्यप, अमित भाटी, फजले अब्बास, नईम अहमद, मेहरबान, फरीद कुरैशी, राशिद अली, नीटू भाटी, अवनीश व अन्य उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने से होती है मोक्ष की प्राप्ति



श्रीमद् भागवत कथा में उपस्थित बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक सतकाम कृष्णा गौर महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के वाचन और श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। संसार दुखों का सागर है। हर प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी और परेशान है। कोई स्वास्थ्य को लेकर दुखी है, कोई परिवार, कोई धन तो कोई संतान को लेकर परेशान है।

**● सतकाम कृष्णा गौर महाराज से कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु**

गांव अगरौला कला में गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। सातवें दिन कथा व्यास सतकाम कृष्णा गौर महाराज ने कहा कि भागवत कथा वह अमृत है, जिसके पान से भय, भूख, रोग सब कुछ खुद ही नष्ट हो जाता है। व्यक्ति को मन, बुद्धि चित एकाग्र कर अपने आप को ईश्वर के चरणों में समर्पित कर देना चाहिए। भागवत कथा को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए। कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से महापापी धुंधकारी का भी उद्धार हो गया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## गंग नहर में नहाने गए बालक की डूब कर मौत

**अमरोहा, अमृत विचार :** थाना नौगांवा सादात क्षेत्र में गंग नहर में डूब कर 6 वर्षीय बालक की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के नई बस्ती दर्जियों वाली गली में मोहम्मद इस्माइल का परिवार रहता है। उसके सात बच्चे हैं। पांचवें नंबर का 6 साल का बेटा सैफ अली दो दिन से बंद पड़ी नहर में सिकरिया वाले पुल पर सोमवार की दोपहर 12 बजे नहाने के लिए गया था। नहाते-नहाते वह कुंड में फिसल गया। बच्चों ने शोर मचाया और दौड़ कर घर पर सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उसको गोताखोर के द्वारा बाहर निकाल लिया लेकिन जब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन उसे चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे जहां मृत घोषित कर दिया गया।

# पूर्व मंत्री सोमपाल को फिर बनाया बसपा जिलाध्यक्ष

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने पूर्व मंत्री सोमपाल सिंह को अमरोहा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में समर्थक उनके आवास पर पहुंचे और फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया।



सोमपाल सिंह का स्वागत करते समर्थक।

पूर्व मंत्री सोमपाल सिंह को बसपा सुप्रीमो मायावती के करीबी नेताओं में गिना जाता है। पार्टी में उनका लंबा और मजबूत राजनीतिक सफर रहा है। वे करीब 15 वर्षों तक अमरोहा जिले के जिलाध्यक्ष पद पर रह चुके हैं, 2006 में उन्हें अमरोहा जिले की कमान सौंपी थी। इसके अगले ही वर्ष, 2007 में जब बसपा की सरकार बनी, तो मायावती ने उन्हें सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त करते हुए राज्यमंत्री का दर्जा भी प्रदान किया। उस दौरान भी श्री सिंह ने जिलाध्यक्ष का कार्यभार यथावत संभाला। करीब दो सप्ताह पूर्व ही बसपा हाईकमान ने संगठन में बदलाव करते हुए सोमपाल सिंह को पद से हटाकर महेश गौतम को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया था। लेकिन 2 जून को फिर अपने भरोसेमंद नेता सोमपाल सिंह को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंप दी। इस तरह महेश गौतम का कार्यकाल मात्र दो सप्ताह का ही रहा।

# भतीजों के मुंडन संस्कार में युवक की गंगा में डूबकर मौत

**संवाददाता गजरौला**

**अमृत विचार :** भतीजों के मुंडन संस्कार में शामिल होने आए युवक की गंगा में डूबकर मौत हो गई।



मृतक विपिन।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव भीमे निवासी अरविंद के दो पुत्रों आरव व अभी का सोमवार को मुंडन संस्कार था। परिजन हंसी खुशी से रिश्तेदारों को साथ लेकर गंगा तट पर मुंडन कराने आये थे। ब्रजघाट चौकी में जनपद अमरोहा क्षेत्र में बने अस्थायी तट पर परिजन मुंडन कराने की रस्म करने लगे। अरविंद का छोटा भाई विपिन कुमार (30) गंगा में नहाने लगा। गहरे पानी में पहुंच जाने के कारण वह डूबने लगा। उसे डूबता देखकर लोगों ने शोर मचाया तो आसपास नहा रहे लोगों ने उसे बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन विपिन के जीवित होने की आस में गजरौला सीएचसी लेकर पहुंचे, मगर डॉक्टर ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के जीजा विनीत कुमार ने बताया कि विपिन अपनी पत्नी मधु व दो बच्चों के साथ व अरविंद अपनी पत्नी गंगा व दो बच्चों के साथ नोएडा में रहकर मेहनत मजदूरी करते थे। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कुत्तों के हमले में दो बकरियां घायल, बकरा मरा

**सैदनगली/उझारी, अमृत विचार :** घर के बाहर बंध रहे बकरियों को खूंखार कुत्तों ने दबोचा जिसमें एक बकरे की मौके पर ही मौत हो गई दो बकरी गंभीर रूप से घायल हैं।

उझारी बुरावली मार्ग पर डॉः फुरकान के घर के बाहर बकरियां बंधीं थी। सोमवार को करीब 2 बजे आवारा कुत्तों ने बकरियों पर हमला बोल दिया। 10 मिनट तक आवारा कुत्ते बकरियों को नोचते रहे। राहगीर की मदद से कुत्तों को भगाया गया। एक बकरे की मौत हो चुकी थी और दो बकरी गंभीर रूप से घायल थी। ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी शिकायती पत्र देकर कुत्ते पकड़वाए जाने के मांग की है।

# बकरीद पर व्यवस्थाओं के लिए सौंपा ज्ञापन



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपने जाते एआईएमआईएम के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** बकरीद पर व्यवस्थाओं को लेकर एआईएमआईएम पदाधिकायिरों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। सफाई व्यवस्थाओं सहित बिजली आपूर्ति को सही करवाने की मांग की। सोमवार को एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष साजिद अली कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने बकरीद पर प्रशासन द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं को लेकर डीएम से मुलाकात की। ज्ञापन सौंपकर 7 जून को बकरीद पर सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का आग्रह किया। जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम की भी मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था हो जिससे कोई असामाजिक तत्व माहौल खराब न कर सकें और आपसी सौहार्द बना रहे।

## सार-संक्षेप

### बिजली समस्या को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन



**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने बिजली के निजीकरण और बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी चंद्रकांत को सौंपा। भाकियू संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने सिंचाई के लिए बिजली फ्री देने के नाम पर धोखा किया है। सरकार बिजली विभाग को ठेकेदारों के हाथों में सौंपने जा रही है। यदि बिजली का निजीकरण हुआ या बिजली दरों में बढ़ोतरी की गई तो संयुक्त मोर्चा आंदोलन करने को मजबूर होगा। जिला अध्यक्ष राहुल सिद्धू ने कहा कि कभी किसानों की आय दोगुनी करने के नाम पर और कभी बिजली फ्री देने के नाम पर धोखा कर रहा है। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नरेंद्र चौहान, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष कामिल चौधरी, जिला अध्यक्ष राहुल सिद्धू, अजय भाटी, आरिफ चौधरी, पंचम सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 27 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिए नियुक्ति पत्र



**गजरौला, अमृत विचार :** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के संयोजन में गजरौला व मंडी धनौरा ब्लाक में आंगनबाड़ी पद पर चयनित 27 कार्यकत्रियों को मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने एसडीएम मंडी धनौरा चंद्रकांता व विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में नियुक्ति पत्र सौंपे। विधायक ने कहा कि कार्यकत्रियां गर्भवती महिलाओं व छह वर्ष तक के बच्चों को विभाग द्वारा चलाईं जा रहीं योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। उनका समय से टीकाकरण कराएं, साथ ही कुपोषित बच्चों की विशेष देखभाल करें। समय से केंद्र को खोलें और विभागीय अधिकारियों व वरिष्ठ कर्मचारियों से कार्य का अनुभव सीख मार्गदर्शन लें। कहा कि प्रदेश सरकार गर्भवती महिलाओं व जीरो से छह वर्ष तक के बच्चों की उचित देखभाल के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष ध्यान दे रही है। एसडीएम चंद्रकांता ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने हमेशा ही अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है। 27 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्री भी बेहतर कार्य कर अपनी जिम्मेदारी को भली पूर्वक निभाएंगी। डीपीओ ज्ञान प्रकाश तिवारी, गजरौला सीडीपीओ विनीता सिंह, सीडीपीओ संजीव सिंह, सोहनवीर आदि ने भी संबोधन किया। सत्यपाल सिंह पाल, वैभव गोयल, अमन अग्रवाल, सुशील सिद्धू, परवेंद्र चाहल, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।

### शिक्षामित्रों ने समस्याओं पर की चर्चा



**हसनपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ब्लॉक इकाई हसनपुर की सोमवार को बैठक ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप चौहान ने की एवं संचालन ब्लॉक मंत्री जगत सिंह ने किया। बैठक में समस्याओं पर चर्चा के बाद मृत शिक्षामित्र को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा मित्र आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। मंहगाई के हिसाब से उनका मानदेय नाकाफी हैं। ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि हाल ही में शिक्षा मित्र संघ के प्रांतीय उपमहामंत्री रमेश चन्द्र मिश्रा एवं प्राथमिक विद्यालय महमूदाबाद के शिक्षामित्र बृजेश कुमार की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई है। दोनों शिक्षा मित्र साथियों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। जिला उपाध्यक्ष वरुण गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप चौहान, ब्लॉक मंत्री जगत सिंह, महताबउद्दीन, दिग्विजय सिंह, भूरे सिंह, पन्नादत्त, रमेश सिंह, हरपाल सिंह, राजपाल सिंह चौहान, मंगल सिंह चौहान, जब्बार अली, रोहताश सिंह, भूपाल सिंह, देवेश सिंह, देवेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### पहले पौधों को , बाद में खुद पीते हैं पानी



**त्यागी |रहरा, अमृत विचार :** करीब 15 दिन पहले थाना अध्यक्ष का पद संभालने के बाद कुमरेश त्यागी ने नई पहल शुरू की है। क्राइम कंट्रोल की बैठक के साथ वह लोगों को पेड़ पौधों में पानी देने की सलाह दे रहे हैं। खुद भी पेड़ पौधों को पानी देने के बाद ही नाश्ता करते हैं। उन्होंने बताया कि हम प्रकृति के ही अंग हैं। जब तक प्रकृति है तभी तक हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

### सेना के सम्मान में निकाली भारत विजय यात्रा




**सैदनगली/उझारी, अमृत विचार :** पब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के अमरोहा जिला अध्यक्ष नज़ीर अब्बास के नेतृत्व में सेना के सम्मान में भारत विजय तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ उझारी के मोहल्ला सादात बड़े इमामबारगाह से हुआ और ढवारसी मोड़ पर जाकर समापन हुआ। यात्रा में लोग हिंदुस्तान जिन्दाबाद, और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते गुजर रहे थे। भारतीय वीर जवानों को श्रद्धांजलि भी दी गई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारत विजय यात्रा में केवल वीर जवानों के प्रति श्रद्धांजलि नही बल्कि पूरे देश को एकजुट करने का संदेश भी देती है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि हम उनके शुक्रगुजार हैं कि उन्होंने भारतीय सेना को खुली छूट दी जिससे हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकियों को मिट्टी में मिलने का काम किया। आदिल जैदी, रिफाकत चौधरी, बिट्टू बाक़री गुफरान अहमद, शादाब कुरैशी, फिरोज अहमद, उमर फारूक, फरदीन मलिक, लकी कुरैशी, समीर अब्बास, मिसाल अब्बास, आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को मैडल पहनाकर सम्मानित किया



**गजरौला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मसीह विकास संगठन ने सोमवार को सेन्ट जॉन्स स्कूल में ईसाई मेधावी छात्र छात्राओं को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मोटिवेटर्स के द्वारा बच्चों को जीवन में सफल होने के लिए मोटिवेशन दिया। हाईकोर्ट के एड0 जार्ज स्टीफन हेरेन्ज डाव मधु सिंह, इंजीनियर, प्रिन्सिपल इन्ब्राहम कालेज गाजियाबाद मार्गदर्शक फायर दीनबन्धु रहे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय टाइटलर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संचालन ग्लैडविन डिसूजा व राजेश पैट्रिक ने किया। अशोक डेविड, आशीष आगस्टिन अनिल उठवाल . राकेश पीटर मनोज राबर्ट, पास्टर जयवीर मसीह, डेनियल, शेखर, संदीप गोलू, शर्मेन्दर, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### ख्वाहिश गुप्ता ने जेई एडवांस में प्राप्त की 9886 वीं रैंक

**ढबारसी, अमृत विचार :** ढबारसी निवासी ख्वाहिश गुप्ता पुत्री अनुरूद्ध गुप्ता ने जेई एडवांस की परीक्षा 9886 वीं रैंक हासिल की है। ख्वाहिश गुप्ता ने वेदांत ग्लोबल इंटर कालेज ढबारसी से इसी बर्ष बोर्ड परीक्षा में 96 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज को टाप व जनपद में टाप टेन में स्थान हासिल किया था। ख्वाहिश के परीक्षा उत्तीर्ण करने की जानकारी मिलने पर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई । ख्वाहिश का कहना है कि मैं इंजीनियर बनकर देश के विकास में अपना योगदान दूं।



## एक नजर

### नरौली पुलिस चौकी को थाना बनाने को भेजा पत्र

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र की नगर पंचायत नरौली में पुलिस चौकी है, जिसे थाना बनाने की मांग को लेकर मोहल्ला मंशा देवी निवासी महेश कुमार ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजा। पत्र में कहा है कि नगर पंचायत नरौली से थाना बनियाठेर की दूरी काफी है। थाने के सभी मामलों के मेडिकल नरौली सीएचसी में होते हैं। इसके बाद रिपोर्ट लिखाने को बनियाठेर थाना जाना पड़ता है। नरौली बड़ा और संवेदनशील कस्बा है। कस्बे के लोग कई बार ज्ञापन व मांग कर चुके हैं। इसके बाद भी पुलिस चौकी को थाने का दर्जा नहीं मिल सका।

### योग शिविर में कराया गया योगाभ्यास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ब्रह्मास्त्र कोचिंग इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास को योग शिविर व शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को सुबह के सत्र में योग शिविर में शिक्षक नितेश उपाध्याय ने योगाभ्यास कराया। इसके बाद शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले मुकाबले में श्याम चौधरी ने प्रिंस गुप्ता ओर दूसरे में आरब को हराया। यूसी उपाध्याय ने बताया कि योग शिविर निशुल्क है।

### मीरापुर खादर गंगा किनारे मिला युवक का शव

**मंडावर( बिजनौर), अमृत विचार :** सोमवार सुबह मंडावर क्षेत्र के मीरापुर खादर के सामने गंगा नदी किनारे एक अज्ञात शव गली-सड़ी हालत में मिला। सूचना मिलते ही मंडावर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस क्षेत्राधिकारी ( राकेश वशिष्ठ भी घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस के अनुसार, शव की हालत के कारण पहचान में कठिनाई हो रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। और आसपास के क्षेत्रों में शव की पहचान के लिए पूछताछ की जा रही है।

# बेटी दुआएं करती हैं उम्र दराज की...

## ऑल इंडिया मुशायरा में शायरों ने अपने कलामों से श्रोताओं को किया मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



कंपनी बाग में आयोजित मुशायरे में कलाम पेश करते शायर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कंपनी बाग में रविवार रात ऑल इंडिया मुशायरा में शायरों ने अपने कलाम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर तक लोग मुशायरे का लुत्फ उठाते रहे। आरंभ सामाजिक कार्यकर्ता संगीता भार्गव व सुनील सौरभ ने किया।

एजाज धामपुरी ने सुनाया कि देकर वतन पे जान देकर अमर हो गए जो, ऐसे सिपाहियों को हमारा सलाम है। रौनक चन्दौसी ने कहा कि जर्फ को अपने आजमाता हूं, जख्म खाकर भी मुस्कुराता हूं। आतिश औरछवी ने सुनाया कि जमाना जिसको मेरा खैरख्वाह कहता है, हर एक आह पे मेरी वो वाह कहता है। शरफ नानपारवी देहलवी ने सुनाया कि कयामत सर उठाए फिर रही है, पर नए घर बदलना चाहते हैं। कवि माधव मिश्र ने सुनाया कि लहरों से खेलता हुआ, लहरा के गिर पड़ा, यानि किसी के प्यार में बल खाके गिर पड़ा। बाबर जैदी ने सुनाया कि भीख तो दी मगर जता कर दी, देने वाला बहुत गरीब लगे।

राजस्थान के कोटा से आए शायर कुंवर जावेद ने सुनाया कि सूरज हूं मुझे डर किसी साये का नहीं है, ये देश मेरा घर है किराए का नहीं। महाराष्ट्र के मालेगांव के सुंदर मालेगांवी ने सुनाया कि बेटा काला हो चाहे गोरा हो, मां की नजरों में लाल होता है। डॉ. अशफाक जैदी ने सुनाया कि और कुछ दिन के हैं मेहमान हमारा क्या है, गर्दिशों कर लो परेशान हमारा क्या है। निकहत मुरादाबादी ने सुनाया कि जब तुम्हारे साथ मेरा नाम लिखा जाएगा, मुझको राधा और तुमको श्याम लिखा जाएगा। अलीगढ़ के अनवर अमान ने सुनाया कि यह काम कितने सलीके से कर गया कोई, नजर के रास्ते दिल में उतर गया कोई। जीरो बांदवी ने सुनाया कि बेटी दुआएं करती हैं उम्र दराज की, बेटे यह सोचते हैं कब इंतकाल हो।

मुजीब हसनपुरी,इकबाल हाशमी,सय्यद नज्म इकबाल देहलवी, नसीम हाशमी, हिना तैमूरी, असरार नसीमी ने भी अपने-अपने कलाम पेश किए। इस दौरान विमलेश कुमारी, अशफाक भारती, वसीमुद्दीन, इश्तियाक बेग, रामरूप, सज्जादा नशीन गुलाम साबिर, मोहम्मद आरिफ आदि मौजूद रहे।

## बाइक में टक्कर मार पिता-पुत्री को किया घायल

**गुन्नौर,अमृत विचार :** बाइक में पीछे से टक्कर मारकर पिता-पुत्री को घायल दिया। इस मामले में महिला के ससुराल वालों पर टक्कर मारने का आरोप लगाया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कुहेरा मजरा नगलिया निवासी श्रीपाल पुत्र भारत सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि उसकी बहन किरन की शादी जुनावई क्षेत्र के गांव ताहरपुर निवासी गंगावासी के बेटे दिनेश के साथ हुई है। दहेज की मांग को लेकर ससुराल वाले किरन के साथ आए दिन मारपीट करते हैं। रविवार को किरन ने पिता को फोन पर प्रताड़ित करने की बात बताई तो सोमवार को पिता बाइक से बेटी की ससुराल से अपने साथ ला रहे थे। दोपहर साढ़े बारह बजे बदायूं रोड स्थित किसान कोल्ड स्टोर के पास पीछे से दिनेश और उसका भाई मुकेश बाइक से आए और बाइक में टक्कर मार दी जिससे पिता और उसकी बहन सड़क पर गिर कर घायल हो गए।

# अंडरपास का स्लैब गिरने से पांच मजदूर घायल


हादसे के बाद ज़मीन पर पड़ा मलबा। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** बिजनौर कोतवाली क्षेत्र के बैराज रोड स्थित मेरिटा पब्लिक स्कूल के पास सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ, जब मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे पर निर्माणाधीन अंडरपास का स्लैब अचानक गिर पड़ा। इस हादसे में शहज़ाद, उमेर, फुरकान, मोहम्मद सोनिब समेत पांच मजदूर मलबे में दबकर घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कंपनी मैनेजर ललित ने दावा किया कि ढांचे को जानबूझकर गिरवाया गया था क्योंकि उसमें कुछ कमियां थीं। लेकिन मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर अवनीश कुमार की जांच में यह दावा गलत साबित हुआ। इसके बाद मैनेजर को पूछताछ के लिए थाने भेजा गया। डीएम जसजीत कौर और एसपी अभिषेक भी जिला अस्पताल पहुंचे और घायल मजदूरों का हालचाल जाना। मौके पर मौजूद कंपनी कर्मियों और ठेकेदारों ने जेसीबी व पोकलेन मशीनों से मलबा हटाने का प्रयास किया।

डीएम जसजीत कौर ने बताया कि परियोजना निदेशक को सूचना दे दी गई है और जिला स्तर पर जांच समिति गठित की गई है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने सामग्री के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। डीएम ने कहा कि कंपनी के कर्मचारियों ने प्रशासन को गुमराह करने की कोशिश की और कहा कि कोई घायल नहीं हुआ, जबकि पांच मजदूर घायल हुए हैं।

# बच्चे को सीने से लगाकर ट्रेन के आगे कूदी मां, दोनों की मौत

- शव को लेने तक नहीं गया पति, बहन को पुलिस ने सौंपा

**बरेली/फरीदपुर,अमृत विचार :** घरेलू विवाद में डेढ़ वर्ष के बच्चे को सीने से लगाकर मां ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। मृतका की बहन ने अपने बहनोई पर हत्या का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद पति शव लेने तक नहीं पहुंचा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फरीदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर कला निवासी गौरव ने बताया कि उसकी बहन अंगूरी की शादी 2023 में सात जून को मोपेंद्र निवासी तरा खास थाना फतेहगंज पूर्वी के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी में शराब पीने को लेकर घरेलू विवाद होने लगा। इसके चलते आए दिन मारपीट होती थी। अंगूरी (22) डेढ़ साल के बेटे अजय और पति के साथ सोमवार की सुबह करीब सात बजे दवा लेने के लिए पैदल ही निकली थी। रास्ते में द्वारिकेश शुगर मिल के पास स्थित रेलवे ट्रैक को पति मोपेंद्र ने पार किया। इसके बाद फाटक बंद हो गया। अंगूरी बेटे को सीने से लगाए इस पार ही रही। इसी बीच 100 की स्पीड में आ रही ट्रेन के आगे खड़ी हो गई। मां-बेटे की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। फरीदपुर थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# मुरादाबाद के मॉब लिंचिंग मामले में अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार से मांगा जवाब

प्रयागराज, एजेंसी

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मुरादाबाद में भीड़ द्वारा एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने (मॉब लिंचिंग) के मामले से जुड़ी एक याचिका पर केंद्र और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। याचिका में मामले की विशेष जांच टीम से जांच कराने और 50 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता मोहम्मद आलम ने याचिका में आरोप लगाया है कि ठेला लगाकर आजीविका कमाने वाले उसके भाई शाहिदीन कुरैशी की पिछले वर्ष दिसंबर में एक समूह ने गोहत्या में संलिप्तता के संदेह में पीट पीटकर हत्या कर दी थी।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ ने 26 मई के आदेश में केंद्र और राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पुलिस को बीएनएस की धारा 103(2) (मॉब लिंचिंग) के तहत प्राथमिकी दर्ज करनी चाहिए थी, लेकिन इसके बजाय धारा 103 (हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई और दबाव डालकर शिकायतकर्ता से तहरीर पर हस्ताक्षर कराए गए।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि पुलिस इस मामले में निष्पक्ष नहीं है और वास्तविक अपराधियों को बचाने का प्रयास कर रही है और निष्पक्ष तरीक से इस मामले की जांच नहीं कर रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 29 दिसंबर की रात करीब तीन बजे भीड़ ने कथित तौर पर गोकशी करते हुए शाहिदीन और कुछ अन्य लोगों को पकड़ा। अन्य लोग भाग गए, लेकिन शाहिदीन पीछे छूट गया और उसे भीड़ ने करीब एक घंटे तक निर्ममता से पीटा, जिसकी वजह से अगले दिन उसकी मौत हो गई। बाद में मुरादाबाद पुलिस ने शाहिदीन और उसके कथित साथियों पर गो हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## सार- संक्षेप

### तारों की चिंगारी से 6 बिटोरे व भूसे के 10 बोंगे राख

**बहजोई, अमृत विचार :** हाईटेंशन तार से निकली चिंगारी से खेत में रखे भूसे के 10 बोंगे और 6 बिटोरे जल गए। बहजोई के गांव दुर्गापुर में हादसा रात करीब साढ़े नौ बजे उस वक्त हुआ जब खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार खंभे से टकराया और उससे निकली चिंगारी ने भूसे के बोंगों में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आग पर काबू पाने के लिए सूचना पर फायर विभाग की गाड़ी पहुंच गई। वहीं ग्रामीण भी आग को बुझाने में जुट गए। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक 10 भूसे के बोंगे 6 बिटोरे जलकर राख हो गए।

### मिनी बैंक संचालक से मारपीट, लूटे 2.40 लाख रुपये

**संभल,अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में मिनी बैंक (एसबीआई) संचालक खेत में पड़ा मिला। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मिनी बैंक संचालक ने बाइक सवार चार युवकों द्वारा मारपीट कर 2 .40 लाख रुपये लूटने का आरोप लगाया। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।कोतवाली क्षेत्र के गांव बिछौली निवासी शिवम मिनी बैंक संचालक है। सोमवार को सुबह शिवम बाइक से मिनी बैंक के लिए चला। राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी कि शिवम हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में गांव मखदूमपुर के खेत में पड़ा है। परिजन मौके पर पहुंचे और बेसुध शिवम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शिवम का कहना रहा कि गांव फत्तेहपुर के पास से एक युवक लिफ्ट लेकर बाइक पर बैठा। इसके बाद चार युवकों ने मारपीट की और 2 .40 लाख रुपये लूट ले गए। जबकि शिवम का मोबाइल और लैपटॉप उसी के पास मिला। इस मामले में पुलिस गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

### बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** गांव बारसाबाद निवासी प्रमोद पुत्र लेखराज नेशनल हाईवे स्थित एक होटल पर कैंटीन चलाता था। प्रमोद सोमवार की सुबह कैंटीन से स्कूटी से अपने घर जा रहा था। नेशनल हाईवे पर गजरौला स्थित हवेली होटल के पास तेज रफ्तार बाइक ने सामने से उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने प्रमोद को सीएससी में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क के केंद्र बिंदु से फोरलेन के लिए ली जाए जमीन

- राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने पीडब्लूडी के जेई को सौंपा ज्ञापन,आंदोलन की दी चेतावनी

संवाददाता,चन्दौसी


पीडब्लूडी के जेई को ज्ञापन सौंपते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने चन्दौसी-मुरादाबाद हाईवे स्थित बनियाठेर से फोर-लेन सड़क निर्माण जो बेरनी मार्ग से जुड़ने वाली सड़क को लेकर लोक निर्माण विभाग के जेई सुनील प्रकाश को ज्ञापन सौंपा।

कहा कि चन्दौसी-बेरनी मार्ग से 5 मीटर चौड़ी जो कच्ची रास्ता बनियाठेर चन्दौसी-मुरादाबाद हाइवे से जोड़ती है। उस रास्ते के बीच को केंद्र बिंदु मानकर सड़क के दोनों ओर की भूमि फोर-लेन के लिए ली जाए। जेई ने किसानों को आश्वासन दिया कि अहित नहीं होगा। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही किसानों की बैठक बुलाई जाएगी जिसमें समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन वालों में मुकेश शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह, शानू शर्मा, चीनू जैन, मनोज कुमार, सुदेश कुमार, राहुल कश्यप आदि मौजूद रहे।

# एमडी परिवहन निगम ने सहायक प्रबंधक विधि को किया निलंबित

**बरेली, अमृत विचार:** परिवहन निगम में रोडवेज से जुड़े विधिक प्रकरणों की पैरवी में शिथिलता और अनुशासनहीनता पर बरेली,मुरादाबाद रीजन के कार्यवाहक सहायक प्रबंधक (विधि) तिरमल सिंह को निलंबित कर दिया। कार्रवाई प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने की है।

तिरमल सिंह की मूल तैनाती सहारनपुर में है। प्रबंधक निदेशक के आदेश में कहा गया कि तिरमल सिंह को दायित्वों में घोर उदासीनता बरतने, विधिक प्रकरणों की पैरवी में शिथिलता बरतने, परिवहन निगम बनाम अमित कुमार प्रकरण में हाईकोर्ट की ओर से नाराजगी जताने पर विभाग की छवि धूमिल करने के साथ ही निगम को वित्तीय क्षति पहुंचाने समेत कई आरोपों में कार्रवाई की गई है। कुछ दिन पहले बरेली परिक्षेत्र के रोडवेज के सेवा प्रबंधक धनजी राम और बदायूं डिपो के एआरएम अजय कुमार को निलंबित किया गया था। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि सहायक प्रबंधक तिरमल सिंह को परिवहन निगम मुख्यालय से अटैच किया है।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# दरबार में माता रानी के दुख दर्द मिटाए जाते हैं


बगिया वाली देवी मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** प्राचीन सिद्धपीठ बगिया वाली देवी माता मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। सोमवार को स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके उपरांत रात को माता रानी का जागरण हुआ।

मंगलवार की अपराह्न मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। केजी शर्मा ने दरबार में माता रानी के दुख दर्द मिटाए जाते हैं, हरिगोपाल शर्मा ने चलो बुलाया आया है,राजेश शंखधार ने मैने सुंदर कांड कराया है। मेरा हनुमान घर आया है आदि भजन सुनाए। इस दौरान मुकेश आचार्य, विशाल शर्मा, उमा शर्मा, पवन गुप्ता, मुनीश शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय, राजू शर्मा, पवन गुप्ता भट्टे वाले, आशीष पाठक, गौरव मिश्रा, सुरेश चन्द्र शर्मा, उमा श्रीवास्तव, कांता अदलखा, राधा अग्रवाल, अनिल कपूर, अविनेश शर्मा, सर्वेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, सुरभि शर्मा, गंगा राम शर्मा, अनुपम शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सुरक्षा के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक ने की गश्त

**हसनपुर, अमृत विचार :** शांति एवं कानून व्यवस्था के मध्य नजर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्गो पर पैदल गश्त कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रविवार की देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया हसनपुर कोतवाली पहुंचे और पुलिस बल के साथ नगर के भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं सर्राफा बाजार सहित अन्य स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। तथा ड्यूटी पर कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने नगर वासियों एवं व्यापारियों से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा का एहसास भी दिलाया। इसी के साथ उन्होंने प्रभारी निरीक्षक को नियंत्रण नगर में गश्त करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### लखनऊ समेत 16 जिलों में पैक्स बनाएगा 24 गोदाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए एक बड़ी योजना को अमल में लाने जा रही है। लखनऊ, बाराबंकी समेत 16 जिलों में 24 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के माध्यम से 1000 मीट्रिक टन तक की क्षमता वाले गोदाम बनाए जाएंगे। इससे किसानों को उनके कृषि उत्पादों के भंडारण की बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्हें फसल बेचने में जल्दबाजी नहीं करनी पड़ेगी और उचित दाम मिल सकेगा। यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत संचालित की जा रही है। लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच, रायबरेली, एटा, मथुरा, फर्रुखाबाद, लखीमपुर खीरी, कानपुर नगर, महाराजगंज, कुशीनगर, जालौन, पीलीभीत और झांसी में इन गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। इन गोदामों से किसानों को उनकी उपज को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की सुविधा भी मिलेगी।

### बैंकाक में दिखेगी यूपी की बौद्ध विरासत

**अमृत विचार, लखनऊ :** थाईलैंड के बैंकाक में शुरू होने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मेले में प्रदेश स्थित बौद्ध विरासतों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रशांत एशिया ट्रेबल एसोसिएशन (पीएटीए) द्वारा आगामी 26 से 28 अगस्त तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मेले में उप्र. पर्यटन विभाग द्वारा सांस्कृतिक, भौगोलिक, अध्यात्मिक तथा ऐतिहासिक हेरीटेज को प्रदर्शित किया जाएगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि थाइलैंड में बहुसंख्यक आबादी बौद्ध धर्म को मानने वाली है। गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थल यहां स्थित है। इन स्थलों में सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती सहित अन्य आध्यात्मिक, धार्मिक, विरासत, ईको पर्यटन आदि का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# गर्मी को लेकर अस्पताल अलर्ट मोड पर रहें : पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने जारी किया पत्र



**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अस्पतालों में दवाएं, मरीजों की भर्ती व इमरजेंसी सेवाओं को और पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। आगामी त्यौहार व भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी चिकित्सा संस्थानों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को अपरिहार्य कारणों के अलावा अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री के सोमवार को जारी निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पत्र जारी किया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि इमरजेंसी सेवाओं की व्यवस्था और बेहतर रहे। डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की विशेष टीमें बनाई जाएं। ताकि मरीजों को इलाज हासिल करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि 102, 108 व एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सेवाएं भी क्रियाशील रखी जाएं। मरीजों को नजदीक के सरकारी अस्पतालों में पहुंचाया जाए।

# बैठकों में भाग न लेना भी बिजली आपूर्ति में बाधा पहुंचाने जैसा

## पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने दी कठोर कार्रवाई की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि समीक्षा बैठकों व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग न लेना भी बिजली आपूर्ति में बाधा पहुंचाने जैसा कार्य है। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बिजली कर्मी ऐसा कोई कार्य न करें, जो बिजली व्यवधान की श्रेणी में आता है। अन्यथा विवश होकर प्रबंधन को कठोर कार्रवाई करनी पड़ेगी। अध्यक्ष सोमवार को शक्ति भवन में सामग्री प्रबंधन व ट्रांसफार्मर वर्कशॉप की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।



समीक्षा बैठक करते उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल।

उन्होंने कहा कि कॉरपोरेशन या वितरण निगम स्तर पर जो भी समीक्षा बैठकें की जा रही हैं, वे सब बिजली व्यवस्था व आपूर्ति को लेकर ही होती हैं। उन्होंने कहा कि सेवा शर्तों आदि के लिए प्रबंधन हमेशा वार्ता के लिए तैयार है। कोई भी संगठन बातचीत कर सकता है, पर सरकार की नीति तय करना संगठनों के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में कार्य बहिष्कार या हड़ताल जैसे कार्य करना उचित नहीं है। अध्यक्ष ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए ट्रॉली ट्रांसफार्मर सही रखें, इसके लिए अधिकारी नियमित तौर पर सजगता बरतें। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर इन्हें लगाकर तत्काल आपूर्ति बहाल की जाए, पर लंबे समय तक इन्हें लगाकर न रखें। अधिकतम 48 घंटे में ट्राली ट्रांसफार्मर वहां से अन्यत्र भेज दिए जाएं।

### ऊर्जा मंत्री बताएं सब्सिडी मिलेगी या नहीं

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा मंत्री से सवाल पूछते हुए कहा कि राज्य सरकार ऊर्जा निगमों के निजीकरण के बाद सब्सिडी देगी या नहीं। इस बीच, निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन जारी रखा। प्रयागराज में बुद्धि-शुद्धि यज्ञ किया गया। समिति ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन ने सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के प्रकरण में कॉरपोरेशन में पैनल पर कार्य कर रहे अधिवक्ताओं से राय ली और 'क्लीन चिट' दे दी गई। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बीते वर्ष किसानों, बीपीएल उपभोक्ताओं, बुनकरों आदि की सब्सिडी की धनराशि 22,000 करोड़ रुपये से ऊपर की है। यह धनराशि सरकार ने सब्सिडी के रूप में दी है। घाटे के नाम पर निजीकरण करने की दलील देते समय इस धनराशि को जोड़कर घाटा बताया जा रहा है।

### नहीं ली गई न्याय विभाग से राय : उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सलाहकार कंपनी को बचाने के लिए कॉरपोरेशन प्रबंधन ने निगम व शासन के न्याय विभाग से राय नहीं ली, बल्कि कॉरपोरेशन के पैनल के अधिवक्ताओं से राय ली गई है। इससे सिद्ध हो रहा है कि कॉरपोरेशन सलाहकार कंपनी को बचाने में लगा है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है। उन्होंने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# सक्षम अंत्योदय कार्ड धारकों पर नजर

## मुख्य सचिव ने की जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा, सीडीओ व बीडीओ को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की नजर उन अंत्योदय कार्ड धारकों पर भी है, जिनकी आर्थिक स्थिति समय के साथ मजबूत हुई है। दरअसल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने प्रदेशभर के सीडीओ और बीडीओ को सुझाव दिया है कि समय के साथ परिवार की आर्थिक स्थिति में परिवर्तन हो सकता है, ऐसे में अंत्योदय कार्ड धारकों का सत्यापन कराया जाये और मृतक व अपात्र व्यक्तियों को बहिष्कृत किया जाए। साथ ही जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित पात्र परिवारों को शीर्ष प्राथमिकता पर अंत्योदय कार्ड का लाभ दिया जाए।



लोकभवन में बैठक करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

मुख्य सचिव ने सोमवार को लोकभवन में जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा कर वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से सभी सीडीओ एवं बीडीओ को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए लाभार्थियों का जीरो पावर्टी पोर्टल पर सत्यापन प्राथमिकता पर करवाने के निर्देश दिए। कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। मुख्य सचिव के मुताबिक, जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित पात्र परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के कार्यों में प्रगति लायी जाये।

### जूनियर रेजीडेंट के 7 पदों का सृजन

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, नोएडा की 12वीं शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासी निकाय द्वारा संकायाध्यक्ष की नियुक्ति को अग्रिम 3 वर्ष बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इसी क्रम में पैथोलॉजी विभाग में पीजी जूनियर रेजीडेंट के 7 पदों के सृजन के प्रस्ताव तथा पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के नाम को बदलकर डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुसार पीडियाट्रिक एंड प्रीवेंटिव डेंटिस्ट्री रखने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

# प्रदेश के तीन वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। नए डीजीपी की तैनाती होने के बाद सरकार ने तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, पीसी मीणा को पुलिस महानिदेशक/सीएमडी पुलिस आवास निगम के साथ डीजी कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। वहीं, आशुतोष पांडेय को पदोन्नत होने के बाद पुलिस महानिदेशक टेलीकॉम और नीरा रावत को पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराधा शाखा (ईओडब्ल्यू) के साथ यूपी-112 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# शेष 26 जिलों में भी शुरू होंगे बचपन डे केयर सेंटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दिव्यांगजनों की बढ़ेंगी सुविधाएं योजनाओं का होगा विस्तार

**अमृत विचार :** राज्य सरकार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तमाम नयी योजनाओं को जमीन पर उतार रही है। इसी कड़ी में सरकार बचपन-डे-केयर सेंटर्स का विस्तार करने जा रही है। प्रदेश में अभी तक 25 जिलों में बचपन-डे-केयर सेंटर्स संचालित हैं, जिसमें सभी मंडल मुख्यालय व 7 महत्वाकांक्षी जिले शामिल हैं। योगी सरकार इसका विस्तार करते हुए इसे 26 और जिलों में संचालित करने की योजना बना रही है।

इसके अतिरिक्त प्रदेश के स्टेडियम व स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्सों को दिव्यांगजन हितैषी बनाए जाने के लिए एक नई योजना प्रस्तावित की गई है, जिसके अंतर्गत सभी खेल परिसर अब दिव्यांगजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अनुकूलित किए जाएंगे। यह पहल उन्हें न केवल खेलों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगी, बल्कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को भी सशक्त बनाएगी।

इसके अलावा सरकार मानसिक रूप से मंदित बच्चों के पुनर्वास को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसके लिए सभी जिलों में मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना प्रस्तावित है।

# ई-गवर्नेंस का शुरू होगा नया युग

## यूपीस्वान के तीसरे चरण की आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने शुरू की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपीडेस्को को नोडल एजेंसी किया नियुक्त
- तहसील, ब्लॉक कमिश्नरेट समेत विकास भवनों को जोड़ने की तैयारी

**अमृत विचार :** योगी सरकार प्रदेश में ई-गवर्नेंस प्रक्रिया के आधुनिकीकरण व सुदृढ़ीकरण पर फोकस कर रही है। उत्तर प्रदेश स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क के तीसरे चरण में ई-गवर्नेंस का 'नया युग' शुरू होगा। इसे लागू करने की तैयारी आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने शुरू कर दी है।

इसके लिए शासन ने यूपीडेस्को को नोडल एजेंसी नियुक्त किया है। जल्द ही प्रदेश के सभी तहसील, ब्लॉक, कमिश्नरेट समेत विकास भवनों को इससे जोड़ा जाएगा। यूपीडेस्को द्वारा तैयार कार्ययोजना तैयार के अनुसार, पूरे राज्य में यूपीस्वान 2.0 से जुड़ने से वंचित रह गए कार्यालयों को जोड़ने की तैयारी है। प्रदेश में स्टेट हेडक्वॉर्टर, कमिश्नरेट ऑफिसेस व जिला मुख्यायल पहले ही जोड़े जा चुके हैं। जबकि, प्रदेश के 351 तहसील मुख्यालयों में से 235 तथा 828 ब्लॉक मुख्यालयों में से 574 को जोड़ने में सफलता मिली है। ऐसे में, तीसरे वर्जन के जरिए 116 तहसील मुख्यालयों, 254 ब्लॉक मुख्यालयों तथा 75 विकास भवनों को जोड़ने की तैयारी है।

शासन में आईटी सॉल्यूशंस के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देकर विभागों में डिजिटल विभाजन को कम करना है। यह इंडस्ट्री स्टैंडर्ड को लागू करने के साथ ही उन्नत तकनीकों को प्रभावी बनाकर एक स्केलेबल, कॉन्फ़िगर करने योग्य व भविष्य की जरूरतों के अनुसार बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। यह स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क तकनीक को एकीकृत करेगा ताकि मल्टीप्रोटोकॉल स्विचिंग और इंटरनेट लीज्ड लाइन्स में डायनामिक ट्रैफिक रूटिंग सुनिश्चित की जा सकेगी।

# विद्युत निगमों को बेचना चाह रही भाजपा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था चौपट कर दी है। इस सरकार ने अपने 8 साल के कार्यकाल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई नया पावर प्लांट नहीं लगाया। भाजपा सरकार बिजली व्यवस्था ठीक करने के बजाय विद्युत निगमों को बेचने और उनके निजीकरण के लिए सारे तिकड़म अपना रही है।

सपा प्रमुख ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। तार गिर रहे हैं। अघोषित कटौती हो रही है। सरकार का ध्यान बिजली उत्पादन बढ़ाने और वितरण व्यवस्था सुधारने की जगह कर्मचारियों को डराने, धमकाने और विभाग के जबरदस्ती निजीकरण पर है।

# राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ प्रथम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- न्यायालयी केस निपटाने में जौनपुर ने मारी बाजी सुल्तानपुर दूसरे व गाजीपुर तीसरे स्थान पर

**अमृत विचार :** राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) द्वारा मई माह की जारी रिपोर्ट में कुल राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल रहा, जबकि जौनपुर दूसरे और प्रयागराज तीसरे स्थान पर रहा। न्यायालयों में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। सुल्तानपुर दूसरे और गाजीपुर तीसरे स्थान पर है।

प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर नजर आ रहा है। योगी खुद हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा करते हैं।

राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की मई माह की रिपोर्ट के अनुसार, मई में पूरे प्रदेश में कुल 3,20,719 राजस्व मामलों को निस्तारण किया गया। इसमें सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 15,137 मामले निस्तारित किये गये, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। इसके बाद जौनपुर कुल 9,945 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरे, प्रयागराज 9,525 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। जौनपुर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 563 मामलों का निस्तारण किया है। इसी के साथ जनपदीय न्यायायल में राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि 549 मामलों को निस्तारण कर दूसरे स्थान पर सुल्तानपुर और 262 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर गाजीपुर है।

### अयोध्या डीएम कोर्ट प्रदेश में सबसे आगे

मई में अयोध्या के जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 69 मामलों का निस्तारण कर 230 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की, जो की प्रदेश भर में सबसे अधिक है और अयोध्या प्रदेश भर में पहले स्थान पर है। वहीं, जौनपुर के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 66 मामले निस्तारित किये गये। मऊ के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 65 मामले निस्तारित हुए। इसी तरह जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा निस्तारित किये गये मामलों में क्रमश: जौनपुर दूसरे और मऊ तीसरे स्थान पर है।

### भू-राजस्व मामलों के निस्तारण में जौनपुर आगे

अपर जिलाधिकारी भू राजस्व जौनपुर ने निर्धारित मानक 50 के सापेक्ष कुल 208 वादों का निस्तारण कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व गाजीपुर कुल 61 वादों का निस्तारण कर दूसरे स्थान पर हैं तथा अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व मीरजापुर कुल 24 वादों का निस्तारण कर तीसरे स्थान पर हैं।

## धर्म दर्शन

# गंगा: भारतीय संस्कृति की प्रतीक

श्रीरामचरित मानस के अयोध्या कांड में गोस्वामी तुलसीदास ने जीवनदायिनी मां गंगा का मनुहारी वर्णन करते हुए कहा है कि 'गंग सकल मुद मंगल मूला, सब सुख करनि हरनि सब सूला।' अर्थात गंगा समस्त आनंद-मंगलों की मूल हैं। वे सब सुखों को करने वाली और सब पीड़ाओं को हरने वाली हैं। पुराणों में कहा गया है कि राजा भगीरथ वर्षों की तपस्या के उपरांत ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन गंगा को पृथ्वी पर लाने में सफल हुए। भारतीय शास्त्र, पुराण एवं उपनिषद इत्यादि सभी ग्रंथों में गंगा की महिमा और महत्ता का बखान किया गया है। गंगा भारतीय संस्कृति की प्रतीक एवं हजारों साल की आस्था की पूंजी है। शास्त्रों में कहा गया है कि गंगा का पानी अमृत व मोक्षदायिनी है।

'गंगा दशहरा' हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो गंगा नदी की पूजा के लिए समर्पित है। यह त्योहार हिन्दू माह ज्येष्ठ के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर गंगा की स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण की स्मृति की जाती है। भक्त नदी के किनारे एकत्र होते हैं, पवित्र स्नान करते हैं, रीति-रिवाज करते हैं और आशीर्वाद के लिए प्रार्थनाएं करते हैं। माना जाता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने से पापों का नाश होता है और इच्छाओं की पूर्ति होती है। यह त्योहार गंगा को संरक्षित और सुरक्षित रखने के महत्व को भी दर्शाता है, जो हिन्दू धर्म में अत्यधिक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। सृष्टि के निर्माता ब्रह्मा जी के कमंडल से राजा भागीरथ द्वारा देवी गंगा को धरती पर अवतार दिवस को गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है। पृथ्वी पर अवतार से पहले गंगा नदी स्वर्ग का हिस्सा थीं। गंगा दशहरा के दिन भक्त देवी गंगा की पूजा करते हैं और गंगा में डुबकी लगाते हैं, और दान-पुण्य, उपवास, भजन और गंगा आरती का आयोजन करते हैं। मान्यता है इस दिन मां गंगा की पूजा करने से भगवान विष्णु की अनंत कृपा प्राप्त होगी।



पं.मनोज कुमार द्विवेदी
कानपुर

हिन्दू धर्म में तो गंगा को देवी मां का दर्जा दिया गया है। यह माना जाता है कि जब मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई तो वह ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि थी, तभी से इस तिथि को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में भौतिक जीवन जी रहे मनुष्य से जाने अनजाने जो पापकर्म हो जाते हैं उनकी मुक्ति के लिए मां गंगा की साधना करनी चाहिए कहने का तात्पर्य है जिस किसी ने भी पापकर्म किये हैं और जिसे अपने किए का पश्चाताप है और इससे मुक्ति पाना चाहता है तो उसे सच्चे मन से मां गंगा की पूजा अवश्य करनी चाहिए।

### गंगा दशहरा का महत्व

गंगा दशहरा को लेकर यह धार्मिक मान्यता है कि इस दिन ही मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। गंगा दशहरा पर पवित्र गंगा नदी में स्नान जरूर करना चाहिए। अगर आपके लिए ऐसा कर पाना संभव न हो तो आपको घर पर ही स्नान करते हुए पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर लेना चाहिए। इस दिन मां गंगा की पूजा-अर्चना की जाती है। गंगा दशहरे के पर्व पर गरीब और जरूरतमंद लोगों को दान करने का विशेष महत्व होता है। ऐसा कहा जाता है कि गंगा दशहरा पर दान की जाने वाली वस्तुओं की संख्या 10 होनी चाहिए। इस दिन आप 10 फल, 10 पंखे, 10 सुराही, 10 छाते या फिर 10 हिस्से अन्न का दान कर सकते हैं।

## वर्ग पहेली- 450

**बाएं से दाएं**

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।
5. डरावना, भयानक।
6. 1. आडंबर, तड़क-भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल-पहल।
7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।
2. 1. सादा आहार 2. रूखा-सूखा भोजन।
3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक्कारख़ाना।
5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।



### वर्ग पहेली -449 का हल


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अं | त | र | 2 अ | य | 3 न |
| शु | | | म | | वी |
| मा | | 4 वि | ल | स | न |
| ला | | | ता | | ता |
| | 5 सु | खा | स | न | |
| | दि | | | | 6 ख़ा |
| 7 ति | न | क | ना | | लू |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- अष्टमी 09 .56 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- पूर्वा फाल्गुनी 4 जनू 12 .58 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** - आज समाज में आपका नाम बढ़ेगा। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे। आज आप नव समाचारों को लेकर अति उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृष** - आज अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आयेगा। अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है।

**मिथुन** - आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आपको प्रयासों को कमजोर न पड़ने दें। आपकी सलाहों से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाये रखें। अविवाहित महिला जातकों को विवाह की चिन्ता रहेगी।

**कर्क** - आज दूरस्थ परिजनों के साथ गंभीर चर्चा हो सकती है। जॉब इन्टरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान दें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में आज अधिक व्यस्त हो सकते हैं।

**सिंह** - आज नई संपत्ति खरीदने का विचार बनायेंगे। आज आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मीटिंग्स में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** - आज आपको उधार लेने से आपको बचना चाहिए। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है। सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है।

**तुला** - आज जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं। घर का वातावरण अत्यन्त सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** - आज निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे। मार्केटिंग पर आपको अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा।

**धनु** - आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती हैं। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जायेंगे। विदेश यात्रा को लेकर बाधा दूर होंगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।

**मकर** - आज आवश्यक कार्य दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें। हित शत्रु आपकी भावनाओं का अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। एनीमिया और विटामिन की कमी के कारण कमजोरी हो सकती है।

**कुंभ** - आज दांपत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं। मांगलिक आयोजनों में भाग लेने से लाभ होगा। वाद-विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

**मीन** - आज अपने काम से काम रखें। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर अधिक सोच-विचार न करें। कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिल सकता है। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण परिवर्तित सकता है।

## सुडोकू -174

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | | | |
| | 6 | | | | | | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | 5 | | | | | |
| | 9 | | | | | | 1 | |
| | | | | | 9 | | | |
| 6 | | | | | | | | 5 |
| | | | 7 | | | | | |

### सुडोकू - 173 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 8 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 4 | 9 | 3 | 5 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |
| 2 | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 3 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 7 | 2 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 5 |

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80654.26 | 24,716.60 |
| गिरावट | 77.26 | 34.10 |
| प्रतिशत में | 0.09 | 0.14 |

## एक नजर

### वायदा बाजार में सोने का भाव 1300 रुपये चढ़ा

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों के ताजा सौदों से वायदा कारोबार में सोमवार को सोना 1300 रुपये तेजी के साथ 97,175 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून में आपूर्ति वाले सोने की कीमत 1300 रुपये यानी 1.36 प्रतिशत तेजी के साथ 97,175 प्रति 10 ग्राम हो गई। इसमें 14,336 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि प्रतिभागियों के ताजा सौदे करने से सोने के कीमतों में तेजी आई है।

### इन्फोसिस के सीईओ का वेतन 80.62 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** इन्फोसिस के सीईओ सलिल पारेख का वेतन 2024-25 में 21.6 प्रतिशत बढ़कर 80.62 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष में पारेख को 66.25 करोड़ रुपये का वेतन मिला था। पारेख ने 2024-25 में मूल वेतन के रूप में 7.45 करोड़, सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में 49 लाख, बोनस और प्रोत्साहन के रूप में 23.18 करोड़, शेयर विकल्पों के इस्तेमाल से 49.5 करोड़ रुपये अर्जित किए।

# छोटी कारों के बाजार को बचाए सरकार

## मारुति ने सरकार से की मांग, कहा- दाम ऊंचा होने से आ रही है गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● पिछले 10 साल में 30 प्रतिशत से भी कम रह गई बाजार में छोटी कारों की हिस्सेदारी

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को देश में छोटी कारों की बिक्री को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहनों की मांग की। कंपनी का कहना है कि छोटी कारों का दाम ऊंचा होने की वजह से इस खंड में धीरे-धीरे गिरावट देखी जा रही है।

कभी भारतीय यात्री वाहन बाजार में छोटी कारों का दबदबा था। आज कुल यात्री वाहन बाजार में इस खंड की हिस्सेदारी घटकर 30 प्रतिशत से भी कम रह गई है। पांच लाख रुपये से कम कीमत वाली प्रवेश स्तर की कारें जो वित्त वर्ष 2015-16 में लगभग 10 लाख इकाई (9,34,538 यूनिट) हुआ करती थीं, 2024-25 में यह घटकर सिर्फ 25,402 इकाई रह गई हैं।

मारुति सुजुकी के ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसे मॉडल की बिक्री मई में घटकर 6,776 इकाई रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 9,902 इकाई रही थी। यहां तक कि बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री भी मई, 2025 में घटकर 61,502 इकाई रह गई जो पिछले साल इसी महीने 68,206 इकाई की हुई थी।

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बढ़े हुए विनियमन के साथ, छोटी कार मॉडलों की कीमतों में काफी वृद्धि हुई है, जिसका असर उन खरीदारों पर पड़ा है जो दोपहिया वाहनों से प्रवेश स्तर की कारों तक जाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, इसलिए कहीं न कहीं सरकार को यह समझना होगा कि अगर वे वाहन उद्योग को गति देना चाहते हैं, तो उन्हें यह समझने की जरूरत है कि समस्या कहां है और छोटी कारों की बिक्री का आकार कैसे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा, कुछ प्रोत्साहनों की आवश्यकता है ताकि जो ग्राहक कार खरीदने में सक्षम नहीं है, वे आ सकें और दोपहिया वाहन से चार पहिया वाहन की ओर जा सकें।

### मारुति सुजूकी और हुंदै की मई में बिक्री घटी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया और हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू बाजार में थोक बिक्री मई में घट गई है। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसने भारत-पाकिस्तान संघर्ष और छोटी कारों की बिक्री में गिरावट के बीच उद्योग के खुदरा बिक्री अनुमानों के अनुरूप डीलरों को आपूर्ति को संतुलित किया है। हुंदै ने कहा कि पिछले महीने कंपनी ने चेन्नई स्थित विनिर्माण संयंत्र को एक सप्ताह तक नियमित अर्धवार्षिक रखरखाव के लिए बंद रखा, जिससे बिक्री में गिरावट आई। मारुति की कुल बिक्री मई में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,80,077 इकाई पर पहुंच गई। मई, 2024 में कंपनी ने कुल 1,74,551 वाहन बेचे थे। पिछले महीने घरेलू यात्री वाहन की थोक बिक्री सालाना आधार पर छह प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,35,962 इकाई रह गई।

### सेंसेक्स 77 अंक टूटा निफ्टी में भी गिरावट

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में भी सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 77 अंक टूट गया। वैश्विक व्यापार को लेकर ताजा चिंता से दुनिया के अन्य बाजारों में गिरावट का रुख रहा जिसका असर घरेलू बाजार पर भी दिखा।

इसके अलावा, रूस-यूक्रेन युद्ध, ब्रेंट क्रूड के दाम में तेज वृद्धि और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स एक समय 796.75 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, बाद में इसमें कुछ सुधार आया और अंत में यह 77.26 अंक के नुकसान के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 34.10 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,716.60 अंक पर बंद हुआ।

# रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● एसबीआई की शोध रिपोर्ट में दावा- ऋण चक्र को बहाल करने के लिए किया जा सकता है ऐसा

भारतीय स्टेट बैंक की एक शोध रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को अपनी मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में आधा प्रतिशत की भारी कटौती कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऋण चक्र को फिर से बहाल करने और अनिश्चितताओं का मुकाबला करने के लिए ऐसा किया जा सकता है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को बैठक में लिए गए निर्णय की घोषणा करेगी। केंद्रीय बैंक ने फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे यह घटकर छह प्रतिशत पर आ गई है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने अपनी अप्रैल की नीति में रुख को तटस्थ से बदलकर उदार करने का भी फैसला किया था। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की शोध रिपोर्ट में कहा गया है, 'हमें जून की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में आधा प्रतिशत कटौती की उम्मीद है, क्योंकि बड़ी दर कटौती अनिश्चितता का मुकाबला करने के काम आ सकती है।' रिपोर्ट के मुताबिक, बड़ी दर कटौती ऋण चक्र को फिर से सक्रिय कर सकती है।

# एआई, मशीन लर्निंग में भर्तियां 25% बढ़ीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● एक रिपोर्ट ने पेश किया मई का आंकड़ा, आईटी में नौकरियां घटीं

मई माह में कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) क्षेत्र में भर्तियों की संख्या में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि व्यापक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में नौकरी के अवसरों में गिरावट देखी गई। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

'नौकरी जॉबस्पीक मई 2025' रिपोर्ट कहती है कि आईटी क्षेत्र से जुड़ी नई नौकरियां मई, 2025 के दौरान पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले पांच प्रतिशत घट गईं। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, 'मई के दौरान महानगरों में एआई एवं मशीन लर्निंग से जुड़ी भूमिकाओं पर भर्तियों में लगातार तेजी देखी गई। इसी के साथ वरिष्ठ पेशेवरों की मांग भी स्थिर बनी रही। यह प्रवृत्ति पिछले एक साल से मजबूत बनी हुई है।'

रिपोर्ट के मुताबिक, मई, 2025 में कुल भर्ती परिदृश्य स्थिर रहने के बीच रियल एस्टेट पांच प्रतिशत और बीमा छह प्रतिशत बढ़कर अपेक्षाकृत चमकदार क्षेत्र के रूप में उभरे। इसके उलट खुदरा, दूरसंचार और बैंकिंग, वित्त एवं ब्रोकिंग क्षेत्रों में भर्तियां आठ-नौ प्रतिशत तक घट गईं।

हालांकि, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में यूनिकॉर्न कंपनियों की भर्तियों में 29 प्रतिशत तक तेजी देखी गई। शहरों के लिहाज से हैदराबाद और कोच्चि में क्रमशः सात प्रतिशत और आठ प्रतिशत की भर्ती वृद्धि देखी गई, जिसमें से अधिकांश वृद्धि 16 साल से अधिक का अनुभव रखने वाले पेशेवरों की थी।

### यूपीआई लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने सोमवार को यह कहा। अप्रैल में यूपीआई लेनदेन का मूल्य 23.94 लाख करोड़ रुपये था। मात्रा के लिहाज से बात करें तो मई में 1,867.7 करोड़ लेनदेन किए गए, जबकि इससे पिछले महीने 1,789.3 करोड़ लेनदेन हुए थे। एनपीसीआई ने कहा कि लेनदेन का मूल्य मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 20.44 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई। समीक्षाधीन महीने में दैनिक लेनदेन औसतन 81,106 करोड़ रुपये रहा, जो अप्रैल के 79,831 करोड़ रुपये के स्तर से 1.5 प्रतिशत अधिक है।

# कॉरपोरेट दिवाला संबंधी संशोधन अधिसूचित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● आईबीबीआई ने कहा- संशोधनों का उद्देश्य प्रक्रियाओं को कारगर बनाना और लेनदारों के हितों की रक्षा करना

आईबीबीआई ने कॉरपोरेट दिवाला प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधनों को अधिसूचित कर दिया है, जिसका उद्देश्य प्रक्रियाओं को कारगर बनाना, लेनदारों के हितों की रक्षा करना और समाधान प्रक्रियाओं में अधिक निवेशक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 26 मई को कॉरपोरेट इकाइयों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया से संबंधित चौथे संशोधन विनियम, 2025 को अधिसूचित किया। इस संशोधन के महत्वपूर्ण बदलावों में कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) की मंजूरी के साथ समाधान पेशेवरों को न केवल पूरे कॉरपोरेट देनदार के लिए बल्कि व्यक्तिगत परिसंपत्तियों या दोनों के संयोजन के लिए भी अभिरुचि पत्र आमंत्रित करने की अनुमति देना शामिल है।

आईबीबीआई ने कहा कि दोनों समूहों के लिए आवेदनों को सक्षम बनाने से समाधान प्रक्रिया समयसीमा में कमी ला सकती है, व्यवहार्य खंडों में मूल्यह्रास को रोक सकती है और व्यापक निवेशक भागीदारी को प्रोत्साहित कर सकती है। विनियमों ने चरणों में निष्पादित समाधान योजनाओं के तहत भुगतान के लिए रूपरेखा को भी संशोधित किया है।

ऐसे मामलों में, वित्तीय लेनदार जो समाधान योजना का समर्थन नहीं करते थे, उन्हें अब कम से कम आनुपातिक आधार पर और पक्ष में मतदान करने वालों से पहले भुगतान प्राप्त होगा। बोर्ड ने कहा कि यह दृष्टिकोण चरणबद्ध कार्यान्वयन की व्यावहारिक बाधाओं के साथ असहमत लेनदारों के वैध अधिकारों को संतुलित करता है।



## एक नजर

### केरल तट के पास से दो यमनी छात्र लापता

**कोच्चि।** नौ यमनी नागरिकों के एक समूह के दो व्यक्ति सोमवार को यहां के निकट समुद्र में लापता हो गए। यह जानकारी एर्णाकुलम जिला अधिकारियों ने दी। यह घटना कोच्चि तालुक के एलमकुन्नापुझा गांव के वलप्पु समुद्र तट की है। लापता व्यक्ति तमिलनाडु के कोयम्बटूर स्थित कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के छात्र हैं। अधिकारियों ने बताया कि तटीय पुलिस दल नजारक्कल पुलिस और वाइपिन फायर फोर्स की मदद से घटनास्थल पर खोज अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग की नौकाएं और भारतीय नौसेना का एक हेलीकॉप्टर भी इस अभियान में शामिल हो गया है।

### दुष्कर्म पीड़िता की मौत पर बिहार सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दुष्कर्म और क्रूर शारीरिक हमले की शिकार नौ वर्षीय लड़की की पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मृत्यु पर बिहार सरकार को नोटिस भेजा है। आयोग ने मेडिकल कॉलेज में उपचार में देरी के कारण हुई मौत का स्वतः संज्ञान लिया है और बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी से दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। अस्पताल पर आरोप है कि पीड़ित बच्ची का इलाज शुरू करने के लिए बिस्तर मिलने से पहले उसे कई घंटों तक एम्बुलेंस में ही इंतजार करना पड़ा था।

### पंजाब मंत्रिमंडल ने लैंड पूलिंग नीति को मंजूरी दी

**चंडीगढ़।** पंजाब मंत्रिमंडल ने सोमवार को लैंड पूलिंग नीति (जमीन इकट्ठा करने की नीति) को मंजूरी दे दी। कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि भूमि मालिकों से एक गज भी जमीन, जबरन अधिग्रहीत नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद अक्षय ऊर्जा मंत्री अरोड़ा ने विपक्षी दलों पर राज्य सरकार की 'लैंड पूलिंग नीति' के बारे में पिछले कई दिन से लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। अरोड़ा ने दावा किया कि इससे बेहतर लैंड पूलिंग नीति न केवल राज्य में बल्कि देश में भी नहीं है।


### दिल्ली में दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एनडीआर टीम ने पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके में अवैध रूप से रह रहे दो बंगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान मामून खान (30) और उसकी पत्नी माऊ खान (24) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ बंगलादेशी नागरिक अवैध रूप से मंडावली में रह रहे हैं। इस पर टीम ने जाल बिछाकर दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# कोरोना के केस बढ़कर हुए चार हजार

## पिछले 24 घंटे में चार की मौत, स्वास्थ्य मंत्रालय ने की भीड़ में मास्क पहनने की अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● केरल में सर्वाधिक 1435 कोरोना के सक्रिय मामले, 506 केसों के साथ महाराष्ट्र दूसरे नंबर पर

देशभर में कोराना संक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं, सोमवार सुबह तक कुल सक्रिय मामलों की संख्या 3961 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार मरीजों की मौत हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर आज सुबह साढ़े आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कुल 3961 सक्रिय मामले हैं। अभी तक 2188 मरीजों को स्वास्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 32 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 203 सक्रिय मामले सामने आये हैं और 370 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है लेकिन इस अवधि के दौरान चार लोगों की जान चली गई।

राष्ट्रीय राजधानी के अलावा महाराष्ट्र, तमिलनाडु और केरल में एक-एक मरीज की कोरोना से मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोविड संक्रमण की स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं और लोगों से भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का इस्तेमाल करने और कोरोना से सावधानी बरतने की जरूरत है।

कुल सक्रिय मामलों के सबसे अधिक 1435 केरल में और उसके बाद 506 महाराष्ट्र में हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 483 मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 338, पश्चिम बंगाल में 331, कर्नाटक में 253, तमिलनाडु में 189, उत्तर प्रदेश में 157, राजस्थान में 69, पुडुचेरी में 38, आंध्र प्रदेश में 30, हरियाणा में 28, मध्य प्रदेश में 23, गोवा में 10, झारखंड में 11, ओडिशा में 12, जम्मू-कश्मीर में नौ, छत्तीसगढ में सात, बिहार और असम में पांच-पांच, पंजाब में छह, सिक्किम में चार, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और तेलंगाना में तीन-तीन, मिजोरम में दो और चंडीगढ़ में कोरोना का एक सक्रिय मामला है।

### दिल्ली में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या 483 हुई

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार से कोविड-19 के 47 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 483 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। संक्रमण के चलते चार लोगों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय ने कहा कि एक पुरानी बीमारी से पीड़ित 22 वर्षीय युवती की कोरोना वायरस से संक्रमण के कारण मौत हो गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछले सप्ताह कहा था कि दिल्ली में कोविड के 19 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा था कि दिल्ली सरकार सतर्क है और अस्पताल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

### ओडिशाः पति को पेट्रोल डालकर जला दिया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के नयागढ़ जिले में पति की हत्या के आरोप में एक महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की पहचान नयागढ़ जिले के शिशिर साहू के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि शिशिर की पत्नी नमिता और पुत्र अभिषेक को गिरफ्तार किया गया है। किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद नमिता ने अभिषेक की मदद से शिशिर पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि दमकल कर्मियों की एक टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घर के अंदर से शिशिर का अधजला शव बरामद किया गया, इसके बाद पत्नी और पुत्र को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान मृतक की पत्नी और पुत्र ने अपराध कबूल कर लिया।

# ठग लाइफ की रिलीज से पहले कोर्ट पहुंचे कमल हासन

**बेंगलुरु, एजेंसी**

● कर्नाटक में फिल्म के लिए सुरक्षा और संरक्षण की मांग की

अभिनेता कमल हासन ने सोमवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राज्य में फिल्म 'ठग लाइफ' की सुचारू रिलीज सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा देने का अनुरोध किया है।

यह कदम कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) की हाल की घोषणा के जवाब में उठाया गया है, जिसमें उसने कहा था कि वह कर्नाटक में फिल्म के प्रदर्शन की अनुमति तब तक नहीं देगा, जब तक हासन अपने उस बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांग लेते, जिसमें उन्होंने कहा था कि कन्नड़ तमिल से विकसित हुई है।

कर्नाटक में फिल्म निर्माताओं, वितरकों-प्रदर्शकों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था केएफसीसी ने पांच जून को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म के बहिष्कार की घोषणा की है। चैंबर ने हासन की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि जब तक अभिनेता माफी नहीं मांगते, तब तक राज्य में फिल्म को प्रदर्शित नहीं होने दिया जाएगा। उसने दावा किया कि उसका रुख कर्नाटक के सांस्कृतिक गौरव और भाषाई विरासत की रक्षा के लिए है।

### राहत अभियान



भारी बारिश से अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों में लोग फंस गए हैं। आईटीबीपी के जवानों को उन्हें खाद्य वस्तुएं, दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने के लिए दुर्गम इलाकों से गुजरना पड़ रहा है। एजेंसी

### दोनों राकांपा में विलय पर कोई चर्चा नहीं: अनिल देशमुख

**नागपुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) नेता अनिल देशमुख ने शरद पवार और उनसे अलग हुए भतीजे अजित पवार के बीच हाल में हुई बैठकों के बाद दोनों की अगुवाई वाले दलों के विलय की अटकलों को तवज्जो नहीं देते हुए सोमवार को कहा कि दोनों गुटों के साथ आने पर कोई चर्चा नहीं हुई। राकांपा (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने हाल के दिनों में कई मौकों पर मुलाकात की है जिससे राजनीतिक हलकों में उनके फिर से एक होने की अटकलें तेज हो गईं। इस बारे में पूछे जाने पर देशमुख ने यहां संवाददाताओं से कहा, दोनों राकांपा के फिर से एक होने पर कोई चर्चा नहीं हुई है।

### तमिलनाडुः अन्ना विश्वविद्यालय यौन उत्पीड़न मामले में अभियुक्त को उम्रकैद

**चेन्नई।** चेन्नई की एक महिला अदालत ने पिछले साल दिसंबर में अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में अभियुक्त ज्ञानशेखरन को सोमवार को बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

महिला अदालत की न्यायाधीश एम. राजलक्ष्मी ने 28 मई को ज्ञानशेखरन को मामले में दोषी ठहराया था। अदालत ने उस पर कुल 90,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि बहुत कड़ी सज़ा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने अदालत को धन्यवाद दिया और फैसले का स्वागत किया। याद दिलाया कि हाल में सरकार ने यौन अपराधियों के लिए छूट को खारिज करते हुए संशोधन किए थे। मुख्यमंत्री का कहना था कि इस मामले में अदालत ने छूट की गुंजाइश के बिना सज़ा सुनाई और पुलिस विभाग की सराहना की।

# शीर्ष कोर्ट का असम में निर्वासन के विरुद्ध दायर याचिका पर विचार करने से इन्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने को कहा

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें आरोप लगाया गया है कि असम सरकार ने राष्ट्रीयता सत्यापन किए बिना या सभी कानूनी उपायों के समाप्त हुए बिना संदिग्ध विदेशी लोगों को हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिकाकर्ता को इस मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा। पीठ ने याचिकाकर्ता 'ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन' की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े से पूछा, आप गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं जा रहे हैं। हेगड़े ने कहा कि यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के एक आदेश पर आधारित है। पीठ ने कहा, कृपया गुवाहाटी हाईकोर्ट जाएं।

हेगड़े ने कहा कि याचिकाकर्ता हाईकोर्ट के समक्ष उचित कदम उठाने के लिए याचिका वापस लेंगे। पीठ ने उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। अधिवक्ता अदील अहमद के माध्यम से दायर याचिका में शीर्ष अदालत के चार फरवरी के आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें एक अलग याचिका पर विचार करते हुए असम को 63 घोषित विदेशी नागरिकों, जिनकी राष्ट्रीयता ज्ञात है, उनके निर्वासन की प्रक्रिया दो सप्ताह के भीतर शुरू करने का निर्देश दिया गया था।

### दिल्ली बार काउंसिल ने शर्मिष्ठा की तत्काल रिहाई की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली बार काउंसिल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में कथित टिप्पणियों के लिए कोलकाता पुलिस द्वारा गिरफ्तार 'इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर' शर्मिष्ठा पनोली की तत्काल रिहाई की सोमवार को मांग की। कोलकाता निवासी एवं पुणे के विधि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली शर्मिष्ठा को 30 मई देर रात हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें कोलकाता की एक अदालत में पेश किया गया, जिसने इन्फ्लूएंसर को 13 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। काउंसिल के चेयरमैन सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा, 'दिल्ली बार काउंसिल सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने को लेकर 22 वर्षीय विधि छात्रा शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी की घटना की कड़ी निंदा करती है। कुछ लोगों के आहत होने के बाद शर्मिष्ठा ने तुरंत वीडियो को डिलीट कर दिया था और माफी भी मांगी थी, इसके बावजूद उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# पेशेवर संस्थानों में घुसपैठ कर उन्हें बर्बाद कर रहा है संघ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● कांग्रेस ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद में गड़बड़ियों का लगाया आरोप

कांग्रेस ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) से जुड़ी कथित अनियमतताओं का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पेशेवर संस्थानों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की व्यवस्थित 'घुसपैठ' हो रही है और इन्हें बर्बाद किया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना (एबीआईएसवाई) नामक आरएसएस संगठन है। कांग्रेस के आरोपों पर फिलहाल आईसीएचआर और एबीआईएसवाई की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मई, 2014 के बाद से पेशेवर संस्थानों में आरएसएस की व्यवस्थित घुसपैठ हुई है और ऐसा एक उदाहरण भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद है।' उन्होंने आरोप लगाया, अब इन कार्यकर्ताओं पर केंद्रीय सतर्कता आयोग जैसी किसी संस्था द्वारा वित्तीय कदाचार का आरोप लगाया गया है। यह 14 करोड़ रुपये का घोटाला है, जो आईसीएचआर के लिए एक बड़ी रकम है। घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नामक आरएसएस संगठन है।





| औरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) |
|  |  |
| 759 रन | 25 विकेट |

**उच्चतम स्कोर**

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 717 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

**सर्वाधिक विकेट**

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 22 विकेट |
| 4. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

**एक पारी में उच्चतम स्कोर**

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

**सर्वाधिक छक्के**

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 39 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 38 छक्के |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

# 18 साल का इंतजार खत्म करने उतरेंगे बेंगलुरु-पंजाब

## सभी की निगाहें टेस्ट से संन्यास लेने वाले कोहली पर रहेंगी, पहले क्वालीफायर में पंजाब को हराकर आरसीबी ने किया है फाइनल में प्रवेश

**अहमदाबाद, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का 18 साल का इंतजार खत्म करना होगा। सभी की निगाहें टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक अपनी टीम को आईपीएल का चैंपियन नहीं बना पाए हैं।



रजत पाटीदार | श्रेयस अय्यर

आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन करने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने हजारों प्रशंसक नजर आ सकते हैं। आरसीबी ने अपनी पिछली समस्याओं को पीछे छोड़कर इस बार शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पहले क्वालीफायर में पंजाब को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और उनकी टीम अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होगी। कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। इस बार उन्हें अन्य खिलाड़ियों का भी अच्छा सहयोग मिला जिसने मुख्य अंतर पैदा किया। इस वर्ष कोहली अकेले ऐसे खिलाड़ी नहीं रहे हैं जिन पर सबका ध्यान केंद्रित रहा है, बल्कि उन्होंने चुपचाप आरसीबी को मजबूत करने का काम किया है।

फिल साल्ट ने भारतीय सुपरस्टार का अच्छा साथ देकर आरसीबी को अच्छी शुरुआत दिलाई, जबकि मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा बल्लेबाजी क्रम के भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। टिम डेविड चोटिल होने से आरसीबी के दो मैचों में नहीं खेल पाए इसलिए यह देखना बाकी है कि वह इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गेंदबाजी में शांत और धैर्यवान जोश हेजलवुड (21 विकेट) ने आरसीबी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है।

मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालीफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर 11 वर्षों के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। दस टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है।

प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अय्यर का साथ देने के लिए पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विपक्षी खेमे पर आक्रामक हमले भी कर सकते हैं। मार्को यानसन के बिना पंजाब की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिखी, लेकिन बल्लेबाजी के अनुकूल विकेट पर मुंबई इंडियंस को पूरी पारी में रोके रखने से पता चलता है कि उसका आक्रमण बहुत कमजोर नहीं है। युजवेंद्र चहल अब भी हाथ की चोट से जूझ रहे हैं और दूसरे क्वालीफायर में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे, लेकिन पंजाब को उनसे अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी।

पंजाब और मुंबई के बीच दूसरा क्वालीफायर बारिश से प्रभावित रहा था लेकिन फाइनल के दिन बारिश की कोई भविष्यवाणी नहीं है, लेकिन खेल समय में एक अतिरिक्त घंटा जोड़कर अवधि को 120 मिनट तक बढ़ाया गया है तथा फाइनल में एक रिजर्व दिन रखा गया है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लियाम लिविंगस्टोन, क्रुणाल पंड्या, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, मनोज भंडागे, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, सुयश शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी, यश दयाल.

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे, काइल जैमीसन।

**मैच शाम 7:30 बजे।**

### पंजाब किंग्स ने खुद को पहले स्थान पर रहने के लिए किया है तैयार : होप्स

**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल से पहले कहा कि उनकी टीम ने खुद को दूसरे या तीसरे स्थान पर रहने के लिए नहीं बल्कि पहले स्थान पर रहने के लिए तैयार किया है। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व वाली पंजाब किंग्स की टीम को पहले क्वालीफायर में आरसीबी से करारी हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उसने दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। होप्स ने कहा, हम पिछले कुछ महीनों से इस तरह से खेल रहे थे कि हम तीसरे स्थान पर न आएं। हम पहले स्थान पर आने का मौका चाहते थे और अब हमने खुद को वह मौका दे दिया है। साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में विराट कोहली के समर्थकों से निपटने के लिए भी उनकी टीम को तैयार रहना होगा।

## 30 सितंबर से शुरू आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप

**दुबई, एजेंसी**

महिला वनडे विश्व कप 2025 भारत-श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच खेला जाएगा जिसमे कोलंबो को तटस्थ अतिरिक्त स्थान के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था, लेकिन टूर्नामेंट के मैच अब बेंगलुरू, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान भारत नहीं आएगा और चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। भारत ने अपने मैच दुबई में खेले थे जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में हुए थे। आईसीसी ने कहा, यह टूर्नामेंट बेंगलुरू में 30 सितंबर से शुरू होगा। भारत में 12 साल बाद महिला क्रिकेट विश्व कप कराया जा रहा है। पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा जबकि दूसरा 30 अक्टूबर को बेंगलुरू में खेला जाएगा। फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरू या कोलंबो में होगा। मेजबान भारत के अलावा आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका इसमें भाग लेंगे।



## मैक्सवेल ने लिया वनडे क्रिकेट से संन्यास

**मेलबर्न, एजेंसी**

- भारत-श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप पर अब करेंगे ध्यान केंद्रित

आस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इस विस्फोटक बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 वनडे खेले।

मैक्सवेल ने वनडे में कुछ यादगार पारियां खेली, जिसमें वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ 128 गेंद पर खेली गई 201 रन की पारी भी है। उन्होंने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से कहा, मुझे लगा कि मेरा शरीर जिस तरह से परिस्थितियों के अनुकूल प्रतिक्रिया नहीं कर रहा था, उससे मैं टीम को थोड़ा निराश कर रहा था। मैंने (चयनसमिति के अध्यक्ष) जॉर्ज बेली के साथ अच्छी बातचीत की और उनसे पूछा कि आगे के बारे में उनके क्या विचार हैं। मैक्सवेल ने कहा, हमने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप पर चर्चा की। मैंने उनसे कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें सफल हो पाऊंगा। अब समय आ गया है कि आप अन्य खिलाड़ियों के लिए योजना बनानी शुरू करें। मैक्सवेल को हाल में उंगली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग को बीच में ही छोड़ना पड़ा था।

### क्लासेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**केपटाउन।** द. अफ्रीकी बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने काम और जिंदगी में संतुलन लाने और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग में भी अपनी प्राथमिकताएं तय करने की कवायद में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। 33 वर्ष के क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। अब उन्होंने सफेद गेंद के प्रारूप से भी विदा ले ली है। उन्होंने अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी-20 मैच खेलकर 2764 रन बनाए हैं। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरे लिए यह दुखद दिन है क्योंकि मैने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है।

## कार्लसन को हराकर गुकेश ने चुकता किया बदला

**नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट**

**स्टावेंजर, एजेंसी**

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर उनसे पहली बाजी में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। भारतीय खिलाड़ी की यह नार्वे के दिग्गज खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल शतरंज में पहली जीत है। रविवार की इस जीत से 19 वर्षीय गुकेश 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज कार्लसन और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से केवल एक अंक पीछे हैं।

NORWAY CHESS



डी गुकेश

प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी चीन के वेई यी के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत के बाद 7.5 अंकों के साथ हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इस टूर्नामेंट में लगभग सभी छह खिलाड़ियों के पास प्रतिष्ठित खिताब जीतने का मौका है। महिला वर्ग में आर वैशाली ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में कोनेरू हम्पी को हराया।

## अय्यर और पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**अहमदाबाद।** पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगा है। अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया क्योंकि आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का दूसरा अपराध था, जबकि पंड्या पर तीसरी बार अपराध करने के लिए 30 लाख का जुर्माना लगाया गया।

बयान अनुसार, पंजाब किंग्स का यह आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर गति से संबंधित अपराधों के तहत इस सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसमें कहा गया है, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर भी जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि यह आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का तीसरा अपराध था, इसलिए पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। पंजाब किंग्स की अंतिम एकादश में शामिल खिलाड़ियों पर छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना जबकि मुंबई इंडियंस के बाकी खिलाड़ियों 12 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

**सात्विक-चिराग करेंगे इंडोनेशिया बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का नेतृत्व**

## खिताब जीतने को बेकरार भारतीय

**जकार्ता, एजेंसी**

पूर्व चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 1,450,000 डॉलर राशि के इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का नेतृत्व करते हुए वापसी की लय जारी रखना चाहेगी। अभी सात्विक और चिराग की जोड़ी रैंकिंग में 27वें स्थान पर है लेकिन सिंगापुर के सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद उनके शीर्ष 20 के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

यह भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया ओपन में अपने अभियान की शुरूआत लियो रोली कार्नांडो और बागस मौलाना की इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ करेगी। सात्विक स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग पीठ की चोट के कारण पिछले कुछ सप्ताह से खेल से दूर थे।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस साल खराब प्रदर्शन के बाद अब इस टूर्नामेंट में आगे तक पहुंचने का लक्ष्य बनाएंगी। इंडोनेशिया के नए कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ सिंधू फिर से वही लय हासिल करने की कोशिश करेंगी। महिला एकल में अन्य खिलाड़ियों में अनुपमा उपाध्याय का सामना कोरिया की किम गा यून से, रक्षिता श्री रामराज का सामना थाईलैंड की सुपानिदा काटेथोंग से जबकि मालविका बंसोड़ का सामना इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा। पुरुष एकल में एचएस प्रणय इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से, लक्ष्य सेन चीन के शि यू की से भिड़ेंगे। किरण जॉर्ज लोह कीन यू से मुकाबला करेंगी। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद जापान की युकी फुकुशिमा और मायू मात्सुमोतो से भिड़ेंगी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो, रोहन कपूर और रुथविका गाडे शिवानी, सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ तथा असिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश की जोड़ियां होंगी।



## अल्काराज चौथे दौर में, एलिना भी आगे

**पेरिस, एजेंसी**

गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष एकल के तीसरे दौर में बेन शेल्टन को शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि महिला वर्ग में एलिना स्वितोलिना ने पिछले साल की उपविजेता जैस्मिन पाओलिनी को पराजित किया। दूसरे वरीय और चार बार ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज ने शेल्टन पर तीन घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (8), 6-3, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की। अब क्वार्टरफाइनल में अल्काराज का सामना अमेरिका के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल से होगा।



कार्लोस अल्काराज



एलिना स्वितोलिना

महिला वर्ग में 13वीं वरीय स्वितोलिना ने 2024 की उप विजेता पाओलिनी को 4-6, 7-6 (6), 6-1 से हराकर पांचवीं बार रोलां गैरां के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से होगा। स्वियातेक ने 2022 विम्बलडन चैंपियन एलिना रिबाकिना को 1-6, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। महिला वर्ग में अन्य क्वार्टरफाइनल में नंबर एक आर्यना सबालेंका का सामना झेंग किनवेन से होगा। सबालेंका ने अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 7-5, 6-3 से हराया जबकि 2024 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग ने लियूडमिला सैमसोनोवा को 7-6 (5), 1-6, 6-3 से मात दी।

## रूट के नाबाद शतक से इंग्लैंड ने जीती वेस्टइंडीज से श्रृंखला

- सात गेंद शेष रहते सात विकेट पर इंग्लैंड ने बनाएं 312 रन

**कार्डिफ।** जो रूट की नाबाद 166 रन की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को सोफिया गार्डन्स में दूसरे वनडे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज की टीम कीसी कार्टी के 103 रन तथा कप्तान शाई होप (78) और सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (59) के अर्धशतक के बावजूद 47.4 ओवर में 308 रन पर आउट हो गई, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने सात गेंद शेष रहते हुए सात विकेट पर 312 रन बनाकर जीत दर्ज की।

इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 133 रन था। रूट ने यहीं से विल जैक्स के साथ 121 गेंद पर 143 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। रूट ने 139 गेंदों की पारी में 21 चौके और दो छक्के लगाए। विल जैक्स ने 49 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। रूट अपनी पारी के दौरान इयोन मोर्गन को पछाड़कर इंग्लैंड के लिए वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। रूट के 7,082 रन हो गए हैं, जबकि मोर्गन के नाम पर 6,957 रन दर्ज हैं।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से 2-4 से हारी

**रोसारियो (अर्जेंटीना), एजेंसी**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में अपना अभियान मेजबान अर्जेंटीना से 2-4 से हार के साथ समाप्त किया। कनिका सिवाच (11वें और 45वें मिनट) ने प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत के लिए दो गोल दागे। खेल की शुरुआत तेज़ गति से हुई और पहले क्वार्टर में ही चार गोल हो गए। सोल गुइग्नेट गुनाजू ने पांचवें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके दो मिनट बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत ने 11वें मिनट में कनिका के गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने 13वें मिनट में गोल किया जिससे अर्जेंटीना ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। अर्जेंटीना की तरफ से चौथा गोल 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल ने किया।

### खेल डायरी

### शुक्ला का बीसीसीआई का कार्यवाहक अध्यक्ष बनना तय

**नई दिल्ली।** अनुभवी क्रिकेट प्रशासक राजीव शुक्ला अगले महीने रोजर बिन्नी के 70 वर्ष की आयु सीमा पूरी करने के बाद अंतरिम रूप से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष का पद संभालेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिन्नी ने 2022 में बोर्ड अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली की जगह ली थी। वह 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे और इस तरह से बीसीसीआई के किसी भी पदाधिकारी के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा को पार कर जाएंगे। 65 वर्षीय शुक्ला वर्तमान में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 2020 से इस पद पर हैं।

### श्रीलंका के अनुरोध पर महिला एमर्जिंग एशिया कप स्थगित

**लाहौर।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण 6 जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की। टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार के बाद लिया गया, जिन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था। एसीसी ने कहा कि सिल्वा ने श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है।

### डोपिंग उल्लघंन की वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर कायम

**नई दिल्ली।** एथलेटिक्स नैतिकता इकाई (एआईयू) ने खुलासा किया है कि डोपिंग उल्लघंन से प्रतिस्पर्धा करने में अयोग्य रहे ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों की ताजा वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर बरकरार है। एआईयू ने 31 मई को सूची जारी की है, जिसमें भारत के 128 एथलीट शामिल हैं और कीनिया (134) इसमें शीर्ष पर काबिज है। इस सूची में वो खिलाड़ी भी शामिल हैं जो राष्ट्रीय स्तर के मामलों और फैसलों से अयोग्य रहे। कई वर्षों से भारत सबसे अधिक डोपिंग मामलों वाले देशों में शामिल रहा है और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के शीर्ष अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर यही चलन जारी रहा तो देश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

### नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ समय निकाला

**नई दिल्ली।** ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इस खिलाड़ी ने सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1:48:66 सेकंड का समय निकालकर सजन प्रकाश के 2021 में निकाले गए 1:49.73 सेकंड के समय को पीछे छोड़ा। नटराज ने इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

## खाने के लिए संघर्ष



गाजा में दिन-प्रतिदिन हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। सोमवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में सामुदायिक रसोई में दान में भोजन पाने के लिए संघर्ष करते फलस्तीनी। एजेंसी

# ब्रिटेन ने कहा- आतंकवाद के खिलाफ वह भारत के साथ

## हिंद-प्रशांत मामलों की मंत्री कैथरीन ने भाजपा सांसद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के समक्ष जताया समर्थन

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की हिंद-प्रशांत मामलों की मंत्री कैथरीन वेस्ट ने सोमवार को लंदन में विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) में एक बैठक में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से कहा कि ब्रिटेन आतंकवाद से निपटने के भारत के प्रयासों में उसके साथ है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प का उल्लेख किया और कहा कि पूरी मानवता के हित में इसे खत्म किया जाना चाहिए।

कैथरीन वेस्ट ने ब्रिटेन की ओर से एक बार फिर अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए भारत के योगदान की सराहना की। बैठक के बाद सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में भारतीय उच्चायोग ने कहा, प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से अपने दम पर निपटने के भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आतंकवाद सभी देशों के लिए खतरा बना हुआ है और इसलिए दुनिया को पूरी मानवता के हित में इस संकट को मिटाने की जरूरत है। बयान में कहा गया है, मंत्री ने एक बार फिर भारत में हुए आतंकवादी हमलों की ब्रिटेन की ओर से निंदा की। उन्होंने वैश्विक रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता दी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता व वैश्विक आर्थिक विकास में योगदान पर बात की।



लंदन में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल।

### मलेशिया में प्रतिनिधिमंडल ने कहा पानी-खून साथ नहीं बह सकते

**कुआलालंपुर।** मलेशिया की यात्रा पर पहुंचे सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद को कतई बर्दाशत न करने की भारत की नीति पर जोर देते हुए कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। कुआलालंपुर स्थित भारतीय उच्चायोग ने ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मलेशिया में प्रधानमंत्री के विभाग (कानून एवं संस्थागत सुधार) में उप मंत्री वाईबी एम. कुला सेगरन के नेतृत्व वाली डेमोक्रेटिक एक्शन पार्टी और 'पार्टी केदिलन राक्यत इन मलेशिया' के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृष्टिकोण और राष्ट्रीय संकल्प से अवगत कराया।

## एक नजर

### त्रिनिदाद-टोबैगो में मनाया भारतीय आगमन दिवस

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय मिशन ने कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय प्रवासियों के पहले समूह के आगमन के 180 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय आगमन दिवस मनाया। रविवार को आयोजित यह कार्यक्रम उच्चायोग द्वारा 1845 में भारतीयों के पहले समूह के आगमन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया पहला ऐसा उत्सव है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, करीब 15 लाख की आबादी वाले कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय मूल के 5,48,279 व्यक्ति निवास करते हैं।

### गाजा: बच्चों और महिलाओं समेत 14 फलस्तीनी मारे गए

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइल द्वारा एक आवासीय इमारत पर किए गए हमले में 14 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला जबालिया शरणार्थी शिविर पर किया गया। शिफा और अल-अहली अस्पतालों ने इस हमले में मारे गए लोगों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि मरने वालों में पांच महिलाएं और सात बच्चे शामिल हैं।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के दो नागरिकों समेत नौ पर आरोप

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के दो नागरिकों समेत नौ लोगों पर सोमवार को जालसाजों को कथित तौर पर अपने बैंक खातों का इस्तेमाल करने की अनुमति देने के आरोप लगाए गए। द स्ट्रेट्स टाइम्स' की खबर के मुताबिक, आरोपियों में युवन थिरुमारन (24) और अमरजीत सिंह जुगिंदर सिंह (50) समेत छह पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं।

### जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** छह साल में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में आयोजित होने वाले आगामी जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने की संभावना नहीं है। मामले से परिचित लोगों ने सोमवार को यह बात कही। कनाडा 15 से 17 जून तक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जिसमें रूस-यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति सहित विश्व के सामने मौजूद चुनौतियों पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। ओटावा द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री को शिखर सम्मेलन के लिए अभी तक निमंत्रण नहीं भेजा गया है।

# अमेरिका के मॉल में आतंकी हमला

## कार्यक्रम के दौरान पेट्रोल बम फेंका, 8 जख्मी, फलस्तीन आजाद करो का नारे लगाए

बोल्डर (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका में फलस्तीन को आजाद करो का नारे लगाते हुए गाजा में इजराइली बंधकों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए जमा हुए समूह पर पेट्रोल बम फेंक दिया जिसमें आठ लोग जख्मी हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एफबीआई ने इसे आतंकी हमला बताया है। हमले को कथित रूप से अंजाम देने वाले संदिग्ध की पहचान 45 वर्षीय साबरी सोलिमन के तौर पर हुई है और एफबीआई हमले की जांच आतंकी कृत्य के तौर पर कर रहा है।

सोलिमन को हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि उसे अदालत में कब पेश किया जाएगा। यह हमला बोल्डर शहर के लोकप्रिय पर्ल स्ट्रीट पेडेस्ट्रेन मॉल में हुआ है। इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध की पृष्ठभूमि में यह घटना हुई। इस जंग ने वैश्विक तनाव को बढ़ा दिया है और इसकी वजह से अमेरिका में यहूदी विरोधी हिंसा में वृद्धि हुई है। हमला यहूदी पर्व शवोत की शुरुआत पर हुआ है। इस घटना से ठीक एक हफ्ते पहले वाशिंगटन में एक यहूदी संग्रहालय के बाहर फलस्तीन को आजाद करो के नारे लगाने वाले एक व्यक्ति पर इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वह, उनकी पत्नी और पूरा इजराइल कोलोराडो में हुए भयंकर आतंकवादी हमले में घायल लोगों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना कर रहा है। यह हमला शांतिपूर्ण लोगों के खिलाफ था जो हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करना चाहते थे, क्योंकि वे यहूदी थे।



बोल्डर में आतंकी हमले के बाद तैनात सुरक्षाबल।

### हमले पूरे देश में आम होते जा रहे : मिचलेक

एफबीआई के प्रभारी विशेष एजेंट मार्क मिचलेक ने कहा, इस तरह के हमले पूरे देश में आम होते जा रहे हैं। हिंसा करने वाले देश भर में लोगों को डरा रहे है। घायलों की उम्र 52 से 88 वर्ष के बीच है तथा कुछ लोग गंभीर जख्मी हुए हैं। यह हमला उस समय हुआ जब रन फॉर देयर लाइव्स नामक स्वयंसेवी समूह के लोग गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की ओर ध्यान आकर्षित करने के वास्ते अपना साप्ताहिक प्रदर्शन समाप्त कर रहे थे।

### वीडियो में में एक के बाद एक बम फेंकते दिखा आरोपी

घटनास्थल से प्राप्त वीडियो में एक प्रत्यक्षदर्शी चिल्लाता हुआ दिखाई दे रहा है, वह 'मोलोटोव कॉकटेल' (पेट्रोल बम) फेंक रहा है। वहीं, एक पुलिस अधिकारी अपनी बंदूक तानकर संदिग्ध व्यक्ति की ओर बढ़ रहा है, जिसने दोनों हाथों में कंटेनर पकड़ रखे हैं। सैन डिएगो के एलेक्स ओसांटे ने बताया कि वह मॉल के सामने एक रेस्तरां के बाहर दोपहर का भोजन कर रहे थे, तभी उन्होंने जमीन पर बोतल टूटने की आवाज सुनी, जिसके बाद एक 'धमाका' हुआ और उसके बाद लोगों के चीखने-चिल्लाने की आवाज आई। उसने फिर पेट्रोल बम फेंका, लेकिन इसे फेंकते समय वह गलती से आग की चपेट में आ गया।

### लॉस एंजिलिस काउंटी में गोलीबारी में एक अधिकारी की मौत, एक घायल

**अमेरिका।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस काउंटी में एक व्यक्ति के राइफल से गोलीबारी करने और एक घायल व्यक्ति के सड़क पर पड़े होने की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पहुंचे एक पुलिस अधिकारी की गोलीबारी में मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने कहा कि अधिकारी रविवार रात को जब घटनास्थल पहुंचे तो संदिग्ध ने उन पर गोलीबारी की। एक अधिकारी ने इसके जवाब में गोलियां चलाईं। लॉस एंजिलिस शेरिफ के कार्यालय ने बताया कि इस घटना में एक संदिग्ध घायल हो गया जिसे हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी की पहचान अभी नहीं हो पाई है और उसे अस्पताल ले जाया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों ने मारे गए अधिकारी की पहचान सैमुएल रिवेरोस के रूप में की है।

# भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं: मोदी

- प्रधानमंत्री ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं और दोनों के पास साइबर अपराध तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपार संभावनाएं हैं। मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में यह टिप्पणी की।

पालासियोस समग्र सहयोग बढ़ाने के तरीकों की खोज के लिए भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर सोमवार सुबह दिल्ली पहुंचे। यह उनकी पहली भारत यात्रा है, जबकि दक्षिण अमेरिकी देश के किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के लिए पराग्वे एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र की कई भारतीय कंपनियां पराग्वे में मौजूद हैं। मोदी ने कहा, हम डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, रेलवे, अंतरिक्ष और समग्र आर्थिक साझेदारी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नये अवसर देखते हैं। प्रधानमंत्री ने दक्षिण अमेरिकी व्यापार समूह मर्कोसुर के साथ भारत की तरजीही व्यापार व्यवस्था का भी उल्लेख किया। कहा, हम इसे आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। मर्कोसुर या दक्षिण का साझा बाजार अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे से मिलकर बना एक व्यापारिक समूह है। दोनों नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में आतंकवाद से निपटने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और पराग्वे एकजुट हैं।



पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

### पराग्वे को ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग

प्रधानमंत्री ने पराग्वे को ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा, भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी उम्मीदें, आकांक्षाएं और चुनौतियां समान हैं। और यही कारण है कि हम इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें खुशी है कि भारत कोविड महामारी के दौरान अपने टीके साझा करके पराग्वे को सहायता प्रदान कर सका। हम अपनी क्षमताओं को और अधिक साझा करके सहयोग की इस भावना को जारी रखने के लिए तत्पर हैं। भारत और पराग्वे के बीच 13 सितंबर 1961 को राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे।

# पुतिन कर रहे नए हमले की तैयारी

- जेलेंस्की से मैक्रों की मुलाकात के बाद अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने दी जानकारी


पेरिस, एजेंसी

अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में एक नए सैन्य हमले की तैयारी करते हुए शांति वार्ता में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो सप्ताह उस युद्ध के भविष्य को आकार दे सकते हैं जिसके कारण कई शहर पहले ही तबाह हो गये हैं और लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं।

रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात करने तथा रूस की बमबारी से तबाह हुए इलाकों का दौरा करने के बाद पेरिस में एसोसिएटेड प्रेस से बात की। पेरिस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वार्ता के लिए पहुंचे सीनेटरों ने चेतावनी दी कि नए हमले को रोकने का अवसर समाप्त हो रहा है।

### यूक्रेन-रूस ने तुर्किये में अगले दौर की शांति वार्ता शुरू की

**इस्तांबुल :** रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों ने दो सप्ताह में अपनी दूसरी प्रत्यक्ष शांति वार्ता सोमवार को तुर्किये में शुरू की। हालांकि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में इस वार्ता में किसी भी महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद कम है। यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव कर रहे हैं जबकि रूसी प्रतिनिधिमंडल पुतिन के करीबी सहयोगी व्लादिमीर मेदेंस्की के नेतृत्व में बैठक में शामिल हुआ। तुर्किये के विदेश मंत्री हकन फिदान ने शहर के सिरागन पैलेस में वार्ता की अध्यक्षता की तथा शुरुआती संबोधन दिया। दोनों देशों के अधिकारियों की हालिया टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि वे युद्ध को रोकने के लिए प्रमुख शर्तों के मामले में बहुत दूर हैं। इस बीच 1,000 किमी (620 मील) के अग्रिम मोर्चे पर भीषण लड़ाई जारी रही और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के क्षेत्र पर भीतर तक हमले किए। यूक्रेन ने कहा कि रविवार को यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में रूस के भीतर 40 से अधिक रूसी विमानों को नष्ट कर दिया गया, जबकि मॉस्को ने मिसाइलों और ड्रोन से यूक्रेन पर हमला किया।



## पाकिस्तान में मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन

**कराची।** सिंध प्रांत में हिंदू समुदाय के सदस्यों ने हैदराबाद शहर में एक ऐतिहासिक मंदिर की छह एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन कराची से 185 किमी दूर मूसा खातियान जिले के टांडो जाम कस्बे में रविवार को हुआ। हिंदू समुदाय की नेता सीतल मेघवार ने मीडिया से कहा, इन लोगों ने मूसा खातियान में शिव मंदिर शिवाला की जमीन पर पहले ही अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। महिलाओं व बच्चों सहित प्रदर्शनकारी पाकिस्तान दलित इत्तेहाद-पाकिस्तान द्रविड़ गठबंधन (पीडीआई) के आह्वान पर बाहर आए, जो हिंदू समुदाय के कल्याण और अधिकारों के लिए लड़ता है। अन्य नेता राम सुंदर ने कहा, मंदिर हमारे लिए पवित्र है और इन बिल्डरों ने समुदाय के श्मशान घाट सहित मंदिर के आसपास की जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया है।

# नकल पर उतारू पाकिस्तान, अपने सांसदों के दल को भी भेजा विदेश

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने भारत के साथ हालिया संघर्ष के बाद अंतर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करने के लिए अपने वैश्विक कूटनीतिक प्रयास का ब्योरा जारी किया और दोनों देशों के बीच समस्याओं से निपटने के लिए बातचीत के महत्व पर प्रकाश डाला। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान ने कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिये दो प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग दिशाओं में भेजे हैं।

यह कदम भारत द्वारा पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद अपने कूटनीतिक संपर्क के तहत 33 वैश्विक राजधानियों में सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के बाद उठाया गया है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गये थे। विदेश कार्यालय ने कहा, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निर्देश पर एक उच्च-स्तरीय बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार से न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, लंदन और ब्रसेल्स का दौरा कर रहा है।

### पाकिस्तान को क्षेत्रीय अस्थिरता के स्रोत के रूप में दर्शाना वास्तविकता से दूर

**इस्लामाबाद।** विदेश कार्यालय (एफओ) ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान को क्षेत्रीय अस्थिरता के स्रोत के रूप में चित्रित करने का कोई भी प्रयास वास्तविकता से अलग है। एफओ आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की भारतीय नेतृत्व द्वारा की गई आलोचना का जवाब दे रहा था। प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित भारतीय नेताओं ने हाल के दिनों में सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल और 3 कोड़े मारने की सजा

**सिंगापुर।** यहां की एक अदालत ने 16 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न करने, इस कृत्य का वीडियो बनाने और उससे जबरन धन वसूली के मामले में भारतीय मूल के सिंगापुर के एक नागरिक को तीन साल से अधिक की जेल और तीन कोड़े मारने की सजा सुनाई है। 27 वर्षीय मार्क जस्टिन लैंड्रियो चंद्रमोहन की सजा शुक्रवार से शुरू होगी क्योंकि उसे अपना कर्जा चुकाने के लिए कुछ समय दिया गया है। पीड़िता 'शुगर डैडी' व्यवस्था से पीछे हट गई थी जिसके बाद चंद्रमोहन ने उस पर दबाव बनाया। शुगर डैडी' शब्द का प्रयोग आमतौर पर एक वृद्ध, धनी व्यक्ति के लिए किया जाता है जो किसी कम उम्र की महिला या व्यक्ति से संबंध रखने, यौन संबंध के बदले में वित्तीय या भौतिक सहायता प्रदान करता है।

## फलस्तीन के पक्ष में भाषण के बाद भारतीय-अमेरिकी छात्रा दीक्षांत समारोह में भाग लेने से प्रतिबंधित

न्यूयॉर्क, एजेंसी

मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में पढ़ाई कर रही एक भारतीय-अमेरिकी छात्रा को गाजा में जारी युद्ध की निंदा करने वाला भाषण देने के बाद दीक्षांत समारोह में शामिल होने से रोक दिया गया। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। छात्रा मेघा वेमुरी का नाम गाजा में जारी युद्ध का विरोध करने के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने वाले छात्रों की सूची में नवीनतम है।

वेमुरी ने बताया कि उसके भाषण के बाद विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उसे बताया कि उसे शुक्रवार को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं है तथा कार्यक्रम समाप्त होने तक उसे परिसर में भी आने की अनुमति नहीं है। स्कूल के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, एमआईटी स्वतंत्र अभिव्यक्ति का समर्थन करता है लेकिन वह अपने उस निर्णय पर कायम है, जो उस छात्रा के जानबूझकर और बार-बार समारोह के आयोजकों को गुमराह करने और मंच से विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के जवाब में लिया गया है।

**सहयोग** भारत का रक्षा कवच होगा और मजबूत, रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने दी जानकारी

# रूस 2026 तक देगा बाकी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस 2025-2026 तक भारत को एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की बाकी इकाइयां देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने सोमवार को यह जानकारी दी। बाबुश्किन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष में एस-400 मिसाइल प्रणाली ने बेहद प्रभावी ढंग से काम किया।

बाबुश्किन ने वायु रक्षा और ड्रोन रोधी प्रणालियों के क्षेत्र में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के संकेत भी दिए। उन्होंने कहा, हमने सुना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष के दौरान एस-400 ने बहुत ही प्रभावी ढंग से काम किया। हमारे बीच सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। यूरोप और यहां की स्थिति के मद्देनजर, हम महसूस कर रहे हैं कि वायु रक्षा प्रणाली सामान्य रूप से रक्षा तैयारी में हमारी साझेदारी के सबसे आशाजनक पहलुओं में से एक है। बाबुश्किन ने इस बात की पुष्टि की कि बाकी दो एस-400 इकाइयों के लिए अनुबंध प्रगति पर है और इनकी आपूर्ति सार्वजनिक रूप से घोषित समयसीमा के अनुरूप 2025-26 तक पूरी होने की उम्मीद है। भारत ने 2018 में रूस के साथ एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली के पांच स्क्वाड्रन के लिए 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर का सौदा किया था। यह एक अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणाली है।



### रूसी राजदूत ने कहा- उनका देश कई वर्षों से खतरे का कर रहे सामना

उन्होंने कहा, हम वायु रक्षा प्रणालियों पर वार्ता को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए इस साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। बाबुश्किन ने मौजूदा वैश्विक सुरक्षा परिवेश में इस तरह के सहयोग के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। ड्रोन के बढ़ते खतरे का जिक्र करते हुए, खास तौर पर भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान उनके व्यापक इस्तेमाल के मद्देनजर, बाबुश्किन ने ऐसी चुनौतियों का मुकाबला करने में रूस के अनुभव को रेखांकित किया। बाबुश्किन ने कहा, हम कई वर्षों से इस खतरे का सामना कर रहे हैं और मुझे लगता है कि हमारी प्रणालियों का लगातार आधुनिकीकरण किया जा रहा है। मुझे लगता है कि यह दोनों पक्षों के साझा हित में होगा कि इस खतरे का मुकाबला कैसे किया जाए और कुछ अन्य सहयोग कायम किए जाएं।" उन्होंने कहा कि ड्रोन रोधी प्रणालियां पहले से जारी भारत-रूस रक्षा वार्ता में शामिल हैं। बाबुश्किन ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की संभावित भारत यात्रा के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, सटीक तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन यह किसी भी समय हो सकती है। हम इसके (यात्रा के) इसी महीने होने की उम्मीद कर रहे हैं।

## पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रूढ़िवादी करोल की जीत

- नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हुए हासिल



**वारसॉ (पोलैंड)।** पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रुढ़िवादी नेता करोल नवरोकी ने जीत हासिल कर ली है। सोमवार को मतगणना के अंतिम आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसॉ के मेयर रफाल त्राज्स्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले।

इस चुनावी मुकाबले में उदारवादी यूरोपीय संघ समर्थक त्राज्स्कोव्स्की का मुकाबला दक्षिणपंथी लॉ एंड जस्टिस पार्टी द्वारा समर्थित रूढ़िवादी इतिहासकार करोल नवरोकी से था। करीबी मुकाबले पर दो सप्ताह पहले शुरू हुए चुनाव के पहले दौर से लेकर सोमवार की सुबह तक देश की नजर रही और इससे स्पष्ट हुआ कि इस देश में गहरे मतभेद मौजूद हैं। प्रारंभिक एग्जिट पोल में त्राज्स्कोव्स्की जीत की ओर अग्रसर दिखाने के कुछ घंटे बाद नतीजों ने तस्वीर उलट दी।